

दैनिक
हिन्दी समाचार पत्र
# बुलन्द संदेश
R.N.I No.UPHIN /2013/57267
आपकी आवाज को करें बुलन्द...
केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



11 ▶ मौनी रॉय ने जताई डांस आधारित फिल्म ...
9 दिन में दूसरी बार पीएम मोदी का... ◀ 12

गाजियाबाद, बुधवार 18 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 286, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अमृतसरः गिरफ्तार युवकों के साथियों ने किया विस्फोट, पुलिस स्टेशन के पास धमाके पर बोले पुलिस कमिश्नर


**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब के अमृतसर में मंगलवार तडके करीब 3 बजे इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन के पास तेज धमाके की आवाज से इलाके में सनसनी फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर लोगों की नींद खुल गई। धमाके के समय पुलिस थाने में भी कई पुलिस कर्मी मौजूद थे। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।
धमाके की खबर मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में



हडकंप मच गया। आनन-फानन में जांच टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस का आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जायजा ले रहे हैं। अमृतसर पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि थाने के बाहर आवाज आई। हम अभी जांच कर कर रहे है। हमने कुछ दिन पहले ही एक मामले में कुछ युवक गिरफ्तार किए थे कि और कुछ युवकों की गिरफ्तारी होनी बाकी है, क्योंकि इस मामले में काफी युवक गिरफ्तार हुए थे तो वह अपनी मौजूदगी एहसास करवाने के लिए कुछ कर रहे है। जो युवक फरार हैं, उनको जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।
एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाके की खबर मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हम जल्दी ही निष्कर्ष पर पहुंच जाएंगे। स्थानीय निवासी पवन कुमार ने बताया कि रात में करीब 3.15 बजे बड़े ही तेज धमाके की आवाज आई। धमाका इतनी तेज था कि इसे सुनकर सारे लोग घबरा गए। धमाका जबरदस्त था। लेकिन शुरूआत में यह नहीं पता चल सका कि यह बम जैसी आवाज कहां से आई। उसके बाद लोग अपने-अपने घर चले गए। लेकिन, लोगों में जबरदस्त दहशत फैल गई। इसके बाद किसी व्यक्ति ने कहा कि इस्लामाबाद थाने में हमला हो रहा है। तो हम लोगों ने कहा कि यह हमला जैसा तो नहीं लग रहा है क्योंकि आवाज कुछ समय के लिए आई, फिर बंद हो गई। फिर हम लोगों को लगा कि कहीं बम तो नहीं फटा है। हम लोगों को अभी तक नहीं पता है कि यह हमला क्यों हुआ है।

### यूपी सरकार का बजट पूरे विकास पर होगा फोकसः सुरेश खन्ना


**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट 17 दिसंबर मंगलवार को विधानसभा में प्रस्तुत करेगी। इसके पहले वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बजट पूरे विकास पर फोकस होगा।
योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों



से कहा कि राजस्व सरप्लस राज्य है। योगी सरकार ने हर स्तर पर वित्तीय अनुशासन मेंटेन किया है। जहां जैसी जरूरत होती उसके अनुसार खर्च होता है। विकास एजेंडा हमारे सामने है। बड़े स्तर पर विकास का पहिया घूम रहा है। अनुपूरक बजट तो आना ही है। कुंभ तो शामिल ही है। कुंभ दुनिया का सबसे बड़ा इवेंट है। युनेस्को ने इसे मानवता की मूर्ति धरोहर बताया है। बजट पूरे विकास पर रहेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कहा कि विपक्ष का काम विरोध करना है। सरकार का विकास करना है। विकास का काम विरोध की वजह से रुकेगा नहीं। आज अनुपूरक बजट आ रहा है इसके बाद विकास की गति और बढ़ेगी। उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन आज संसद के पटल पर रखा जाएगा। इसका स्वागत होना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में यह मसौदा तैयार हुआ है। कैबिनेट ने पास किया है। आज यह ससंद पटल पर रखा जाएगा। इसका पूरा हिंदुस्तान स्वागत कर रहा है। सपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसके विरोध का मतलब बेमतलब है।
यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र पर मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि विकास के लिए धन की जरूरत है।

## उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 1.56 लाख पुलिस कर्मियों की हो चुकी भर्तीः सीएम योगी

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डबल इंजन सरकार में यूपी की बदली पहचान से सदन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार में उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 1.56 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती अब तक पूरी हो चुकी है। वे सभी कार्य कर रहे हैं, इसमें 22,700 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। बालिकाओं को भी पुलिस बल में मौका दिया गया है, उनके लिए 20 प्रतिशत पद आरक्षित करते हुए भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है।
उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हमारी सरकार ने 60,200 से अधिक पुलिस की भर्ती प्रक्रिया को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया है। प्रदेश के अंदर हर जनपद के युवा इस भर्ती में आए हैं। हमारी सरकार ने सात-साढ़े सात वर्ष में सिंचाई, वन, स्वास्थ्य समेत अन्य विभागों में लगभग 7 लाख के करीब भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया है। भर्ती की प्रक्रिया पारदर्शिता और ईमानदारी से हुई है, इस पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता है।
सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की स्थिति क्या थी। कौन नहीं जानता कि क्या होता था। आप लोग भूल गए, जब 86 एसडीएम पद में से 56 एक ही जाति विशेष के लोग भर दिए गए। दूसरा, वही प्रयागराज है, जहां पब्लिक सर्विस कमीशन के कार्यालय में महीनों तक यूपी के नौजवानों ने धरना दिया था। एक अयोग्य व्यक्ति, उस पद के लिए उपयुक्त नहीं था, जिसकी डिग्री फर्जी थी, उसे आयोग का अध्यक्ष बनाकर पूरे कमीशन और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया था। उस समय कैसे-कैसे लोग अध्यक्ष बनाए गए थे, जो स्वयं एक लेक्चरर होने के एलिजिबिल नहीं थे। हाईस्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन थर्ड डिवीजन, पीएचडी की डिग्री भी फर्जी, वह व्यक्ति उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष बन गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए रिफॉर्म किए जाते हैं। आयोगों और बोर्डों को इसका पूरा अधिकार होता है। प्रक्रिया ईमानदारी से पूरी होनी चाहिए। पब्लिक सर्विस कमीशन, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और शिक्षा आयोग भी उसके लिए अधिकृत होते हैं। वे इस प्रक्रिया को कर सकते हैं। जब भी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए जरूरत होती है, वे इस प्रकार के कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। उनकी शुचिता और पारदर्शिता पर कोई प्रश्न नहीं उठा सकता। इसीलिए, इन युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए



मैं और मेरे मंत्रिमंडल के सदस्यगण जाते हैं। जनप्रतिनिधियों से भी कहते हैं कि वो जिले-जिले में जाकर नियुक्ति पत्र वितरण में योगदान दें। हर नौजवान इसके लिए खुश होता है कि सिफारिश किए बगैर न सिर्फ हमारी नियुक्ति हुई, बल्कि हमें नियुक्ति पत्र भी प्राप्त हो रहा है। यह हमारे लिए जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति इसीलिए है, क्योंकि यूपी में अधिक से अधिक निवेश आए। ये 40 लाख करोड़ रुपए का जो निवेश है, यह उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 25 लाख से अधिक नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी की गारंटी दे रहा है। इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को हम धरातल पर उतार चुके हैं और 10 लाख करोड़ पाइपलाइन में हैं, जिसे हम कभी भी ग्राउंड ब्रेकिंग कर-के आगे बढ़ा सकते हैं। यहां सुरक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था और दंगा मुक्त प्रदेश का वातावरण बना है। इस कारण देश और दुनिया का हर निवेशक प्रदेश में आना चाहता है। इसी का परिणाम है कि 2012-17 के बीच में प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 फीसदी से अधिक थी और आज यह 2.4 है। यह चीजें दिखाती हैं कि सरकार के कदम अच्छी दिशा में आगे बढ़े हैं। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए भी मेले लगाए हैं। स्किल डेवलपमेंट, पीएम विश्वकर्मा, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से जगह-जगह रोजगार मेले लग रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज के दिन जब रिजर्व बैंक अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करता है तो उसकी रिपोर्ट कहती है कि भारत के अंदर उत्तर प्रदेश का बैंकों से लेनदेन सर्वाधिक है। जब हम लोग आए थे तब सीडी रेशियो 44 के आसपास था और आज यह 60 फीसदी है। यह दिखाता है कि यदि 100 रुपए जमा हो रहा है तो 60 रुपये यूपी के अंदर ही यहां के नौजवानों, बेरोजगारों और यूपी के ही व्यवसायियों को राज्य के अंदर रोजगार सृजन करने, यूपी में नए रोजगार को बढ़ाने में मदद करता है। हम मानते हैं कि इसको 75 फीसदी होना चाहिए था, लेकिन हमको विरासत में क्या मिला था।

## सांसद विजय कुमार ने बेरोजगारी संकट को लेकर दिया स्थगन प्रस्ताव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कन्याकुमारी लोकसभा सांसद विजय कुमार उर्फ विजय वसंत ने सीएमआईई और पीएलएफएस डेटा का हवाला देते हुए भारत के गहराते बेरोजगारी संकट पर चर्चा करने के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। डेटा सितंबर 2024 में बेरोजगारी दर 7.8त्न दिखाता है। वहीं जुलाई 2023 से जून 2024 के बीच रोजगार में पर्याप्त सुधार देखने को मिला है।
विजय वसंत ने स्थगन प्रस्ताव में नौकरी के बिना रह गए प्रशिक्षित रेलवे प्रशिक्षुओं की दुर्दशा, कैडर आवंटन की प्रतीक्षा कर रहे 125 से अधिक यूपीएससी-योग्य उम्मीदवारों और निजीकरण और नीतिगत बदलावों के प्रभाव के कारण एलआईसी, डाक सेवाओं और प्रमुख सार्वजनिक संस्थानों में नौकरी छूटने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। विजय वसंत ने स्थिर रोजगार, तत्काल नौकरी पोस्टिंग और मजबूत रोजगार सृजन योजनाओं की आवश्यकता पर बल देते हुए सरकार से इन चिंताओं को तत्काल संबोधित करने का आग्रह किया। बेरोजगारी को राष्ट्रीय आपातकाल बताते हुए सांसद ने आजीविका की रक्षा, आर्थिक



स्थिरता बहाल करने और रोजगार सृजन के वादों को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। मंगलवार के लिए लोकसभा के सूचीबद्ध एजेंडे में एक साथ चुनावों से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शामिल है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस महीने की शुरूआत में वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक को मंजूरी दी थी। भाजपा और उसके सहयोगी विधेयक के समर्थन में हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सितंबर में एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे थे।
यह बिल पूरे देश में एक चुनाव का मार्ग प्रशस्त करता है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अब विधेयक (बिल) पर आम सहमति बनाना चाहती है। सरकार इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल सितंबर में चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के कार्यान्वयन को मंजूरी दी थी।

## सीएम फडणवीस की नागपुर रैली में लुटेरों की हो गई मौज, भीड़ में से 26 लाख के गहने चोरी, 11 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस पहली बार नागपुर पहुंचे। उनके स्वागत में कार्यकताओं ने भव्य रैली का आयोजन किया था। एयरपोर्ट से लक्ष्मी नगर चौक तक जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान लुटेरों की मौज हो गई।



**33 लोगों के लूटे गए 26 लाख के गहने**

सीएम फडणवीस की रैली में चेन स्नेचिंग और गहने- जेवरात जमकर लूटे गए। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने लूट-पाट और चेन स्नेचिंग गिरोह के 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने 33 लोगों के लगभग 26 लाख रुपए के गहने चोरी कर लिए।

**11 आरोपी गिरफ्तार**

इस मामले में बजाज नगर पुलिस में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उनका एक साथी फरार है। 7 आरोपियों को कार्यकताओं ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सभी आरोपियों को 19 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

**दूसरे जिलों से आए थे लुटेरे**

पुलिस ने बताया कि आरोपियों का एक गिरोह नागपुर में 1 दिन पहले ही अहमदनगर, जलाना और यवतमाल से आया था। यहां सीएम रैली में शामिल हुआ था। सभी आरोपी हवाई अड्डे से रैली में शामिल हुए थे।गिरोह ने हवाई अड्डे से सोने गांव पुलिस थाने से प्रताप नगर और बजाज नगर थाने क्षेत्र तक करीब 33 लोगों के गहने चुराए हैं।

## ड्रग क्वीन पूनम को 15 साल की सजा, साथी संदीप को 10 साल की कैद

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** ड्रग तस्करी के मामले में चर्चित ड्रग क्वीन सैक्टर-40 निवासी पूनम (39) और उसके साथी गौतम कालोनी, जेके फार्म हाउस नरेला, दिल्ली निवासी संदीप खत्री (42) को जिला अदालत ने दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है। पूनम को 15 साल कैद और 1.5 लाख जुमार्ना, जबकि संदीप को 10 साल कैद और 1 लाख जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। पूनम पर यह पहला मामला नहीं है। वह पहले भी ड्रग तस्करी के आरोप में जेल जा चुकी है। 2022 में डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने उसे इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के पास से गिरफ्तार किया था। उसके पास से 610.1 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 2.70 करोड़ आंकी गई थी। डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने 2022 में गणतंत्र दिवस और पंजाब चुनावों के मद्देनजर इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में पंजाब रोडवेज के पास नाकाबंदी की थी।



दोपहर करीब 1:25 बजे, एक सफेद-नीली स्विफ्ट डिजायर (डीएल-8सी-एयू-2492) पुलिस चेक पोस्ट के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही ड्राइवर ने गाड़ी बैक करने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी बंद हो गई। गाड़ी के ड्राइवर ने अपना नाम संदीप खत्री और साथ बैठी महिला ने अपना नाम पूनम बताया। दोनों के पास छोटे पॉलिथीन बैग थे। जब उनकी तलाशी ली गई, तो पूनम के बैग से 404.2 ग्राम और संदीप के बैग से 205.9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

## अब नए हैंडबैग के साथ संसद पहुंची प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की एक तस्वीर सामने आई है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रियंका गांधी मंगलवार को एक हैंडबैग लेकर पहुंचीं, जिसमें लिखा है, बांग्लादेश

**इस बार बांग्लादेशी हिंदुओं की बात**

के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों। इस बैग पर एकता को दशार्ती मुी और शांति दूत कबूतर बने हैं।
केरल की वायनाड सीट से सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की थी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने शून्यकाल के दौरान बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो अत्याचार हो रहा है, सरकार को उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, बांग्लादेश सरकार से बातचीत करनी चाहिए और पीड़ितों को पूरा समर्थन देना चाहिए।
दूसरा दिन है जब प्रियंका गांधी खास संदेश से बना बैग लेकर पहुंची हैं। एक दिन पहले वो फिलिस्तीन के




समर्थन वाला हैंडबैग लेकर पहुंची थीं। जिसमें उनका फिलिस्तीन प्रेम दिखाई दिया था। संसद के शीतकालीन के दौरान प्रियंका गांधी सोमवार को एक बैग लेकर पहुंचीं, जिसमें 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ था। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बैग के जरिए सीधा मैसेज दिया है कि वह फिलिस्तीन के सपोर्ट में खड़ी हैं। इसे लेकर उन्हें काफी आलोचना भी झेलनी पड़ी थी।
हालांकि यह पहली बार नहीं है जब प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का समर्थन किया हो। इससे पहले वह फिलिस्तीन के पक्ष में कई बार आवाज उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं प्रियंका गांधी ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के साथ खड़े होने की वकालत भी की थी। वहीं बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद परिसर के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विपक्ष ने जमकर नारेबाजी की और भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की।

**चेतावनी** अभिनेत्री ने मुकेश खन्ना को चेतावनी भी दी और कहा कि मेरे बारे में ऐसे बयान सोच-समझकर दें

## परवरिश पर उठे सवाल तो भडकीं सोनाक्षी, रामायण का जिक्र कर मुकेश खन्ना को दी चेतावनी

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉलीवुड की दबंग सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर उनकी परवरिश पर सवाल उठाने वाले शक्तिमान मुकेश खन्ना को जमकर खरीखोटी सुनाई। रामायण का जिक्र करते हुए अभिनेत्री ने मुकेश खन्ना को चेतावनी भी दी और कहा कि मेरे बारे में ऐसे बयान सोच-समझकर दें।
बरसों पहले रामायण से जुड़े सवालों के जवाब न देने पर ट्रोल हुई अभिनेत्री का मामला एक बार फिर से सुर्खियों में छाया है। हालांकि, इस बार अभिनेत्री ने जवाब देना मुनासिब समझा और इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक नोट साझा कर लिखा, प्रिय मुकेश खन्ना सर जी, मैंने हाल ही में आपका



एक बयान पढ़ा था। आपने, एक शो में रामायण के बारे में पूछे गए प्रश्न का सही उत्तर न देने पर इसे मेरे पिता की गलती बताई थी और मेरी परवरिश पर सवाल उठाए थे।
मैं सबसे पहले आपको याद दिला दूं कि उस दिन हॉट सीट पर मेरे साथ दो और महिलाएं थीं, जिन्हें उसी प्रश्न का उत्तर नहीं पता था, लेकिन आपने केवल मेरा नाम लिया, जिसकी वजह स्पष्ट है। हां, मैं उस दिन को भूल गई और यह एक मानवीय प्रवृत्ति है। मैं भूल गई कि संजीवनी बूटी किसके लिए लाई गई थी, लेकिन स्पष्ट रूप से आप भगवान राम द्वारा सिखाए गए क्षमा और भूल जाने के कुछ पाठ भी भूल गए।
अगर भगवान राम मंथरा को माफ कर सकते हैं, अगर वह कैकेयी को माफ कर सकते हैं। अगर वह महान युद्ध के बाद रावण को भी माफ कर सकते हैं, तो निश्चित रूप से आप इस छोटी सी बात को कैसे भूल सकते हैं। ऐसा नहीं है कि मुझे आपकी माफी चाहिए। लेकिन हां, मैं चाहती हूं कि आप इन बातों को भूल जाएं और एक ही घटना को बार-बार उठाना बंद करें ताकि मैं और मेरा परिवार इन बातों को लेकर खबरों में आना बंद करे।
चेतावनी देते हुए अभिनेत्री ने लिखा, अगली बार जब भी आप मेरे पिता द्वारा की गई मेरी परवरिश के बारे में कुछ भी कहने के बारे में सोचें तो याद रखें कि उन मूल्यों के कारण ही मैंने अपनी बात को सॉफ्ट तरीके से सम्मान पूर्वक कहा। इसके बाद आपने मेरे मूल्यों को लेकर कुछ बेबुनियाद बयान देने का फैसला किया तो मुझे कठोर होना पड़ेगा।
दरअसल, मामला साल 2019 का है, जब अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में सोनाक्षी से पूछा गया था कि भगवान हनुमान संजीवनी बूटी किसके लिए लाए थे। इस प्रश्न का जवाब सोनाक्षी नहीं दे पाई थीं।
हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मुकेश खन्ना ने सोनाक्षी को लेकर बात की और इस बात पर नाराजगी जाहिर की थी कि सोनाक्षी को इतना भी नहीं पता था कि बूटी कौन लेकर आया था? उन्होंने कहा था, मैं कहूंगा कि यह उनकी नहीं बल्कि उनके पिता की गलती है। उन्होंने अपने बच्चों को यह क्यों नहीं सिखाया? अगर मैं आज शक्तिमान होता तो मैं बच्चों को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के बारे में जानकारी देता और उन्हें सही चीजें सिखाता।

# बच्चों के विवाद में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर कराई रिपोर्ट दर्ज पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर** । अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खुसरूपुर में बच्चों के विवाद में गाली गलौज जान से मारने की धमकी को लेकर पीड़ित ओमवीर सिंह पुत्र कुमर पाल सिंह ने तीन लोगों के खिलाफ दी थाने में तहरीर वही दूसरे पक्ष जुनैद ने भी चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक हेम सिंह सैनी ने बताया है कि एक पक्ष ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है और दूसरे पक्ष ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।उक्त प्रकरण की पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

**गाली गलौज जान से मारने की धमकी को लेकर दोनों पक्षों ने थाने में दी तहरीर रिपोर्ट दर्ज**

# फड़-ठेली वालों से किराया वसूल रहे स्थायी दूकानदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)**। नगर में अवैध वसूली का राज वेखौफ चल रहा है। इस वसूली में गरीब पीस रहे हैं। सड़क किनारे फुटपाथ की जमीन पर हर महीने या रोजाना के हिसाव से किराये पर उठाई गई है। स्थायी दूकानदार इनसे वसूली कर रहे हैं। इस वसूली में जिम्मेदार अधिकारीयों की भी मौन स्वीकृति शामिल है। सारे नगर में प्रमुख बाजार ऐसे हैं जहां अवैध वसूली का खेल नही चल रहा हो। सब्जी मण्डी के अलाबा पुख्ता बाजार, अहार बाईपास, पैंठ तिराहा, लाल कुआँ, अनूपशहर बस अड्डा, भईपूर दोराहा आदि मार्गों पर सरकारी फुटपाथ और सड़क का भी किराया वसूल किया जा रहा है। लेकिन यह किराया सरकार की जेब तक नहीं पहुंचता है। अधिकांश स्थानों पर पक्की दूकान वाले व्यक्ति अपनी दूकान के आगे कोई फड़ लगाने या ठेला खड़ा कराने के लिए संबन्धित छोटे व्यापारी से 100 से 200रू0 प्रतिदिन बसूलते हैं। जबकि सबसे अधिक घांघली सब्जी मण्डी में चल रही है। दूकानों से यह बसूली रोज हजारों में होती है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार जानते नहीं है। पुलिस हो या नगर पालिका परिषद सबको सब कुछ मालूम न हो। जिसके चलते वे इन्हें सड़क और फुटपाथ से हटाने में कोई दिलचस्पी नही लेते हैं। इस बाबत ई0ओ0 नगरपालिका मणी सैनी जी का कहना है कि समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। भविष्य में भी इस पर बड़ी कार्यवाही शुरू की जायेगी।

# नगर पंचायत ने पहासू में चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पहासू**। पहासू में बढ़ते अतिक्रमण के चलते नगर नगर पंचायत की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क के दोनों ओर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। पहासू कस्बे में गुल्लक बाजार से शुरू होकर पीला पंजा शिकारपुर रोड, अलीगढ़ अड्डा, खुर्जा रोड पर पहुंचा। नगर पंचायत कर्मी माइक पर लोगों को अपने अवैध निर्माण हटाने की चेतावनी दे रहे थे। पहासू की सड़कें अतिक्रमण होने से संकरी हो गई हैं जिसे आये दिन जाम की समस्या बनी रहती है अतिक्रमण हटाने के लिए नप प्रशासन की ओर से लोगों को पहले से ही चेतावनी दे दी गई थी। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि अबैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा इस दौरान कई दुकानदारों से नगर पंचायत कर्मियों की नोंक झोंक भी हुई। थाना प्रभारी रामफल सिंह मय फोर्स के अभियान के दौरान मौजूद रहे।कपिल लिपिक, योगेश शर्मा, उदित राणा,मनीष, राजकुमार, मोंटू, सुभाष, चंद्रभान, कुमरपाल, शोएब खाँ आदि मौजूद रहे।

# पाइपलाइन डालकर छोड़ दी टूटी सड़क,मोहल्ले वासियों को परेशानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर**। नगर में जल निगम की ओर से पानी की पाइपलाइन बिछाने के बाद टूटी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। जिसके चलते लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। जल निगम के अधिकारी इस और बेपरवाह है। नगर पालिका की सभासद समेत अन्य महिलाओं ने मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन के गड्ढोकी मरम्मत की जाए। मोहल्ला मोथरपुरा में काली के मंदिर के सामने करीब एक हफ्ते पहले जल निगम वालों ने पाइप डालने के लिए सड़क तोड़कर पाइप डाली थी ।लेकिन अभी तक सही नहीं कराई हैं इसके चलते स्थानीय निवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इस मार्ग से लोगों का काली मंदिर चमत्कारी मंदिर एवं बड़ा महादेव मंदिर आदि स्थानों पर जाने के लिए आवागमन बरकरार रहता है। टूटी सड़क के चलते आए दिन महिलाएं श्रद्धालु और स्कूल के बच्चे गडढो में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में कई बार

अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा।

## गजरौला से चोरी किया ट्रैक्टर बरामद, चोर गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर**। कोतवाली नगर की नवीन अनाज मंडी परिसर से होकर जा रहे गजरौला से चोरी किए गए ट्रैक्टर ट्राली को बरामद करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक सूचना पर नवीन अनाज मंडी से होकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को



रोक कर चालक से पूछताछ की तो बताया गया कि उसके द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को जिला अमरोहा के थाना गजरौला क्षेत्र के शाहबाजपुर डोर गांव के सामने मासूम अली बाबा की मजार के पास से चोरी किया गया था। जिसे वह बेचने ले जा रहा था। प्रशिक्षु/ कोतवाली प्रभारी प्रखर पाण्डेय ने बताया कि चुराई गई ट्रैक्टर ट्राली के साथ जिला खीरी के थाना पसगामा के निवासी नासिर निवासी शोएब पुत्र याकूब को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला,आठ के खिलाफ एफआईआर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर** । दहेज में दो लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता ने एसएसपी कार्यालय में पहुंचकर अपने पति और सास ससुर समेत आठ के खिलाफ शिकायत पत्र देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर शिकारपुर पुलिस ने पति समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




शिकारपुर थाना क्षेत्र के कस्बा कौटकला निवासी अन्जुम पुत्री अफसर ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब दो साल पहले औरंगाबाद थाना क्षेत्र के गाँव चरौरा मुस्तफाबाद निवासी शबाब हैदर पुत्र अमीर हसन के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने करीब दस लाख रुपये खर्च किए थे। शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ दिनों बाद ही विवाहिता का पति और सास ससुर ने अतिरिक्त दहेज में बिजनेश हेतु दो लाख रुपए की मांग करने लगे। इसी दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। विवाहिता के मायके वालों ने ससुरालियो को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अतिरिक्त दहेज की मांग पर ही अडिग रहे। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने 5 अप्रैल 2023 को विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित विवाहिता ने अपने मायके में पहुंचकर घटना के विषय में बताया। विवाहिता करीब डेढ़ वर्ष से अपने मायके में गुजारा कर रही थी। इसके बाद पीड़ित विवाहिता ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपने पति समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ शिकायत पत्र दिया। एसएसपी श्लोक कुमार ने थाना पुलिस को मामले की जांच कर तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश पर शिकारपुर पुलिस ने पति शबाब हैदर, ससुर अमीर हसन, सास अनिसा, देवर नदीम, ननद शबी जहरा, शवरेज, अमरीन, व जफर अब्बास पुत्र महेंदी हसन निवासी गाँव चरौरा मुस्तफाबाद थाना औरंगाबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रेमिका ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर लगाई सुरक्षा की गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद** । परिजनों की मर्जी के खिलाफ प्रेमी के साथ कोर्ट मैरिज करने वाली औरंगाबाद कस्बे के एक मौहल्ला निवासी युवती ने अपने पिता सहित मायके के कई लोगों से अपनी व प्रेमी की जान को खतरा बताया है। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। युवती ने सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम एक शिकायती पत्र भेजकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। औरंगाबाद निवासी युवती ने पड़ोसी गांव निवासी एक युवक से प्रेम संबंध हो गया। इसके बाद प्रेमिका ने अपने प्रेमी के साथ अपनी स्वेच्छा से कोर्ट मैरिज कर लिया। कोर्ट मैरिज करने के बाद प्रेमिका अपने पति के साथ रहने लगी। प्रेमिका ने अपने मायके वालों से अपनी और अपने पति की जान का खतरा को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायत पत्र भेजकर अपनी जानमाल सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रेमिका और प्रेमी अलग-अलग बिरादरी के बताए गए हैं। प्रेमी और प्रेमिका के बीच कोर्ट मैरिज होने को लेकर नगर में विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी मामले में औरंगाबाद थाना प्रभारी नितीश भारद्वाज का कहना है कि थाने पर प्रेमिका की तरफ से कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं आया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर ही मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में किया गया पेंशनर दिवस का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बुलंदशहर**। जिला पंचायत सभागार में आयोजित पेंशनर दिवस में पेंशनरों की जिला स्तर की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करने व शासन स्तर की प्राप्त शिकायतों का निस्तारण हेतु शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने समस्त विभागाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशनरों की विभागीय समस्याओं का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण करे, जिससे पेंशनरों को पूर्ण लाभ मिल सके। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री को सम्बोधित संगठनो द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ अनिल कुमार यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

**आयोजन** जूनियर श्रेणी में कक्षा 5 से 8 और वरिष्ठ श्रेणी में कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थी शामिल हुए

# कौशिक किड्स एंड पब्लिक स्कूल में किया गया विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)**। नगर के विख्यात कौशिक किड्स एंड पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी कराई गई जिसमें दो श्रेणी बनाई गई। जहां जूनियर श्रेणी में कक्षा 5 से 8 और वरिष्ठ श्रेणी में कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थी शामिल हुए। छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में सूर्य के चारों ओर चक्कर काट रहे गृहों, चंद्रयान 3, ग्रीन हाउस, भूकंप के आने की चेतावनी देने वाला यंत्र, ज्वालामुखी, वायु व जल प्रदूषण आदि प्रोजेक्ट बनाएं ।

प्रदर्शनी में उपस्थित विज्ञान के शिक्षक ओम तेवतिया मुख्य अतिथि विपुल पाराशर, रंधीर तेवतिया, कृष्ण तेवतिया व स्कूल प्रधानाचार्य दिनेश कौशिक प्रबंधक वीणा कौशिक उप प्रधानाचार्या रेखा सनी एवं समस्त शिक्षक तनुज, हर्ष, उपेन्द्र, प्रभात, विकास व शिक्षिका नीलम, योगिता, मनीषा, संतोष, मीनू, कनिका,



खुशबू, नीतीशा, प्रियंका, पूनम, नेहा, रजनी, आंचल आदि ने सभी बच्चों की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी की भरपूर सराहना की ।

## प्रेस विज्ञप्ति/ सूचना

### लावारिस मोटर साईकल थाना गुलावठी जिला बुलन्दशहर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दिये गये वाहन मय हुलिया थाना गुलावठी पर विगत 02 वर्ष से लावारिस /सीज हालत में खडे हैं। निम्नलिखित वाहनों का काफी प्रयास करने के उपरान्त भी वाहन स्वामी का पता लगाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। अतः सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि 07 दिवस के अन्दर नियमानुसार सूची में दिये गये वाहनों को अवमुक्त नहीं कराते है तो थाना स्तर से नियमानुसार नीलामी की प्रक्रिया हेतु आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

| क्र0 सं0 | थाने पर खडें होने का क्रमांक | कम्पनी नाम | मो0सा0 नम्बर | चेजिज न0 | इंजन न0 | FIR/ अपठित | वाहन स्वामी का नाम पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 13 | SPLENDER | | अपठित | अपठित | लावारिस | |
| 02 | 116 | SPLENDER | UP14- M 266 | अपठित | अपठित | लावारिस | |
| 03 | 117 | SPLENDER | अपठित | अपठित | अपठित | लावारिस | |
| 04 | 118 | SPLENDER | अपठित | 05J16C60184 | अपठित | लावारिस | |
| 05 | 142 | SPLENDER BLACK | DL6S-E5954 | 99G19C16A92 | 15497 | लावारिस | ब्रहम प्रकाश सहाय पुत्र देवी सहाय नि0 एल106जनकपुरी नई दिल्ली33 |
| 06 | 178 | PASSION PLUS | DL3S-AJ8596 | 04M09C44280 | 04M08M 44829 | लावारिस | |
| 07 | 179 | PLATINA | UP14-B4159 | MD2DDDZZZ RPB24098 | अपठित | लावारिस | |
| 08 | 180 | T.V.S VICTOR | | N3307F624423 | अपठित | लावारिस | |
| 09 | 183 | SPLENDER PLUS | UP13L-7281 | 02802F11460 | 02E18E 10811 | लावारिस | |
| 10 | 185 | T.V.S VICTOR | UP14-T3414 | अपठित | N3305M 511479 | लावारिस | |
| 11 | 186 | APACHE BLACK | UP14-AC314 | अपठित | 0E3G62 026411 | लावारिस | |
| 12 | 187 | DISCOVER | DL7S-BA4821 | MD2DSJNZP4 26722 | JNGBP K2 | लावारिस | |
| 13 | 271 | PASSION PRO | UP14-AF939397 | | HAL0EHD HO29778 | लावारिस | |
| 14 | 274 | SPLENDER | UP15-AH8980 | MBLHA10EJ8 HK16770 | HA10EA8 HK33610 | लावारिस वर्ष 2014 | ऋषिपाल पुत्र रूयान नि0 66 खेडा बलरामपुर पोस्ट चन्दखास मेरठ |
| 15 | 276 | YAMAHA | DL8SK-7904 | 2088 | 4L5002 088 | लावारिस वर्ष 2014 | पभात जैन पुत्र एपी जैन नि0 ए2/27ए लोरेंस रोड केशवपुरम दिल्ली |

(सुनीता मलिक) SHO
प्रभारी निरीक्षक
थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर

# यदु पब्लिक स्कूल का एनुअल डे 21 दिसंबर को आयोजित, प्रमुख हस्तियां होंगी शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा ।** नोएडा सफाबाद सेक्टर 73 स्थित यदु पब्लिक स्कूल में आगामी 21 दिसंबर को वार्षिक उत्सव (एनुअल डे फंक्शन) का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यदु पब्लिक स्कूल की एमडी कुंज यादव ने बताया कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य कम से कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेल को भी प्राथमिकता दी जाती है, जिससे बच्चे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी आगे बढ़ें।

**खेल और शिक्षा में बच्चों ने बनाई पहचान**

एमडी कुंज यादव ने बताया कि यदु पब्लिक स्कूल से कई छात्र-छात्राएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल का फोकस बच्चों के सर्वांगीण विकास पर है ताकि वे समाज में सम्मानजनक पदों पर पहुंचें। प्रेस वार्ता के दौरान राज नारायण सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शाम 5:00 बजे से शुरू होगा और इसमें समाज की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

मुख्य अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, डीपी यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंद्र सिंह और जिलाधिकारी मनीष वर्मा उपस्थित रहेंगे। स्कूल प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा।

**वर्तमान में स्कूल का प्रबंधन कुंज यादव और कुणाल यादव के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। योग्य शिक्षकों और प्रिंसिपल के मार्गदर्शन में स्कूल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने में जुटा हुआ है। कुंज यादव ने कहा कि स्कूल राष्ट्रीयता और उच्च मापदंडों के साथ बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर करेगा, कार्यक्रम में सभी अभिभावकों और गणमान्य लोगों के शामिल होने की अपील की गई है। यह एनुअल डे समारोह न केवल बच्चों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा बल्कि स्कूल की भावी योजनाओं और संकल्पों का भी परिचायक बनेगा।**

**स्कूल की स्थापना और योगदान**

वर्तमान में सफाबाद सेक्टर 73 में स्थित यदु पब्लिक स्कूल की स्थापना उस समय हुई जब गांव की बड़ी आबादी के पास आधुनिक शिक्षा के लिए कोई संसाधन उपलब्ध नहीं थे। बच्चों को उइरए बोर्ड की शिक्षा के लिए 10 किलोमीटर तक का सफर पैदल तय करना पड़ता था। ऐसे समय में स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी स्वर्गीय महाशय तेजपाल जी ने आधुनिक शिक्षा की ज्योति जगाई। उन्होंने गांव और क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाया, जिसका परिणाम है कि आज हजारों बच्चे डॉक्टर, वकील, एमपी, एमएलए, जिला पंचायत अध्यक्ष और विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हैं। स्कूल ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को भी साकार करते हुए लड़कियों को समान अवसर दिया।


**प्रबंधकों की नई सोच और लक्ष्य**

वर्तमान में स्कूल का प्रबंधन कुंज यादव और कुणाल यादव के कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। योग्य शिक्षकों और प्रिंसिपल के मार्गदर्शन में स्कूल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने में जुटा हुआ है। कुंज यादव ने कहा कि स्कूल राष्ट्रीयता और उच्च मापदंडों के साथ बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर करेगा।

कार्यक्रम में सभी अभिभावकों और गणमान्य लोगों के शामिल होने की अपील की गई है। यह एनुअल डे समारोह न केवल बच्चों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा बल्कि स्कूल की भावी योजनाओं और संकल्पों का भी परिचायक बनेगा।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया का 18 को नगर आगमन पर होगा भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया का नगर आगमन 18 दिसंबर को होगा ! उक्त जानकारी राष्ट्रीय बजरंग दल के संयोजक नीरज सैनी ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा जारी की है इस में बताया हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुलंदशहर में महाकुंभ के लिए कार्यकर्ताओ को संबोधित करेंगे !

इस महाकुंभ में एक करोड़ लोगों को निशुल्क भोजन एवं 10 लाख लोगों को निशुल्क कंबलों का वितरण किया जाएगा इसके अतिरिक्त आवास की उचित व्यवस्था एवं निशुल्क चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी! नगर के धौलाना बस स्टैंड पर कल 12:30 पर बजरंग दल कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

# फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा ने गलगोटिया विश्विद्यालय के विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्विद्यालय के छह विद्यार्थियों को शार्ट फिल्म मेकिंग (फिक्शन) का पुरस्कार मिला है। विश्विद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों को यह पुरस्कार गुलशन कुमार फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (GKFTII) की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 में प्राप्त हुआ. मशहूर फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा ने विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में निखिल सिंह, अंश सिंह, अंश मिश्रा, शिवाय मिश्रा, अनुक्ता और निकिता शाही शामिल हैं.




सभी विद्यार्थी स्नातक द्वितीय वर्ष में अध्ययन कर रहे हैं। "जीकेएफटीआईआई फिल्म फेस्टिवल" भावी फिल्म निर्देशकों और निमार्ताओं के लिए मंच प्रदान करता है। फिल्मों का मूल्यांकन उनकी अवधारणा, अभिनय, ध्वनि और संपादन के संदर्भ में दर्शकों पर उनके समग्र प्रभाव के आधार पर किया गया। विद्यार्थियों से तीन कैटेगरीज में फिल्में आमंत्रित की गयी थी-शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री फिल्म और पब्लिक सर्विस विज्ञापन।

# बीकेयू लोकशक्ति ने किसानों की रिहाई के लिए दी सांकेतिक गिरफ्तारी, मांग पूरी न होने पर करेगी बड़ा आंदोलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** तहसील मे मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के करीब 150 कार्यकताओं ने जेल मे बंद किसान नेताओं के समर्थन व रिहाई और किसानों की मांगों को लेकर सांकेतिक गिरफ्तारी दी। साथ ही यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा।







यूनियन के तहसील अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि जेल मे बंद किसानों के समर्थन मे मंगलवार को प्रदेशव्यापी प्रत्येक जिले के एक थाने पर भारतीय किसानों लोकशक्ति के कार्यकताओं ने सांकेतिक गिरफ्तारी दी। वहीं जेवर में एक्सप्रेस व के जेवर इंटरचेंज से भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के सैकड़ों कार्यकर्ता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर स्वराज सिंह के नेतृत्व में पैदल मार्च निकालते हुए तहसील पहुंचे, यहां यूनियन के करीब 150 कार्यकताओं ने एसीपी, उप जिलाधिकारी व एसएचओ की उपस्थिति में सांकेतिक गिरफ्तारी दी। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर स्वराज सिंह ने कहा कि किसानों की जो मांगे है वह जायज है, 3 दिसंबर को आंदोलन करने वाले किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, जो गलत है। इसलियें गिरफ्तार किये गए किसानों को जल्द से जल्द ससम्मान रिहा किया जाए और जो किसानों की उचित मांगे हैं उनको पूरा किया जाये, जहां अधिकारीयों ने यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल को जल्द जिले के सक्षम अधिकारियों के साथ एक मीटिंग कराए जाने का आश्वासन दिया। वहीं यूनियन कार्यकताओं ने जल्द मांग पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनियन ने मुख्यमंत्री, डीजीपी व मुख्य सचिव को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, विनोद चौधरी, पिंटू त्यागी, ओम दत्त चौहान, उदयभान मलिक, राजेंद्र मलिक, प्रवीण, सौरभ बिधूड़ी, पप्पू नागर, योगी शर्मा, विनीत शर्मा, रविंद्र चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के प्रदेश महासचिव व जिला मीडिया प्रभारी बने सुहैल खान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर।** राष्ट्रीय कार्यालय बीरमपुर झाझर जेवर मार्ग जिला गौतम बुद्ध नगर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंन्द्र प्रताप द्वारा निवासी कस्बा जहांगीरपुर सुहैल खान को प्रदेश महासचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश व जिला मीडिया प्रभारी गौतम बुद्ध नगर के पद पर मनोनीत किया गया है सुहेल खान ने बताया कि मे 5 साल से भाकियू भानु मे काम पूरी ईमानदारी से कर रहा था संगठन में गरीब व पुराने साथियों का सम्मान ना होने पर अब मेंने भाकियू भूमिपुत्र का दामन थाम लिया है राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा दी गई



जिम्मेदारी को संगठन की नीतियों को ध्यान रखते हुए संगठन के लिए ईमानदारी निष्ठा के साथ मजबूत करूंगा और संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के हाथों को मजबूत करूंगा किसान गरीब मजदूरों की आवाज उठाने का किसानो की लड़ाई के लिए हमेशा संघर्ष करता रहूंगा बहुत जल्द एक बड़ी महापंचायत जहांगीरपुर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के लिए रखी जाएगी और समाधान भी कराया जाएगा इस मौके पर उपस्थित रहे केशव अग्रवाल प्रदेश सचिव राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप उर्फ धीरु भैया भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथन स्टार्टअप भारत की नींव रखेगा: केडी अग्रवाल

बुलन्द संदेश संवाददाता

**दनकौर।** मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2024, के सफल आयोजन के लिये गलगोटिया विश्वविद्यालय को और सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज देश का युवा नवाचार के माध्यम से अनेक प्रकार की समस्याओं का समाधान करके नये नये कीर्तिमानों की स्थापना कर रहा है। इसलिए आज पूरी दुनिया भारत की प्रतिभाओं का सम्मान कर रही है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 (SIH-2024) का यह कार्यक्रम

**▶▶ गलगोटिया विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप को शिक्षा के इकोसिस्टम से जुड़ा**

**▶▶ स्मार्ट इंडिया हैकाथन से बनेगा स्टार्टअप इंडिया: केडी अग्रवाल गलगोटिया विश्वविद्यालय को स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने वाला एजुकेशन इकोसिस्टम**

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे देश भर के 51 संस्थानों में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही साथ राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य के साथ किया गया। गलगोटिया विश्वविद्यालय के परिसर में इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम में 9 राज्यों से लगभग 300 छात्रों की 40 टीमें ने भाग लिया। जिन्हें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB), जल शक्ति मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा निवारक बल (NDRF) के द्वारा दी गई 7 समस्याओं को नवाचार और तकनीक की सहायता से हल करने की ज़िम्मेदारी दी गयी थी। उन्होंने अपनी इस ज़िम्मेदारी को बहुत ही ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरा किया। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन माननीय प्रधानमंत्री जी का एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस आयोजन के जरिए भारतीय युवा स्वास्थ्य सेवा, आपूर्ति श्रृंखला एवं लॉजिस्टिक्स,स्मार्ट टेक्नोलॉजी, विरासत एवं संस्कृति, शिक्षा एवं कौशल विकास, जल, कृषि एवं खाद्य, और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र की समस्या और आने वाली चुनौतियों का नवाचारी समाधान लेकर अवश्य ही सामने आएँगे। और आपके कठिन परिश्रम से विकसित भारत 2047 का हमारा सपना अवश्य ही पूरा होगा।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये मैं गलगोटिया विश्वविद्यालय के चांसलर श्री सुनील गलगोटिया जी का, सीईओ श्री ध्रुव गलगोटिया जी का ह्रदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूँ।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB), जल शक्ति मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा निवारक बल (NDRF) के द्वारा दी गई 7 समस्याओं को नवाचार और तकनीक की सहायता से हल करने वाली 40 टीमों में से 12 टीमों को विजयी घोषित किया गया। जिसमें ब्लॉक चैन और साइबर सिक्योरिटी पर काम करने वाली टीम को एक लाख का पुरस्कार और डिजास्टर मैनेजमेंट काम करने वाली दो टीमों को पचास-पचास हजार का पुरस्कार, स्मार्ट ऑटोमेशन पर काम करने वाली दो टीमों को एक-एक लाख का पुरस्कार, क्लीन और ग्रीन टेक्नोलॉजी पर काम करने वाली दो टीमों को एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार, मिसलेनियस पर काम करने वाली दो टीमों को एक-एक लाख का पुरस्कार, रोबोटिक और ड्रोन्स पर काम करने वाली दो टीमों को एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार और एक टीम को गलगोटिया विश्वविद्यालय द्वारा पच्चीस हजार रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। गलगोटिया विश्वविद्यालय की डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन आराधना गलगोटिया ने माननीय मंत्री जी को स्मृति चिह्न और गुलदस्ता भेंट करके उनका स्वागत किया।

गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप कड़ी मेहनत करके पूरे विश्व के कल्याण के लिये नये नये अविष्कारों की संरचना करें। उन्होंने छात्रों को अपने कौशल को लगातार




सुधारने के लिए प्रेरित किया और रक्ल्ल जैसे कार्यक्रमों की भूमिका को अकादमिक और उद्योग के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण बताया। पुरस्कार वितरण के समारोह में

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के नवाचार प्रकोष्ठ की अधिकारी सेल्वारानी और

गलगोटिया विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डा० के० मल्लिकार्जन बाबू और अमित ग्रोवर, पूर्व सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-सेल्स, केल्टन टेक प्राइवेट लिमिटेड, नोडल सेंटर प्रमुख, स्मार्ट इंडिया हैकथॉन, उदयन मौर्य, पूर्व-शिक्षा मंत्रालय नवाचार प्रकोष्ठ एवं नोडल सेंटर प्रमुख और गलगोटिया विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर डा० अवधेस कुमार, कुलसचिव डा० नितिन गौड, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की नौडल ऑफि सर डा० मीनाक्षी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भगवान की लीलाएं भक्तों को अपने ओर आकृष्ट करने के लिए होती हैं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर।** साधन सहकारी समिति जहांगीरपुर के





निकट आयोजित भागवत कथा में वृंदावन से पधारे संत पूज्य श्री विष्णु दास जी महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताए कि भगवान की विचित्र लीलाएं भक्तों को अपनी ओर आकृष्ट करने के लिए होती हैं। क्योंकि जीव के विभिन्न जन्मों के पापों के कारण उसका मन विषय वासनाओं में लगा रहता है, जो सरलता से भगवान की ओर नहीं लगता है इसलिए भगवान कभी राम बनकर विभिन्न जंगल जाने की लीला करके संतों और भक्तों को मोह लेते हैं तो कभी जनकपुर जाकर मिथिला वासियों के हृदय को चुरा लेते हैं। कभी श्री कृष्ण बनकर व्रज की गोपियों के माखन चुरा लेते हैं, चीर चुरा लेते हैं, कंकर से मटकी तोड़ देते हैं, विभिन्न क्रीड़ा करते हुए अनेकों राक्षसों को अपने धाम भेज देते हैं। भगवान की चीर हरण लीला वास्तव में जीव और ब्रह्म के बीच में पड़े हुए पर्दे को हटाने की लीला है जिसे ज्ञान न रहने के कारण मनुष्य अपनी बुद्धि से गलत समझ लेता है। इस अवसर पर कथा में अयोध्या से पधारे पूज्य आचार्य श्री नारायण त्रिपाठी जी, मुकेश सिंह राणा, अंजू राणा, आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम**

## छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

# शारदा विश्वविद्यालय ने 29वां स्थापना व विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय ने 29वां स्थापना व जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के साथ मिलकर विश्वविद्यालय ने विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया गया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस अवसर पर अब्दुल राशिद अंसारी, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष,डॉ अनुज जैन, ईश्वर चंद जैन,ज्योति आचार्य ,महेश जैन, एसडीएम सदर चारुल यादव, एसडीएम दादरी अनुज नेहरा, आदि को विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता और प्रो चांसलर वाईके गुप्ता शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शारदा ग्रुप की ट्रस्टी प्रियंका जैन ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी युक्ति पांडेय का स्वागत किया।यूपी सरकार से चयनित अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई।इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी युक्ति पांडेय ने कहा कि शारदा विश्वविद्यालय विविधता और समावेशन की भावना को आत्मसात करता है। जो हमारे देश के उस मूल विचार को प्रतिबिंबित करता है, जहां विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, जातियों और धर्मों की समृद्ध विरासत में विविधता में एकत का भाव जीवित है। हमारा संविधान समानता के सिद्धांत को बनाए रखता है और अपने नागरिकों के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करता। इसी दृष्टिकोण के साथ, शारदा विश्वविद्यालय अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता देता है और विविधता का उत्सव मनाते हुए एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी परिसर वातावरण को बढ़ावा देता है। हमारा देश हर धर्म का सम्मान करता है, और हमारा संविधान अल्पसंख्यकों को भी अधिकार और महत्व प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता ने कहा कि हम सभी को गर्व है कि हम ऐसे संस्थान से जुड़े हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शारदा



विश्वविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सशक्त बनाना, उन्हें अपने सपनों की ओर अग्रसर करना और समाज में परिवर्तन लाने के लिए तैयार करना है। यह यात्रा उतनी ही रोमांचक है जितनी चुनौतीपूर्ण, और हम सभी का सामूहिक प्रयास इसे ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि मेरी शिक्षा जैन स्कूल में हुई और मैं कर्म व तन से जैनिज्म को फॉलो करता हूं। मैं जैनी होने के नाते सभी धर्मो का सम्मान करता हूं। जिंदगी में जैन धर्म के नियमों का अनुसरण करता हूं। परिसर में जैन स्टडी सेंटर है जो बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। इस मौके पर कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने समूचे समाज को शांति के साथ जीवन जीने को प्रेरित किया था। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए।कार्यक्रम में अशोक जैन महासचिव अखिल भारतीय श्री आत्म ,वल्लभ जैन महासंघ, विजयानन्द पत्रिका के मुख्य संपादक ने कहा कि जैन धर्म सबसे पुरानी धार्मिक परंपरा है जिसका न तो कोई आरंभ है और न ही कोई अंत। जैन धर्म आत्मनिर्भरता, आत्मसंयम और आत्मशुद्धि के मार्ग का पालन करता है, ताकि मानव के आंतरिक गुणों की संभावनाओं को पूर्ण किया जा सके। मूल रूप से, यह जैनों का धर्म है अपने आत्म पर विजय पाने वाले वीरों का धर्म। हम अहिंसा, सत्यनिष्ठा का पालन करते हैं। मानव चरित्र निर्माण एक लंबी प्रक्रिया है, यह समय लेता है, और जैसे ही हम सही मार्ग का अनुसरण करना शुरू करते हैं, हम भगवान के करीब पहुंचते हैं और आंतरिक रूप से सुखी होते हैं। सही विश्वास, सही ज्ञान और सही आचरण का पालन करना महत्वपूर्ण है। अगर मैं अच्छा बन जाऊं, तो अपने आप ही हम अपने आस-पास और अच्छे वातावरण वाले अच्छे लोगों का निर्माण करेंगे। चरित्र निर्माण में साल नही बल्कि युग लग जाते है। कार्यक्रम में एडीसीपी अशोक सिंह, शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सीईओ प्रशांत गुप्ता, शारदा अस्पताल के वाइस प्रेसिडेंट रिषभ गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ विवेक कुमार गुप्ता, वाइस चांसलर डॉ सिबाराम खारा,प्रो वाइस चांसलर डॉ परमानंद, डीन डॉ आरसी सिंह,डीन भुवनेश कुमार, पीआर डायरेक्टर डॉ अजित कुमार समेत विभिन्न विभागों डीन और एचओडी मौजूद रहे।

# श्रीलंका के 40 सिविल सेवकों का लोक नीति एवं शासन से संबंधित पारस्परिक विचार,विमर्श कार्यक्रम हेतु आगमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद गाजियाबाद में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र की टीम के साथ श्रीलंका के 40 सिविल सेवकों का लोक नीति एवं शासन से संबंधित पारस्परिक विचार

**मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, एसडीएम व पुलिस उपायुक्त ने दी सम्बंधित कार्यों की विस्तार से जानकारी**

विमर्श कार्यक्रम हेतु आगमन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम विकास भवन गाजियाबाद में श्रीलंका से आए सिविल सेवकों को गार्ड ऑफ हॉनर देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात गुरुकुल स्कूल के बच्चों द्वारा उनका टीका और माला पहनाकर स्वागत किया गया।






विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा भारतीय प्रशासन में जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में बताया गया। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी के दायित्वों और कर्तव्यों को बताया गया। उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती द्वारा तहसील और एसडीएम के कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में पुलिस प्रशासन से संबंधित कार्यों, दायित्वों एवं संरचना के बारे में पुलिस उपायुक्त निमिष पाटिल एवं सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री लिपि नागायच द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के पश्चात श्रीलंका सिविल सेवकों द्वारा कई जिज्ञासाएं जाहिर की गईं, जिनका उत्तर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम के समापन में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र के प्रतिनिधि एवं श्रीलंका के सभी सिविल सेवकों को ललित जायसवाल, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस के द्वारा एनआरएलएम की स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित स्टोल पहनाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी द्वारा समस्त आगंतुकों को श्रीमद्भगवद्गीता और स्मृति उपहार प्रदान किया गया।

सभागार से पुनः टीम को विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तवा द्वारा कराया गया।

# सम्बंधित अधिकारी पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करें: एडीएम सौरभ भट्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उ० प्र० राज्य सरकार के निदेशानुसार दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को पेंशनर दिवस कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसका समन्वय मुख्य कोषाधिकारी पुष्पांजली द्वारा अपर जिलाधिकारी (एफ०) सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में किया गया। कोषागार कार्यालय से सहायक कोषाधिकारी अनिल शर्मा, लेखाकार नवीन शक्ति, दीपक राज, सहायक लेखाकार अनुपमा श्रीवास्तव, मो० परवेज खान, राजकमल, दीपक कुमार उपस्थित रहे। मुख्य कोषाधिकारी द्वारा पेंशन एसोसिएशन के सदस्यों, पेंशनरों एवं उपस्थित कार्यालयाध्यक्षों का स्वागत किया गया। पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु कार्यालयाध्यक्षों को अपर जिलाधिकारी (एफ०) द्वारा



निर्देशित किया गया। पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा अपरजिलाधिकारी (एफ०) एवं मुख्य कोषाधिकारी का आभार व्यक्त किया गया है कि कोषागार स्तर पर हमारा कोई कार्य लम्बित नहीं है और पुष्पांजली के त्वरित कार्य निष्पादन की प्रशंसा की गयी।

# विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शासन विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापना हेतु बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** प्रथम चरण में 36 विद्यालयों को लक्षित किया जाएगा इन विद्यालयों की प्रगति पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जहां भी संभव होगा, वहां माली की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। शासन विद्यालयों में किचन गार्डन स्थापना हेतु बैठक आयोजित नगरा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में किचन गार्डन की स्थापना के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता रमा त्यागी, अध्यक्ष - हॉर्टिकल्चर एंड फ्लोरीकल्चर सोसायटी, ने की।बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्र के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक मिड डे मील, जिला समन्वयक एम आई एस तथा इस क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे कुछ



विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि प्रथम चरण में 36 विद्यालयों को लक्षित किया जाएगा और इन विद्यालयों की प्रगति पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। जहां भी संभव होगा, वहां माली की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, सीडीओ ने विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न मौजूदा समस्याओं को भी सुना और प्रत्येक समस्या के लिए उपयुक्त समाधान सुझाने के निर्देश दिए। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के करीब लाना और उनके पोषण संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सिद्धपीठ दुग्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर के अपेक्षित विकास कार्यों से सम्बंधित प्रारम्भिक समन्वय बैठक आहूत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन, कार्यालय कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सिद्धपीठ श्री दुग्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर में अपेक्षित विकास कार्यों से सम्बंधित प्रारम्भिक समन्वय बैठक आहूत हुई। बैठक में संलग्न सूची के अनुसार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जिला प्रशासन के अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान मंदिर की भौगोलिक स्थिति, पौराणिक महत्ता, ?इतिहास व वर्तमान ?स्थिति पर चर्चा की गयी।

इतिहास व पौराणिक महत्ता, भौगोलिक स्थिति सिद्धपीठ श्री दुग्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर ग्राम कैला, परगना लोनी, तहसील गाजियाबाद में स्थित है, मंदिर प्रांगण कई खसरों में है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार रावण के पिता ऋषि विश्रवा शिवलिंग की पूजा की जाती थी। यह भी मान्यता है कि छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था। वर्तमान स्थिति सिद्धपीठ श्री दुग्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि, श्रावण शिवरात्रि, श्रावण माह, प्रत्येक सोमवार सहित अन्य पर्वों पर स्थानीय/अन्य जनपद व राज्यों से श्रद्धालु व भक्तगणों द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। मंदिर के द्वारा यहां वेद विद्यालय संचालित है जहां वेदों, ज्योतिष, शास्त्रों की शिक्षा दी जाती है वर्तमान में यहां 80 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मंदिर द्वारा के प्रबंधन में यहां एक प्राचीन गौशाला भी हैं। अपेक्षित विकास कार्य मंदिर की महत्ता के दृष्टिगत पर्यटन विभाग के माध्यम से डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई जा रही है। बैठक के दौरान बताया कि मंदिर के सौन्दर्यकरण, सड़क का उच्चीकरण और पार्किंग बनाया जाना प्रस्तावित है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने हेतु बैंच लगवाई जायेगी। भक्तजनों को मंदिर की महत्वता, अध्यात्म, संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके, इस प्रकार के निर्माण कार्य व व्यवस्था की जायेगी। मंदिर में स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था हेतु वैज्ञानिक व बेहतर तैयारियों की जा रही हैं।जिलाधिकारी ने नगर निगम,



जीडीए, पीडब्लूडी, पर्यटन विभाग, मंदिर समिति को उक्त कार्य को पूर्ण कराने के सम्बंध में आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल्द की कार्य को पूर्ण कराने हेतु अपनी–अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। ?बैठक में राजेश सिंह जीडीए सचिव, एडीएम ई रणविजय सिंह, रामराजा पीडब्लूडी, सुरेश रावत पर्यटन अधिकारी, योगेन्द्र प्रताप सिंह डीआईओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी,कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना: जनपद को 12 पशुपालकों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12 पशुपालकों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य जनपद गाजियाबाद को प्राप्त हुआ है। डा० एस०पी० पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी गाजियाबाद ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि योजनान्तर्गत स्वदेशी नस्ल की साहिवाल, गीर, थारपारकर, हरियाणा एवं गंगातिरी गायों में 08 कि०ग्रा० से अधिक दुग्ध उत्पादन के लिए गौपालकों को प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार धनराशि रू 10000/- एवं 12 कि०ग्रा० से अधिक दुग्ध उत्पादन के लिए 15000/- प्रति गौवंश की दर से प्रति गौपालक अधिकतम 02 गायों के लिए एक बार नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने का प्राविधान है। प्रोत्साहन राशि लाभार्थियों,गौपालकों के बैंक खाते में डी०बी०टी० के माध्यम से प्रदान की



जायेगी। आवेदक का गौवंश प्रथम,द्वितीय,तृतीय ब्यात का एवं ब्यात 45 दिन के भीतर का होना चाहिए। गौवंश का क्रियाशील बीमा होना अनिवार्य है। यदि आवेदक अपने जीवनकाल में प्रोत्साहन का लाभ एक बार भी प्राप्त कर चुका है तो वह पात्र नहीं होगा। गौवंश के दुग्ध उत्पादन का स्थलीय सत्यापन पशुधन प्रसार अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से कराया जायेगा। योजनान्तर्गत आवेदक गौपालक को निर्धारित प्रारूप पर अपना आवदेन 01 सप्ताह के भीतर अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय पर जमा करना है। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित स्वप्रमाणित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य है- पशुपालक के आधारकार्ड की छायाप्रति। पशुपालक के बैंक पासबुक की पठनीय छायाप्रति।


गोवंश के क्रियाशील बीमा का विवरण। गोवंश के साथ पशुपालक का पूर्ण फोटोग्राफ (जिसमें गोवंश का ईयर टैग स्पष्ट प्रदर्शित हो)। नोटरी शपथ पत्र कि उपरोक्त बिन्दु एवं आवेदक को उसके जीवनकाल में एक बार भी प्रोत्साहन का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है तथा गाय प्रथम, द्वितीय,तृतीय ब्यात की है एवं ब्यात 45 दिन के अन्दर की है।

# हिंदी भवन में विश्व विख्यात कथा वाचक रसराज महाराज की वाणी से परीक्षित जन्म विदुर चरित्र और ध्रुव चरित्र का वर्णन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आज की कथा में महाराज श्री ने विदुर के चरित्र श्री कृष्ण के प्रति उनकी आस्था ध्रुव चरित्र की कथा का सुंदर वर्णन किया जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार श्री कृष्ण की बाल लीलाएं और कृष्णा जी का अंतिम समय जिस समय उन्होंने धरती से अपने शरीर का त्याग करके बैकुंठ धाम पहुंचे महाराज श्री के द्वारा मंगलवार के अवसर पर बहुत ही सुंदर सुंदरकांड का पाठ हनुमान चालीसा हनुमान आदि का भी पाठ किया गया जिसे सुनकर सभी भक्तगण भाव विभोर हो गए कथा में श्रीमद् भागवत कथा का भी व्याख्यान महाराज श्री के द्वारा बताया गया की कैसे श्रीमद् भागवत कथा भगवान विष्णु से ब्रह्मा जी ने सुनी





ब्रह्मा जी से नारद जी ने सुनी नारद से वेदव्यास जी ने सुनी व्यास से उनके पुत्र सुखदेव ने उसके पश्चात महाराज परीक्षित और आज यह कथा गंगा की अविरल धाराओं के साथ घर-घर में भक्तगण सुन रहे हैं। कथा के अंत में सभी आए हुए भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर विपिन सिंघल पूनम सिंघल प्रवीण सिंघल पारुल सिंघल संजय सिंघल संजना सिंघल पूजा गर्ग साक्षी लव गुप्ता तन्वी आकाश चौधरी प्रतीक सिंघल दिव्यांश सिंघल आदित्य सिंघल नमिश सिंघल अनन्या प्रगति गर्ग वन्य गर्ग आदि कथा में उपस्थित रहे।

# एड0 तरीकत सोलंकी के उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर अधिवक्ताओं द्वारा किया गया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** नगर निवासी एडवोकेट तरीकत सोलंकी के बार एसोसिएशन बुलंदशहर में निर्विरोध उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नगर के एडवोकेट द्वारा उन्हें बधाई दी गई! तरीकत सोलंकी अधिवक्ता सपा के भी जिला अध्यक्ष हैं। उन्हें बधाई देने वालों में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष जगतपाल सिंह नवनीत शर्मा किशन लाल सैनी मुकेश शर्मा हरित शर्मा कदीम आलम सहित नगर के अन्य अधिवक्ता भी शामिल रहे।



# राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने ली विजय स्तम्भ के रख रखाव की जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** महानगर के इंद्राप्रदर्शनी पार्क अर्थला में स्थापित विजय स्तम्भ के रखरखाव की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सैनिंक संस्था ने ली है। मंगलवार को संस्था के सदस्यों ने मिलकर विजय स्तम्भ की साफ सफाई प्रारम्भ कर दी है। यह विजय स्तम्भ भारतीय सेना के उन शहीदो को श्रद्धांजली देने के लिए बनाया गया था जिन्होंने 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में शाहदत दी थी और जो गाजियाबाद के रहने वाले थे। यह जानकारी राष्ट्रीय सैनिक संस्था के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने दी है।

उन्होंने बताया कि 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में गाजियाबाद के 24 रणबाकुरों ने शहादत दी थी। उन सभी के नाम इस विजय स्थल पर अंकित हैं। उन्होंने बताया कि 27 दिसंबर 1996 को तत्कालीन कमिश्नर एच एल विरदी की पहल पर इस विजय स्तम्भ का निर्माण हुआ था। इसका उदघाटन तत्कालीन मेयर दिनेश चंद गर्ग ने किया था। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने बताया कि उस समय कमिश्नर ने घोषणा की थी कि हर वर्ष 16 दिसंबर को शहीदों की याद में इस विजय स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे और शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी किंतु ऐसा नही हुआ। यह विजय स्तम्भ उपेक्षा का शिकार हो गया। प्रशासन की कमजोर



याददाश्त पर अफसोस जाहिर करते हुए कर्नल त्यागी ने कहा कि प्रशासन तो उन शहीदों को भूल गया पर अब यह जिम्मेदारी राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने स्वयं ले ली है। जिसके लिए एक समिति भी नियुक्त कर दी गई है। इस समिति में ज्ञान सिंह, चंदन सिंह, गणेश दत्त, राजेंद्र त्रिपाठी, भुवनेश्वर पांडे, रमेश नेगी, संजय शर्मा, सुदर्शन देवी, रुचि व गौरव बंसल शामिल हैं। मंगलवार को इस समिति ने इस विजय स्तम्भ की साफ सफाई की और शहीदों को नमन किया। कर्नल त्यागी ने कहा कि एक सिपाही हमेशा देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान देता है जिसे शासन, प्रशासन और बाकि सभी बहुत जल्द भुला देते हैं। उन्होंने कहा कि देश के सिपाही के सर्वोच्च बलिदान को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।अगले माह विजय स्तम्भ का सौंदर्यकरण हो जाने के बाद यहाँ एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**उद्घाटन** पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा का नया कार्यालय A114, T3 Tower, NX1, 4 मूर्ति चौक, नोएडा एक्सटेंशन, गौतम बुद्ध नगर.मोर्चा के संरक्षक ओ.पी.एस.मलिक (क्कर), एस. के. वर्मा (क्अर ) और...

# मोर्चा के गणमान्य पदाधिकारियों,सम्मानित सदस्यो ने कार्यालय का रिबन काट उद्घाटन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा का नया कार्यालय के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखे जो निम्न प्रकार से है ।

1. मोर्चा के संरक्षक एस. के. वर्मा ने हर महीने हर जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करवाने का सुझाव दिया जिससे आम जनता तक हमारी बात पहुंच सके और साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्येक बात को अपलोड किया जाए।
2. केंद्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव ने अजगर समाज (यादव, जाट, गुर्जर, राजपूत) घटकों को मजबूती से इसमें शामिल होने के लिये पूर्णजोर दिया।
3. ओमवीर बीरवाल जी ने जिले के अध्यक्षों की मीटिंग हर महीने होनी तय हो पर बल दिया।
4. इंद्रवीर सिंह भाटी ने अपने सुझाव में कार्यालय को ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाए जहाँ नए सदस्यों को ट्रेंड किया जाए जिससे नए सदस्यों को मोर्चा की सही जानकारी हो।
5. चौधरी वीरपाल जाट ने हर घर के युवाओं को मोर्चा में शामिल होने का सुझाव दिया और स्वेच्छा से मोर्चा में अपने समय को दे जिससे ये जन आंदोलन जल्द नए राज्य का निर्माण कर सके।
6. कर्नल रण सिंह डुंडी ने जिले की बड़ी बड़ी यूनिवर्सिटी में अपने सेमिनार लगाकर स्टूडेंट को नया प्रदेश क्यों है जरूरी, उन्हें समझाया जाए जिससे आने वाले समय में युवाओं का मोर्चा बनकर तैयार हो जाये।






7. साबिर अली ने निष्क्रिय सदस्य सक्रिय होकर काम करे और अपनी जिम्मेदारी को समझे जिससे मोर्चा में हमेशा पॉजिटिव ऊर्जा रहे।
8. सभी पदाधिकारियों ने वर्तमान राजनीतिक मुद्दे और 2027 UP विधान सभा चुनाव में अपने उम्मीदवार खड़े करने का जोर दिया।
9. किस पार्टी को मोर्चा के समर्थन दिया जाए। मोर्चा में ज्यादा से ज्यादा सहयोगी संगठनो की भूमिका शामिल हो।
10. सामाजिक वातावरण, मोर्चा की रणनीति, कार्यक्रमो की रूपरेखा बनाई जाए जिससे मोर्चा जल्द नए प्रदेश का निर्माण कर सके।

आप भी अपने जल्द से जल्द पश्चिम प्रदेश राज्य के निर्माण के लिए अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त करे। आपका योगदान इतिहास के पन्नो में अंकित होगा। कार्यक्रम में आये मुख्य पदाधिकारीगण, चौधरी वीरपाल सिंह जाट (राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व जाट महासभा), ओमवीर सिंह बीरवाल,संगठन मंत्री ( PPNM) हंसबीर सिंह उपाध्यक्ष,पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा (PPNM), महिपाल नागर (जिला अध्यक्ष, PPNM ग्रेटर नोएडा), साबिर अली, संयोजक, PPNM, सहारनपुर , इंद्रवीर भाटी जी (अधिवक्ता),सदस्य CORE COMMITTEE PPNM, देवेंद्र यादव सदस्य, CORE COMMITTEE ( PPNM), कर्नल रण सिंह डुंडी, अध्यक्ष SPIP, विजेन्द्र नागर, अध्यक्ष मिहिर सेना पार्टी ,सलेख गोसवामी कोषाध्यक्ष PPNM, लक्ष्य सिंह (स्टूडेंट) पवन रघुवंशी (केंद्रीय मीडिया प्रभारी), रमेश चंद्र , संजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज कुमार, जयराम यादव, नवनीत तोमर (मीडिया प्रभारी मोदी नगर), डॉ किशन लाल शर्मा (मीडिया प्रभारी मोदी नगर), कुलदीप, जितेंद्र आदि ।

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बझैड़ा कला का वार्षिकोत्सव मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** धौलाना विकास खंड के बझैड़ा कला में संचालित पीएम श्री कंपोजिट संयुक्त से कहा कि पीएम श्री विद्यालयों के रूप में चयनित विद्यालयों को मॉडल विद्यालय के रूप में बनाना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है,जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास के



विद्यालय का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता व देशराज वत्स ने साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नदीम चौधरी,ऋचा शंकर सिंह,असलम,आरिफ,डा.शौकीन,अबरार,रिज वान,इमरान, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने विकास कार्यों व कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, मनरेगा के द्वारा कपूरपुर में तालाब की कराई साफ सफाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना।** मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड धौलाना के ग्राम कपूरपुर में मनरेगा के अंतर्गत कराये जा विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही कंपोजिट विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके द्वारा बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता भी परखी। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी

- विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये
- कंपोजिट विद्यालय में बच्चों की परखी शैक्षिक गुणवत्ता

हिमांशु गौतम ने धौलाना तहसील क्षेत्र के गांव कपूरपुर में मनरेगा के तहत कराये जा रहे विकास कार्यों को निरीक्षण किया। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान कार्यों में गुणवत्ता एवं ग्राम के अंदर स्थापित सभी तालाबों का सौंदर्यकरण कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जो भी कार्य कराए जा रहे हैं,उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने कपूरपुर के कंपोजिट विद्यालय का भी निरीक्षण किया





गया। उन्होंने संबंधित शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता को समय-समय परखा जाए और बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षा के महत्व को समझाया जाए। सीडीओ ने कंपोजिट विद्यालयों के बच्चों से किताबों को पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी देशराज वत्स एवं संबंधित क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापक उपस्थित रहे।

# खेलों के माध्यम से बच्चे अपना भविष्य संवार सकते है: रीतु तोमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन एल एन पब्लिक स्कूल मैं किया गया। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मलिक एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंधक एल एन पब्लिक स्कूल पंकज अग्रवाल व जयवीर सिंह पूर्व प्राचार्य डाइट,प्रिंसिपल एलएन पब्लिक स्कूल आराधना बाजपेई द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला व्यायाम शिक्षक









अतिथियों पुरस्कृत कर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्राचार्य जितेंद्र मनप्रीत खैरा के नेतृत्व में मार्च पास्ट का आयोजन कर मनचासीन अतिथियां को सलामी दी गई।

मुख्य अतिथि व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर द्वारा हरी झंडी

- बेसिक शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन
- विजेता बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर दिया आशीर्वाद

दिखाकर 50 मीटर दौड़ का आयोजन कर मैदान पर खेलों को शुरू कराया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रथम स्थान पर आने वाले बच्चों द्वारा मंडल स्तर पर और उसके बाद मण्डल स्तर पर प्रतिभाग किया जाएगा। यहीं बच्चे आगे जाकर राज्य व राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय योगेश गुप्ता ,देशराज वत्स धौलाना,सर्वेश कुमार सिंभावली एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगर मनोज गुप्ता द्वारा अपने-अपने ब्लॉक की टीम का नेतृत्व किया गया। ब्लॉक पीटीआई जय श्री,सरिता चौधरी,सत्येंद्र कुमार,आशा कुमारी, ललित,मीनू,रजनी, मीनाक्षी,सीमा, निधि,गार्गी,लोकेश, मिर्शीद द्वारा मैदान पर रहकर रेफरी के रूप में खेलों का आयोजन कराया गया। मंच संचालन संजय शर्मा अंजू आजाद डा .रेनू द्वारा किया गया। जनपद स्तरीय खेलो में अलग-अलग इवेंट्स कराई गयी। जिसमें प्राथमिक स्तर पर 50 मी.दौड़ सुभान,अलीना धौलाना, 100 मी.दौड़ में ताबीश धौलाना,राशि गढ़मुक्तेश्वर,200 मी.रोहित गढ़,राशि गढ़,400 मी.में सुभान व साइला धौलाना ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मी.दौड़ में सालिम धौलाना,सौम्या सिंभावली,200 मी.प्रशांत सिंभावली,सौम्या सिंभावली, 400 मी. चिराग,दरक्षा सिंभावली,लंबी कूद में प्रशात,रजिया,ऊंची कूद में कुनाल हापुड़,सौम्या सिंभावली,गोला फेंक में सरफाराज धौलाना,लक्ष्मी गढ़ ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर व्यवस्था प्रभारी अखिलेश शर्मा,दिव्या ,आस मोहम्मद,हरेंद्र ,रश्मि शर्मा,आकांक्षा त्यागी ,शिखा ,मुइन आलम,मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

# धौलाना तहसील प्रशासन ने ठंड के चलते धौलाना लेखपाल द्वारा जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया कंबलों का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलाना में बढ़ती ठंड में तहसील प्रशासन ने कराये चार दर्जनों से अधिक कंबल वितरण।हाल ही में पिछले तीन से चार दिन में कड़ाके की ठंड पड़ने से आम गरीब जरूरतमंदों को ठंड से बुजुर्ग लोगों को हो रही परेशानी के चलते धौलाना तहसील प्रशासन द्वारा हल्का लेखपाल निर्देशपाल ने जरूरतमंद बुजुर्ग? को 50 से अधिक कंबलों का वितरण कर जरूरतमंदों की मदद की।इस दौरान धौलाना हल्का लेखपाल निर्देशपाल ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है ताकि ठंड से बच सके।उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति छूट गये है।उन्हने भी जल्दी कंबल वितरण किये जायेगे।इस दौरान उन्होंने वहां के लोगों का हालचाल भी जाना साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों के लिए हर संभव मदद करने के लिए प्रशासन प्रयासरत है।प्रशासन लगातार ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर रहे हैं ताकि कोई गरीब की जान ठंड से नहीं जाए।







# संसार की सारी समस्याओं का समाधान रामचरितमानस में है: पं. रोहित आचार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कथा व्यास पं0 रोहित आचार्य महाराज ने कहा कि बताया की ब्रह्मा के अवतार महर्षि वाल्मीकि हुए व बाल्मिक के ही अवतार गोस्वामी तुलसीदास महाराज हुए जिन्होंने संपूर्ण श्री रामचरितमानस हिंदी में लेखन किया। मंगलवार को श्री बाला जी धाम अछेजा पुल में चल रही भव्य श्री राम कथा मे चतुर्थ दिवस की कथा श्रवण कराते हुए बागेश्वर धाम सरकार के मुख्य अंग सेवक परम आदरणीय कथा व्यास पं रोहित आचार्य राम कथा सुना रहे थे। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने विचार किया कि कलयुग में लोगों की समझ में संस्कृत भाषा जल्दी नहीं आएगी,मंदबुद्धि के लोग होंगे आलसी होंगे,इसलिए उन्होंने हम जैसे लोगों के उद्धार के लिए श्री रामचरितमानस का हिंदी में लेखन किया और इस संसार की सारी समस्याओं का समाधान रामचरितमानस में है। उन्होंने राम कथा श्रवण कराते हुए बताया कि जब इस पृथ्वी पर ज्यादा अत्याचार पापचार दुराचार भ्रष्टाचार बढ़ता है तो भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं । भगवान के 24 अवतार बताए हैं,उनमें से एक अवतार अभी संबलपुर नगर में विष्णु यश ब्राह्मण के यहां कलकी रूप में होगा और धर धर्म की स्थापना करेंगे। आज चतुर्थ दिवस की कथा मे भगवान श्री राम चंद्र जी का प्राकट्य





उत्सव बड़े ही धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इससे पूर्व स्वामी अशोकाचार्य महाराज व स्वामी यशवर्धनाचार्य महाराज ने व्यास पीठ का पूजन कर चतुर्थ दिवस की कथा का शुभारंभ किया। मंगलवार को जनप्रतिनिधि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी व श्री धाम वृंदावन धान से संत नवनीत प्रिय दास महाराज का आगमन हुआ।

इस अवसर पर प्रिंस गोयल,आरती गोयल,नेहा गोयल, मोहित गोयल, कपिल, सतीश चन्द्र,हर्ष शर्मा, अनिता गोयल,सुशील शर्मा,अरविंद शर्मा,योगेंद्र सहित सैकड़ों की संख्या मे भक्त मौजूद रहे।

## पेंशनर्स दिवस — पीएम व सीएम के नाम सीडीओ को सौंपा 9 सूत्रीय मांग पत्र

# रोडवेज बसों में पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा मिले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को पेंशनर्स दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने नौ सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजे गये मांग पत्र में कहा कि पेंशनर्स एव वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल यात्रा में कोरोना काल से पूर्व की भांति छूट,उत्तर प्रदेश रोडवेज की बसों में पेंशनर्स एवं पारिवारिक पैंशनर्स को निःशुल्क यात्रा,सवेरा योजना में पंजीकरण के साथ,दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा पद्धति में चिकित्सा,पुलिस एव प्रशासन विभाग के अधिकारियों नामित कर चिकित्सालयो के ओपीडी पर फलैकसी बोर्ड लगाने,सातवें वेतन आयोग के लागू होने के बाद दिनांक 01 जनवरी 2016 के पश्चात सेवा दिनांक 30 जून तथा 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्त कार्मिकों को सम्बंधित ज़िला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आवश्यक औपचारिकताए पूर्ण कराकर काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किये जाने की कार्रवाई, आयु सीमा 65 वर्ष,71वर्ष ,76 वर्ष ,81 वर्ष ,86 वर्ष,91 वर्ष तथा 96 वर्ष पर 15,25,35,45,60,75 तथा 100 प्रतिशत अतिरिक्त पैंशन अनुदान भुगतान, बेसिक शिक्षा विभाग में विगत दस वर्षों से सेवा निवृत्त शिक्षकों के लम्बित सामूहिक बीमा की धनराशि का भुगतान कराने,सेवानिवृत्त कार्मिक की सम्मानजनक विदाई के समय ही राशिकरण,ग्रेचुइटी,पेंशन जीपीएफ में जमा राशि का 90त्न भुगतान आदेश और जिला स्तर पर पेंशनर्स समस्या निस्तारण समिति के गठन की मांग की गई जिसका सभी उपस्थित पैंशनर्स ने एकमत से समर्थन किया।



सीडीओ को विजय पाल आर्य जिला महासचिव ने कहा कि मांग पत्र पर कारवाई नहीं किये जाने पर आन्दोलन को विवश होने की चेतावनी दी।

इस अवसर पर एडीएम संदीप कुमार, मुख्य कोषाधिकारी पारुल, पेंशनर्स कटार सिंह गुर्जर जिला उपाध्यक्ष,अनिल कुमार गुप्ता जिला सचिव, किरेंद्र शर्मा विशेष सलाहकार, जगनंदन वर्मा संप्रेक्षक, श्याम सुन्दर यादव पेशकार,श्याम सिंह यादव एडीसीओ, धर्मेन्द्र जाखड अध्यक्ष सयुंक्त पैंशनर्स, मुनेन्द्र त्यागी, एनके शर्मा जिला महासचिव पुलिस पैंशनर्स एसोसिएशन, एनके वर्मा, योगेश वर्मा, सतीश शर्मा, दुष्यंत शर्मा, ओमप्रकाश, राजबाला त्यागी, मुरती देवी,गोपाल सिंह, खेमचनद, वेद प्रकाश शर्मा ,महेन्द्र कुमार चनदरपाल सिंह दरोगा, मुखबीर सिंह, रजिस्ट्रार कानूनगो, ब्रह्मानंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने धीरखेड़ा में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा मेरठ रोड स्थित धीरखेड़ा इंडस्ट्रीज क्षेत्र में करीब वार्ता भी की। आपको बता दें,कि धीरखेड़ा इंडस्ट्रीज क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा पिछले काफी समय से उद्योग बंधु की बैठक में उच्चाधिकारियों से मिलकर धीरखेड़ा



चार करोड़ से कराये जा विकास कार्यों का कमिश्नर ने निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही धीरखेड़ा इंडस्ट्रीज के व्यापारियों से इंडस्ट्रीज क्षेत्र में विकास कार्य कराने की मांग उठाते आ रहे है। उनकी मांग को मानते हुए हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा धीरखेड़ा इंडस्ट्रीज क्षेत्र में 2 करोड़ 42 ने

- एचपीडीए धीरखेड़ा क्षेत्र में करा रहा है,करीब 4 करोड़ से विकास कार्य
- व्यापारियों द्वारा पिछले काफी समय से विकास कार्य कराने की मांग उठा रहे थे

सीमेंट नाला निर्माण व एक करोड़ 62 लाख से कंक्रीट काली सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

मंगलवार को कमिश्नर व हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष सेल्वा कुमारी जे उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ व जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के साथ धीरखेड़ा इंडस्ट्रीज क्षेत्र में पहुंची,जहां उन्होंने एचपीडीए द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही कमिश्नर ने व्यापारियों से वार्ता की।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय


# अडानी मुद्दे पर कुछ दिखावे के लिए राहुल व कांग्रेस के साथ जुड़े



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

यह संयोग है या प्रयोग कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी ने संसद के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के कन्नी काटी और अडानी मुद्दे पर संसद ठप्प करने में शामिल होने से इनकार किया। उसके बाद ममता बनर्जी के विपक्षी गठबंधन का नेता बनने की चर्चा शुरू हो गई? यह सही है कि ममता बनर्जी ने खुद ही चर्चा शुरू कराई। उन्होंने कहा कि, इंडिया ब्लॉक का गठन उन्होंने किया है और इसलिए मौका मिले तो उसका नेतृत्व करना चाहेंगी। हालांकि हकीकत यह है कि विपक्ष का गठबंधन बनाने का ममता का, के चंद्रशेखर राव का और अरविंद केजरीवाल का प्रयास विफल था। अभी जो विपक्षी गठबंधन है वह नीतीश कुमार का बनाया है, जिसमें ममता बनर्जी भी थीं और बाद में नीतीश व ममता दोनों बाहर हो गए। परंतु पहले ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वह अडानी के मसले पर संसद ठप्प करने के पक्ष में नहीं है और उसके सांसदों ने कांग्रेस व दूसरी विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन में शामिल होना बंद किया। उसके बाद ममता ने इंडिया ब्लॉक का नेता बनने की इच्छा जाहिर की और फिर एक एक करके तमाम विपक्षी पार्टियां उनका समर्थन करने लगीं। उद्धव ठाकरे की शिव सेना के नेता संजय राउत ने भी उनका समर्थन किया तो शरद पवार ने भी उनका साथ दिया। कांग्रेस के ऑल वेदर फ्रेंड माने जाने वाले लालू यादव ने तो यहां तक कहा कि ममता बनर्जी को नेता बना देना चाहिए और कांग्रेस अगर विरोध करती है तो उस पर ध्यान देने की जरुरत नहीं है। इनमें से उद्धव ठाकरे एकमात्र नेता हैं, जिन्होंने खुल कर अडानी का विरोध किया था लेकिन ऐसा लग रहा है कि उनका विरोध महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक सीमित था और वह भी अडानी के एक धारावी प्रोजेक्ट को लेकर था। सिद्धांत रूप से वे अडानी, अंबानी विरोधी नहीं माने जाते हैं। आखिर अंबानी के यहां शादी में बाराती बन कर जितने नेता शामिल हुए थे उनमें राहुल या नेहरू गांधी परिवार के अलावा बाकी सारे विपक्षी नेता शामिल ही थे। ममता भी थीं और लालू प्रसाद का पूरा परिवार भी था और अखिलेश यादव भी सपरिवार पहुंचे थे। लेफ्ट के नेता जरूर नहीं गए थे लेकिन संभवतः उनको बुलाया भी नहीं गया हो। लेकिन सोनिया गांधी के परिवार को न्योता देने तो मुकेश अंबानी खुद पहुंचे थे। सो, पहले ममता बनर्जी की पार्टी ने अडानी के नाम पर संसद ठप्प करने इनकार किया और उसके बाद अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने भी यही लाइन पकड़ी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सांसद पत्नी डिंपल यादव ने कहा कि अडानी मामले से सपा का कोई लेना देना नहीं है। सवाल है कि कांग्रेस का भी क्या लेना देना है? फिर भी कांग्रेस ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया है क्योंकि एक के बाद एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूह, पत्रकारों का संगठन और विदेशी सरकारें या उनकी एजेंसियां अडानी समूह को कठघरे में खड़ा कर रही हैं। अडानी दुनिया में क्रोनी कैपिटलिज्म के प्रतीक बने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके संबंधों को उछालने से बड़ा राजनीतिक नैरेटिव बनता है। इसलिए कांग्रेस और राहुल गांधी यह मुद्दा उठा रहे हैं। लेकिन बाकी विपक्षी पार्टियां या तो इससे अलग हो रही हैं या दिखावे के लिए कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रही हैं। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव की पार्टी विपक्ष के विरोध प्रदर्शन से अलग हो गई लेकिन लालू प्रसाद और शरद पवार की पार्टी विरोध प्रदर्शन में शामिल है। एक और सत्य कि शरद पवार का तो अडानी विरोध कभी रहा ही नहीं है। फिर उनकी पार्टी के अडानी के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि वह सिर्फ दिखावा है। आखिर चाचा भतीजे यानी शरद पवार और अजित पवार ने स्वीकार किया है कि 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन में गतिरोध पैदा हुआ था तो ये सभी लोग अडानी के साथ बैठे थे सरकार बनाने के लिए। अजित पवार ने कहा था कि अडानी के घर पर गौतम अडानी की मौजूदगी में भाजपा और एनसीपी के नेताओं की बैठक हुई थी।

# राजेंद्र शर्मा के तीन व्यंग्य



### 1. हलाल या टका तेरा क्या होगा रे जनतंत्र!

वैसे ये भी अच्छा ही है कि मोदी जी जोर का झटका धीरे से लगाने में विश्वास करते हैं। वन नेशन, वन इलेक्शन का ही देख लीजिए। मोदी जी चाहते तो एक ही झटके में वन नेशन नो इलेक्शन कर सकते थे। कर सकते थे कि नहीं कर सकते थे! था कोई उनका हाथ पकड़ने वाला। संसद में अच्छा-खासा बहुमत है। राष्ट्रपति, मोदी जी जहां कहें, वहीं मोहर लगाने को तैयार हैं। न्यायपालिका बटुए में न सही, जेब में तो जरूर है। विरोध करने वालों के मुंह बंद कराने के लिए ईडी से लेकर सीबीआई, एनआईए तक और नये राजद्रोह कानून से लेकर यूएपीए तक, सारे पुख्ता इंतजामात हैं। मीडिया, गोदी में सवार है। और क्या चाहिए था।

मगर नहीं किया। एक झटके में वन नेशन मैनी इलेक्शन से वन नेशन नो इलेक्शन नहीं किया। सिर्फ मैनी इलेक्शन से वन इलेक्शन किया; जिससे झटका भले जोर का हो, पर धीरे से लगे।

इसका मतलब यह नहीं है कि मोदी जी के न्यू इंडिया की प्रगति एक इलेक्शन पर ही रुक जाएगी। आएगा, वन नेशन नो इलेक्शन का भी नंबर आएगा। राम जी ने चाहा, तो जल्द ही आएगा। पर तब तक वन नेशन में वन इलेक्शन। पहले ही कहा, मोदी जी जोर का झटका धीरे से लगाने में विश्वास करते हैं।

वैसे ऐसा भी नहीं है कि मोदी जी हमेशा झटका, धीमे से लगाने में ही विश्वास करते हों। तब तो हलाल का मामला हो जाता और मोदी जी को मुसलमानों के साथ अपना नाम जोड़ा जाना जरा भी पसंद नहीं है। आखिर, मोदी जी के राज में हलाल के सबसे बड़े विरोधी तो उग्र शाकाहारी हिंदू ही हैं। उनकी भावनाओं का आदर तो मोदी जी को भी करना ही पड़ता है। यानी मोदी जी झटके की तरह झटका करना भी बखूबी जानते हैं, हालांकि वह खुद शुद्ध से भी शुद्ध शाकाहारी हैं।

2002 में गुजरात में क्या हुआ था, भूल गए क्या ? गोधरा में रेल के डिब्बे में आग लगने के बाद, हफ़्तों पूरे गुजरात में हुआ था, उसे हलाल तो किसी भी तरह से नहीं कह सकते हैं। या नोटबंदी में जो हुआ था, उसे? था तो वह भी झटके का ही मामला। एक ही झटके में लोगों को बैंकों की लंबी-लंबी लाइनों में लगा दिया था। और कोरोना काल में भी लॉकडाउन किसी झटके से कम नहीं था। लाखों मजदूरों को पांव-पांव अपने गांव लौटने के लिए, बड़े-छोटे तमाम शहरों से बाहर धकेल दिया गया। रास्ते में पुलिस के डंडे खाए, सो ऊपर से। और तो और, रफाल मामले तक में मोदी जी ने सालों में हुए खरीद के समझौते का झटका कर दिया और छोटे अंबानी के पुंछल्ले वाला, अपना नया सौदा आगे कर दिया।

लेकिन, इस सब का मतलब यह भी नहीं है कि मोदी जी की ज्यादा प्रैक्टिस झटका करने की ही है; कि वन नेशन वन इलेक्शन के मामले में पहली ही बार वह इसका ख्याल रख रहे हैं कि जोर का झटका धीमे से लगे। मोदी जी ने साथ चलाते-चलाते शिव सेना के साथ क्या किया था? अकाली दल के साथ भी। और तेलुगू देशम के साथ। बीजू जनता दल के साथ। अजित सिंह के लोक दल के साथ। और तो और नीतीश बाबू के जदयू के साथ भी।

हलाल अगर मुसलमानों के साथ चिपकने की वजह से वर्जित नहीं हो गया होता, तो मोदी जी हलाल के भी मास्टर कहलाते। और हलाल का सलूक सिर्फ साथ चलने वाली राजनीतिक पार्टियों तक ही सीमित नहीं था। कश्मीर के मामले में तो मोदी जी ने एक के बाद एक, हलाल और झटका, दोनों ही आजमा डाले। पहले, महबूबा के साथ सरकार में बैठकर उसी डाल पर धीरे-धीरे आरी चलाते रहे, जिस पर बैठे थे। और जब डाल करीब-करीब कट गयी तो, एकदम से डाल से नीचे कूद गए। और गेयर बदलकर डाल को झटके से हलाल कर दिया। फिर भी हो सकता है, मोदी जी का झटके का ही स्कोर ज्यादा बैठे। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तराखंड आदि में विरोधी सरकारों के विधायक खरीद-खरीद के जो झटका किया है, उसे भी तो हिसाब में लेना पड़ेगा।

सच्ची बात तो यह है कि मोदी जी ने इस मामले में विपक्ष वालों को पूरी तरह से कंफ्यूज कर के रखा हुआ है। बेचारे समझ ही नहीं पा रहे हैं कि मोदी जी देश के संविधान के साथ जो कर रहे हैं, उसे हलाल कहेंगे कि झटका। उन्हें कभी लगता है कि संविधान को हलाल किया जा रहा है और कभी लगता है कि झटका किया जा रहा है। अलबत्ता वन नेशन नो इलेक्शन हो जाता, तो फिर भी विपक्ष वालों को कम से कम कुछ क्लेरिटी तो मिल जाती कि संसदीय जनतंत्र का झटका हो रहा है। लेकिन, उसमें भी मोदी जी ने मामला वन इलेक्शन पर अटका दिया। अब इसे संसदीय जनतंत्र का झटका होना, कहें भी तो कैसे कहें? अब तक कई चुनाव थे, अब एक चुनाव है; फिर भी चुनाव तो है! इसे जनतंत्र का झटका होना कहें भी तो कैसे?

तो क्या जनतंत्र का गला अब भी धीरे-धीरे ही रेता जाएगा– हलाल! हलाल की तोहमत लगवाना मोदी जी को हर्गिज मंजूर नहीं होगा। तभी तो वन इलेक्शन में, मोदी जी ने एक तत्व झटके का भी रखा है। वन नेशन की तुक वन इलेक्शन से बखूबी मिलती तो है, पर वन इलेक्शन में ज्यादा जोर वन पर ही है, इलेक्शन पर नहीं। बेशक, वन इलेक्शन की इजाजत तो होगी, पर यह वन इलेक्शन बार-बार यानी मिसाल के तौर पर हर पांच साल पर हो ही, इसकी कोई गारंटी नहीं है। एक देश है, एक चुनाव है, एक सरकार है, बस। देश क्या हर पांच साल पर बदलता है? नहीं ना। तब हर पांच साल पर सरकार के लिए ही चुनाव कराए जाने की क्या जरूरत है? एक बार चुनाव हो गया, तो हो गया। एक बार सरकार चुन गयी, तो चुन गयी। यानी वन नेशन वन इलेक्शन वह पुल है, जिस से गुजर कर वन नेशन, नो इलेक्शन तक पहुंचा जाना है। यह वह पुल है, जिसके एक ओर संविधान का हलाल किया जाना है और दूसरी ओर झटका। यह पुल, हलाल और झटके को जोड़ने वाला पुल है। यह पुल, संविधान, जनतंत्र, सब को बीच से तोड़ने वाला पुल है। यह पुल इसकी गारंटी का पुल है कि आज अगर संविधान को धीरे-धीरे खोखला किया जा रहा है, तो कल उसे झटके से तोड़ भी दिया जाएगा। हां! अगर पब्लिक ही मोदी जी का खेल बिगाड़ने पर उतर आए, तो बात दूसरी होगी।

### 2. इट इज बहुतै डिफरेंट!

ये लो कर लो बात। मोदी जी की पार्टी और उनकी सरकार ने बांग्लादेश के हिंदुओं के दुःख-दर्द की जरा सी सुध क्या ले ली, इन सेकुलर वालों के पेट में दर्द शुरू हो गया। बांग्लादेश पड़ौसी सही, पर ये मामला तो अंतर्राष्ट्रीय हुआ। पर पट्ठों ने उसमें भी हिंदुस्तान को घुसा दिया ; जबकि बात-बेबात हरेक चीज में भारत को घुसाने के लिए, बेचारे संघी बेकार में बदनाम हैं। कह रहे हैं कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की सुध ली, बड़ा अच्छा किया, पर अपने देश के अल्पसंख्यकों की सुध कब लीजिएगा, हुजूर! बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों से मोहब्बत, अपने देश के अल्पसंख्यकों को दुत्कार, यह तो अन्याय है सरकार!

मोदी जी की पार्टी वाले गलत नहीं कहते हैं -- ये सेकुलर वाले मुसलमानों से मोहब्बत करते हों या नहीं करते हों, पर हिंदुओं से नफरत जरूर करते हैं। तभी तो उन मोदी जी के हरेक काम में नुक्स निकालते हैं, जो हिंदुओं को बचाने में जुटे हुए हैं, हिंदुस्तान तो हिंदुस्तान, दूसरे देशों में भी। और मोदी पार्टी यह भी झूठ नहीं कहती है कि हिंदू खतरे में हैं ; सिर्फ हिंदुस्तान में ही नहीं बांग्लादेश वगैरह में भी। सच पूछिए तो हिंदुओं के खतरे में होने को, मोदी-योगी आदि के राज से जोड ?ा भी सरासर ज्यादती है। वर्ना बांग्लादेश में तो मोदी जी-योगी जी का राज नहीं है, वहां हिंदू खतरे में कैसे हैं? हिंदुओं के खतरे में होने का कारण है, जॉर्ज सोरेस। जॉर्ज सोरेस है, तो अडानी खतरे में है। अडानी खतरे में है, तो मोदी जी खतरे में हैं। मोदी जी खतरे में हैं, तो हिंदू खतरे में है। हिंदू खतरे में है, हिंदुस्तान तो हिंदुस्तान, बांग्लादेश में भी।

और हां, कम से कम हिंदुओं को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि बांग्लादेश में तो हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, पर भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर कोई अत्याचार-वत्याचार नहीं हो रहे हैं। माना कि यहां-वहां लिंचिंग हो रही है, मस्जिदों-मजारों को खोदा जा रहा है, घरों पर बुलडोजर वगैरह चल रहे हैं, खास कानून वगैरह बन रहे हैं, पर अत्याचार...कभी नहीं। हिंदुओं के शब्दकोष में अत्याचार का तो शब्द ही नहीं है। हिंदुस्तान में हिंदू जो कर रहे हैं, डिफरेंट है। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो हो रहा है, डिफरेंट है। यहां मुसलमान, वहां हिंदू; इट इज बहुतै डिफरेंट!

### 3. जरा गहरा खोदो भाई

ऊपर वाले का और सिर्फ लखनऊ वाले ही नहीं, दिल्ली वाले ऊपर वाले का भी लाख-लाख शुक्र है कि संभल में खुदाई चल रही है। बल्कि खुदाई से ज्यादा ढुंढाई चल रही है। आखिर, कुछ तो मिलना चाहिए। अब बेचारे लखनऊ और दिल्ली के ऊपर वाले भी क्या करें? खुदाई-वुदाई पर तो सुप्रीम कोर्ट ने कम-से-कम अभी तो रोक लगा दी है। खुदाई छोड़िए, सुप्रीम कोर्ट वालों ने तो सर्वे तक पर रोक लगा दी है। और सिर्फ संभल में ही नहीं, बाकी हर जगह भी सर्वे तक के आदेशों पर तब तक के लिए रोक लगा दी है, जब तक बड़ी अदालत का अगला आदेश नहीं आ जाता है। सच पूछिए, तो शुरू-शुरू में तो संभल का प्रशासन भी इस फरमान से कुछ हैरान-परेशान सा हो गया। शाही मस्जिद तो मस्जिद, उसके आस-पास के इलाके में भी, योगीशाही हाथ-पांव समेट कर बैठ गयी। पर ज्यादा-से-ज्यादा दो दिन। तीसरे दिन तो बुलडोजर बाबा के बुलडोजरों ने बाकायदा मोर्चा संभाल ही लिया।

अब सुप्रीम कोर्ट के ही एक और फैसले को धता बताते हुए, जमीन से ऊपर दुकानों, मकानों वगैरह पर बुलडोजरी खुदाई शुरू हो गयी। न्याय की देवी की आंखों की पट्टी पहले ही खुल चुकी थी, सो बिना किसी मुश्किल से कपड़ों से पहचान-पहचान कर, मुसलमानों के दुकानों, मकानों पर, जमीन के ऊपर वाली बुलडोजरी खुदाई हुई। और जब बुलडोजर ही मैदान में आ गया, फिर बाकी सरकारी अमला पीछे कैसे रह जाता? जिलाधिकारी की लीडरशिप में शाही मस्जिद के इर्द-गिर्द के इलाके में अतिक्रमणों की खुदाई शुरू हो गयी। इससे मन नहीं भरा, तो मस्जिदों वगैरह पर लाउडस्पीकरों की तलाशी शुरू हो गयी। उससे भी संतोष नहीं हुआ, तो बिजली चोरी की ढुंढाई शुरू हो गयी। आखिरकार, यह गहरी खोज सफल हुई। इस इलाके में भी जमीन के ऊपर खुदाई में एक मंदिर निकल आया, वर्षों से बंद पड़ा मंदिर। रहीम दास जी इसलिए तो सैकड़ों साल पहले कह गए थे -- जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ। कहीं भी गहरा खोदोगे, मंदिर मिल ही जाएगा!




जब मस्जिद की बगल में मंदिर मिल गया है, तो क्या मस्जिद के अंदर मंदिर नहीं मिल जाएगा? बस जरा तबियत से खुदाई हो जाए। खैर, जब तक मस्जिद के अंदर मंदिर खोदकर नहीं निकाल लिया जाता है, तब तक मस्जिद की बगल वाला मंदिर सही। इस मंदिर की बस एक ही प्राब्लम है। न उसे किसी ने तोड़ा है, न कोई मंदिर को मस्जिद या मजार जैसा कुछ भी बताता है। मंदिर बस मंदिर है, बंद पड़ा मंदिर। यानी न कोई स्टोरी और न कोई विवाद। ऐसा मंदिर किसी के किस काम का पर व्हाट्सएप इतिहास में इस मंदिर की भी एक स्टोरी है। मंदिर मुसलमानों के इलाके में है और दसियों साल से बंद पड़ा है ; यानी यह जरूर एक हिंदू मंदिर पर मुसलमानों के जबरन कब्जा करने का मामला है। अभी मंदिर पर ताला लगवाया है, एक दिन वहां मस्जिद या दरगाह भी बना देंगे। वह तो योगी जी का डर है, वर्ना कभी की शाही मस्जिद की बगल में, एक नन्ही सी मस्जिद बन गयी होती। बस इस स्टोरी में एक ही समस्या है। मंदिर जिनकी मिल्कियत का हिस्सा है, वे हिंदू खुद कह रहे हैं कि मंदिर पर ताला उनके परिवार वालों ने लगाया था। करते भी तो क्या करते, मंदिर को चलाने के लिए पुजारी मिलता नहीं है और घर वाला कोई अब वहां रहता नहीं है! पर इस समस्या का समाधान भी निकलेगा। मंदिर की मिल्कियत वालों का बयान भी बदलेगा। बस खुदाई जारी रहे। जरा गहरा खोदो भाई!

**(व्यंग्यकार वरिष्ठ पत्रकार और 'लोक लहर' के संपादक हैं।)**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नये प्रतिमान गढ़ रहा है भारत



**सुनील कुमार महला**

आत्मनिर्भर भारत अभियान या आत्मनिर्भर भारत अभियान आज नए भारत का नया विजन है। 12 मई 2020 को, भारत के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र से आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरूआत करने का आह्वान किया था और आज भारत विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं को स्थापित करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभों में क्रमशः अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा, प्रणाली, जीवंत जनसांख्यिकी और मांग को शामिल किया गया है। वास्तव में,आत्मनिर्भर भारत का मुख्य उद्देश्य देश और उसके नागरिकों को हर मायने में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है।आज भारत ऊर्जा के क्षेत्र में विशेष प्रगति कर रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि ऊर्जा वह चाबी है जो किसी भी देश के विकास का द्वार खोलती है। ऊर्जा के बिना न तो जीवन की ही कल्पना की जा सकती है और न ही किसी देश के विकास की। ऊर्जा क्षेत्र में विकास से देश की अर्थव्यवस्था को विशेष गति मिलती है। उल्लेखनीय है कि आज भारत में नवीकरणीय ऊर्जा( अक्षय ऊर्जा) का दायरा (उपयोग) बढ़ रहा है, यह न केवल अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, बल्कि लाखों लोगों के लिए स्थायी आजीविका भी पैदा कर रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि नवीकरणीय ऊर्जा या अक्षय ऊर्जा में वे सारी ऊर्जाएं जैसे कि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत उर्जा, ज्वार-भाटा से प्राप्त उर्जा, बायोगैस, जैव ईंधन आदि को शामिल किया गया है, जो कि प्रदूषणकारक नहीं हैं तथा जिनके स्त्रोत का कभी क्षय नहीं होता, या जिनके स्त्रोत का पुनःभरण होता रहता है। कहना गलत नहीं होगा कि नवीकरणीय ऊर्जा का यह क्षेत्र देश के स्वच्छ हरित भविष्य , ऊर्जा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता, पर्यावरण के क्षेत्र में स्थिरता की दिशा में भारत के प्रयासों को सार्थक बनाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। आज ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता इसलिए जरूरी हो गई है क्यों कि भारत में ऊर्जा के लिए अधिकतर तेल बाहर के देशों से आयात किया जाता है।एक रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में भारत ने कच्चे तेल के आयात पर लगभग 102 बिलियन डॉलर खर्च किए थे। लेकिन आज भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक तगड़ा उछाल आया है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी( आईआरईएनए) की 2024 की वार्षिक समीक्षा के अनुसार, भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 2023 में नौकरियों की कुल संख्या अनुमानित 1.02 मिलियन तक पहुंच गई। भारत में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा कार्यबल 2022 में 13.7 मिलियन से बढ़कर 16.2 मिलियन हो गया। कहना गलत नहीं होगा कि आज भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का दायरा बढ़ने से न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है बल्कि इससे स्थाई रोजगार भी पैदा हो रहें हैं।

# घरेलू विवाद से दहेज के झूठे मामलों में उलझते पुरुष

पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो खास तौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे कि धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है।

पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5% मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुकसान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए।

पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। लिंग-तटस्थ कानूनों के लिए लिंग न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए नीति सुधार। घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में, घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं यह पैतृक शिकायतों को सम्बोधित करते हुए बच्चे के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देता है। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। कार्यस्थल कल्याण कार्यक्रमों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत करके और जागरूकता अभियान बनाकर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने वाली समर्पित नीतियाँ स्थापित करें। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। झूठे आरोपों को सम्बोधित करनाः कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न के मामलों में झूठे आरोपों को रोकने और दंडित करने के लिए कड़े तंत्र लागू करें। लैंगिक न्याय के प्रति संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत उपाय पुरुष कल्याण आयोगों की स्थापना है। कानूनी सहायता और परामर्श सहित पुरुषों से जुड़े विशिष्ट मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए महिला आयोगों के समान राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर वैधानिक निकाय बनाएँ। यूनाइटेड किंगडम में एक "पुरुष और लड़के गठबंधन" है जो मानसिक स्वास्थ्य और पैतृक अधिकारों जैसे मुद्दों की वकालत करता है। घरेलू हिंसा या दुर्व्यवहार के पुरुष पीड़ितों के लिए तत्काल सहायता और सहायता तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए लिंग-तटस्थ हेल्पलाइन और आश्रय स्थापित करें। भारत में (हिंसा और दुर्व्यवहार के विरुद्ध पुरुष) पहल दुर्व्यवहार के पुरुष पीड़ितों को सहायता प्रदान करती है। घरेलू हिंसा, हिरासत और दुर्व्यवहार से जुड़े मामलों में निष्पक्ष उपचार सुनिश्चित करने के लिए लिंग-तटस्थ दृष्टिकोण और पुरुषों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन अधिकारियों को प्रशिक्षित करें।

केरल में पुलिस के लिए नियमित संवेदीकरण कार्यशालाओं के परिणामस्वरूप लिंग-आधारित शिकायतों का अधिक संतुलित संचालन हुआ है। संगठनों को समावेशी कार्यस्थल नीतियाँ अपनाने के लिए बाध्य करें जो पितृत्व अवकाश, पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे मुद्दों को सम्बोधित करती हैं। स्वीडन की पैतृक अवकाश नीति पिताओं को समान अवकाश प्रदान करती है, जो घर पर साझा पालन-पोषण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देती है। लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों के अधिकारों को समान ईमानदारी से सम्बोधित करने की आवश्यकता है।



**प्रियंका सौरभ**

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — कुछ ऐसा होगा जिसकी अब तक होने की प्रतीक्षा थी, घर या दुकान सही जगह पर खरीदें,अपने कार्य में प्रसिद्धि बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-80

**वृषभ** — कफ, शुगर जनित रोग बढ़ सकते है, मीठे का सेवन भी कम करे, मुश्किल कार्य में लोगों का सहयोग मिलेगा, टैलेंट से लोग जल सकते है। भाग्य प्रतिशत-57

**मिथुन** — तनाव कम करने हेतु किसी विवाद को पैसा देकर समाप्त कर सकते है, नौकरी में स्तिथि बिगड़ सकती है,विदेश यात्रा का मार्ग प्रशस्त होगा। भाग्य प्रतिशत-60

**कर्क** — बड़े खर्चे हो सकते है, जो चाह रहे थे उसकी मंजिल करीब ही है, अपने ज्ञान से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे। भाग्य प्रतिशत-78

**सिंह** — अचानक नस में खिंचाव,वाहन को नुकसान,चोट लग सकती है ध्यान रखें, काम में मन लगेगा लेकिन कुछ लोगों के कारण घर में टेंशन सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-54

**कन्या** — प्रेम समबन्ध होने से मन खुश रहेगा, बात गुप्त रखेंगे, मनोरंजन के क्षेत्र से जुड़े है तो कार्य मिलता जाएगा, लोगों से मिले तो उन्हें परखें। भाग्य प्रतिशत-77

**तुला** — नौकरी में नोटिस मिल सकता है ढिलाई ना बरते, मकान बनाने के लिए पैसा कम पड़ सकता है, भगवान शंकर की उपासना करें। भाग्य प्रतिशत-50

**वृश्चिक** — पिता की सेहत ढलती जाएगी ध्यान रखें, पैसे का लेनदेन सावधानी से करें, विवाह ना होने से मायूस ना हो मार्ग खुलेगा। भाग्य प्रतिशत-52

**धनु** — सगे सम्बन्धीयो के यहां से निमन्त्रण मिल सकता है, रात्रि में पत्नी से विवाद सम्भव है, कोई लाभ पाने के लिए दूसरा तरीका अपनाने से नहीं चुकेगे। भाग्य प्रतिशत-76

**मकर** — मकर- कंसल्टेशन, कला, रेडीमेड गारमेंट व्यवसाय से धन लाभ होगा, इगो बढ़ाने की जगह डिप्लोमेटिक रहे आगे बढ़ेंगे, अपना प्लान मित्रों से ना कहे। भाग्य प्रतिशत-66

**कुंभ** — कुम्भ- घर पर कुछ मीठा या अन्य पकवान बना सकते है, होम डेकोरेशन, लेडीज टेलर का कार्य चलेगा, कुछ खरीदारी सम्भव है, कुछ भूल सकते है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-76

**मीन** — मीन- किसी महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग मिलने से आसानी हो जाएगी, धार्मिक प्रवचन भी सुन सकते है,भाई बहनो के घर कुछ शुभ कार्य की सूचना मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-80



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# मोदीनगर मंडल अध्यक्ष पद के लिए दाखिल किए नामांकन पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया बड़े जोरों से चल रही है। चुनावी प्रक्रिया की इसी कड़ी में मंगलवार को छतरी वाला शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित एक बैठक के दौरान मोदीनगर शहर के मंडल अध्यक्ष पद हेतु दर्जन भर से अधिक दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। मंगलवार को बस स्टैंड के निकट स्थित छतरी वाला शिव मंदिर के प्रांगण में मोदीनगर शहर के मंडल अध्यक्ष पद हेतु करीब बीस दावेदारों ने मंडल चुनाव अधिकारी देवेंद्र चौधरी के समक्ष अपने-अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये। मोदीनगर शहर के मंडल अध्यक्ष पद हेतु नामांकन पत्र प्रस्तुत करने वालों में आकाश शर्मा, अमितेज जैन, नवीन जायसवाल, आशीष कश्यप, आयुष गोयल, नीरज माहेश्वरी, अनिरुद्ध माहेश्वरी, हेमंत पालीवाल, मधुसूदन शर्मा, कृष्ण पाल चौहान, अंजलि चौधरी, हिमांशु थापर, अरुण कुमार सैन, दौलत राम जांगिड़, बलराज सिंह, मयंक शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, नितिन मित्तल, विमल शर्मा, महेश कुमार शर्मा आदि के नाम शामिल है।




जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान के मुताबिक मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 वर्ष से 45 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित की गई है। और मंगलवार को ही जिला कार्यालय पर आयोजित एक बैठक में मंडल चुनाव अधिकारी सभी नामांकन पत्र जिला कार्यालय को सौंप देंगे। जहां नामांकन पत्रों की जांच कर प्रदेश कार्यालय को भेजा जाएगा। और प्रदेश कार्यालय से मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा होगी। जिला अध्यक्ष के मुताबिक इस प्रक्रिया में करीब एक सप्ताह का समय लगने की संभावना है।

इस अवसर पर मंडल चुनाव अधिकारी देवेंद्र चौधरी के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र त्यागी, विजय वाल्मीकि, पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, नितिन जिंदल आदि मौजूद थे।

**निकाय चुनाव के बागी भी है मंडल अध्यक्ष पद की दौड़ में**

वर्ष 2022 में हुए निकाय चुनाव में भाजपा से सभासद पद हेतु टिकट न मिलने पर पार्टी से बगावत कर भाजपा प्रत्याशी के ही सामने स्वयं चुनाव लड़ कर अथवा अपनी धर्मपत्नी को चुनाव लड़वा कर भाजपा प्रत्याशी की हार का कारण बनने वाले कई दावेदारों के नाम भी मोदीनगर शहर से भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के दावेदारों की सूची में शामिल हैं। इसके अलावा निर्धारित आयु सीमा से बाहर कई दावेदार भी इस सूची में शामिल हैं। इस बाबत पूछे गए सवाल पर जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान ने कहा कि नामांकन पत्रों की गहन जांच पड़ताल के बाद ही प्रदेश संगठन द्वारा मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की जाएगी।

# साँग आफ अलीगढ़ का सर सैयद अकादमी में विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर समी रफीक द्वारा प्रगति के प्रभावों, प्राकृतिक पर्यावरण और आवासों को बर्बाद करने, पहचान के मुद्दों और स्थानों, घरों, पेड़ों, नदियों और तालाबों के साथ संबंधों और बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाने वाले कवियों द्वारा रोजमर्रा की जिंदगी की लड़ाइयों का प्रकृति और संस्कृति पर रचित कविताओं के ह्यपोयम्स ऑफ अलीगढह्य (2024) पर आज एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक चर्चा की गयी। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की सर सैयद अकादमी द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में प्रतिष्ठित कवि, लेखिका और संपादक प्रोफेसर सुकृता पॉल कुमार और एएमयू की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून के साथ प्रोफेसर फरहत हसन (दिल्ली विश्वविद्यालय), साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता बहुभाषी लेखक और सर सैयद अकादमी के निदेशक, प्रोफेसर शाफे किदवई, और प्रोफेसर आयशा मुनीरा ने पुस्तक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शिक्षकों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

प्रोफेसर सुकृता पॉल कुमार ने पुस्तक में अलीगढ़ को एक रूपक के रूप में देखा, जो केन्या में जहाँ उन्होंने अपना बचपन बिताया या कहीं और रहने वाले पाठकों के दिलों को छूता है। उन्होंने कहा कि समी रफीक की कविताएँ न केवल अतीत का स्मरण कराती है बल्कि बेहतर भविष्य की उम्मीद भी जगाती हैं। उन्होंने रोजमर्रा की जिंदगी की लड़ाइयों को भी देखा, जिसका दस्तावेजीकरण किया गया है और जो ह्यह्यपोयम्स ऑफ अलीगढह्यह्य में झलकती हैं।प्रोफेसर कुमार ने कवि को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों के इर्द-गिर्द पुस्तक की योजना तैयार करने और उसे रचने में विचारों का वास्तुकार कहा। उन्होंने विशेष रूप से एक कविता की प्रशंसा की, जो एक पेड़ को आवाज देती है और सर सैयद से शुरू होकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पर्यावरणीय इतिहास को व्यक्त करती है। एएमयू की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने अलीगढ़ पर प्रकृति कविताओं का संग्रह लाने के लिए प्रोफेसर समी रफीक को बधाई दी, जो अंग्रेजी में इस तरह का पहला संग्रह है। उन्होंने एएमयू परिसर के शैक्षणिक जीवन को समृद्ध करने वाले नियमित अंतराल पर साहित्यिक चचाओं के आयोजन के लिए सर सैयद अकादमी और इसके निदेशक की भी सराहना की। प्रोफेसर फरहत हसन ने पर्यावरण क्षरण के बारे में गहरी पीड़ा व्यक्त करने के लिए पुस्तक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कविताएँ न केवल दर्द और पीड़ा व्यक्त करती हैं, बल्कि आधुनिकीकरण की शक्तियों के कारण प्रकृति के साथ जैविक संबंध के टूटने पर भी शोक व्यक्त करती हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तक में शामिल कविताओं ने उनके शहर अलीगढ़ में उनके अपने टूटे हुए मूल्यों को फिर से स्थापित किया है।

प्रोफेसर हसन ने पुस्तक में कवि के घरों, पेड़ों और तालाबों जैसी वस्तुओं के साथ संबंधों के माध्यम से भावनाओं की एक बहुत ही मजबूत अभिव्यक्ति की निशानदेही की और रोजमर्रा की जिंदगी का दस्तावेजीकरण करने वाले इतिहासकारों और संघर्ष की एक अलग रोजमर्रा की प्रकृति को व्यक्त करने वाले कवि के बीच स्पष्ट अंतर करते हुए, उन्होंने पोयम्स ऑफ अलीगढ़ की प्रशंसा की, जो एक व्यक्ति के भीतर और उसके पर्यावरण में रोजमर्रा के संघर्ष का दस्तावेजीकरण करते हैं। विमर्श को आगे बढ़ाते हुए, प्रोफेसर शाफे किदवई ने मशहूर उर्दू शायर मजाज की कविता रात और रेलऔर रफीक की अलीगढ़ जंक्शन के बीच समानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोमांटिक कवि हमेशा प्रकृति की बात करते हैं।

## यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक में औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग अनुभाग में मास्टरकैम पर एक सप्ताह का व्यावहारिक औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एएमयू के वित्त अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद मोहसिन खान शामिल हुए। अपने संबोधन में, प्रोफेसर खान ने शैक्षणिक और औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए विनिर्माण प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने में मास्टरकैम सॉफ्टवेयर के महत्व पर प्रकाश डाला। मानद अतिथि, जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल प्रोफेसर मोहम्मद मुजम्मिल और ओएसडी डेवलपमेंट प्रोफेसर आसिम जफर ने कंप्यूटर-सहायता प्राप्त विनिर्माण के महत्व को रेखांकित किया। इससे पूर्व, अतिथियों का स्वागत करते हुए, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के प्राचार्य प्रो. अरशद उमर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया और आईआईटी बीएचयू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. एस.के. सिन्हा का संदेश पढ़ा, जो सीएनसी मशीनों और सीएएम सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं।

## एसआरएम आईएसटी में बहु-विषयक अनुसंधान सहयोग पर सेमिनार आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान एसआरएम आईएसटी के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बहु-विषयक अनुसंधान सहयोग पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि झेजियांग, चीन मैं स्थित निंगबो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एमेरिटस व पीजोइलेक्ट्रिक डिवाइस प्रयोगशाला के निदेशक प्रो जी वांग तथा संस्थान के निदेशक डॉ संजय विश्वनाथन द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि प्रो जी वांग ने अपने भाषण में बहुविषयक शोध के महत्व को रेखांकित किया, विशेष रूप से पीजोइलेक्ट्रिक सामग्री, सेंसर और तरंग प्रसार के क्षेत्र में। उन्होंने बताया कि ये क्षेत्र वर्तमान में तेजी से विकास कर रहे हैं और भविष्य में इनका अनुसंधान शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हो सकता है। डीन आरपी महापात्रा ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा और नवाचार को सशक्त बनाना है।




इस अवसर पर डीन आईक्यूएसी डॉ धोम्या भट्ट, डीन साइंस एंड ह्यूमेनिटीज डॉ नवीन अहलावत और विभागाध्यक्ष डॉ रूपाली सिंह आदि मौजूद थे।

# स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन हार्डवेयर संस्करण के ब्रांड फिनाले का काईट कॉलेज में हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित काईट कॉलेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) हार्डवेयर एडिशन 2024 के आधिकारिक नोडल सेंटर, काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन ने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सरिश अग्रवाल अध्यक्ष कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी, विशिष्ट अतिथि गण सुनील पी गुप्ता महासचिव- काईट, जीडी जैन कोषाध्यक्ष-काईट के साथ-साथ प्रतिभागी टीमो और सलाहकारों के स्वागत के साथ हुई। मुख्य अतिथि सरिश अयवान ने प्रतिभागियों को राष्ट्र के लिए समस्या समाधानकतों के रूप में अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान की महानिदेशक डॉ. प्रीति बजाज ने साझा किया, 'पूरे 5-दिवसीय हैकथॉन के दौरान, मैंने टीम वर्क और नवाचार का एक अविश्वसनीय प्रदर्शन देखा है। प्रतिभागियों द्वारा दिखाई गई ऊर्जा और उत्साह वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। विद्युत मंत्रालय द्वारा साझा की गई गहत्त्वपूर्ण रागस्या कथनो को संबोधित करने के लिए आपकी प्रतिबद्धता, सकारात्मक बदलाव लाने में हमारे युवाओं की दामता का प्रमाण है। प्रतिभागियों को उनके मार्गदर्शन के लिए सलाहकारों और निर्णायकों को विशेष धन्यवाद। समारोह में प्रतिभागियों, मेंटर्स और निर्णायक मंडल के सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए, तथा हैकाथॉन के दौरान अपनी यात्रा के बारे में उत्साहपूर्वक बताया।पुरस्कार वितरण समारोह में नवीकरणीय / सतत ऊर्जा विषय के अंतर्गत, टीम विक्रमा ने समस्या कथन 'आतरायिक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत करने और ग्रिड को समर्थन स्थिर करने के लिए एक कुशल ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस) का डिजाइन विकास के लिए विजेता का खिताब जीता और टीम कैटालिस्ट मेट्स और टीम मेचवेंजर्स ने संयुक्त रूप से समस्या कथन "कोयला आधारित ताप विद्युत सयत्रों से 100 प्रतिशत राख का सतत उपयोग" के जिए विजेता का खिताब जीता। इसी तरह स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी विषय के लिए, टीम ग्रीन पायनियर्स और टीम विज्ञानम ने रायुक्त रूप से समस्या कथन "औद्योगिक पैमाने पर हरित हाइ?ड्रोजन (50 टीपीडी) उत्पादन सुठिधा के लिए एक विस्तृत अवधारणा का निर्माण करें, जिसमें हाइ?ड्रोजन (एलसीओएच) की स्तरीकृत लागत 52 यूएसडी प्रति किलोग्राम से कम के लिए विजेता का पुरस्कार जीता, टीम ग्रीन गार्डियंस और टीम इको पेव ने संयुक्त रूप से समस्या कथन 'अपशिष्ट के कुशल प्रबंधन और






मूल्यवान उत्पादों में रूपांतरण के लिए अभिनव समाधान विकसित करना, अपशिष्ट से ऊर्जा अपशिष्ट पुनर्चक्रण के लिए विजेता का पुरस्कार जीता, टीम स्फिंक्सट्रॉन, टीम गरुडम और टीम इको वटैक्स ने संयुक्त रूप से समस्या कथन 'ताप विद्युत संयंत्रों से कार्बन उत्सर्जन को कम करना, मूल्य वर्धित उत्पादों के माध्यम से कार्बन कैप्चर और उपयोग के तरीके विकसित करना के लिए विजेता का पुरस्कार जीता और टीम मैवरिक 915 ने समस्या कथन 'सह-इलेक्ट्रोलाइजर का विकासः जो एक ही चरण में मेगनॉल जैसे कार्बनिक रसायनों और अमोनिया जैसे अकार्बनिक रसायनों को संश्लेषित करेगा के लिए विजेता का पुरस्कार जीता। प्रत्येक समस्या कथन के लिए विजेता टीमों को 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा नियुक्त मॅटर, नोडल सेंटर प्रमुख विकास वर्मा और मोहम्मद मुस्तकीम और निर्णायक मंडल के सदस्य शिव सुमन और आर.पी प्रधान को संस्थान में एसआईएच 2024 में उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विद्युत मंत्रालय के सीईए के मुख्य अभियंता आरपी प्रधान ने कहा, "पहले के दिनों में छात्रों को कोई व्यावहारिक शिक्षण अनुभव प्रदान नहीं किया जाता । हालांकि, मैं काईट में उत्कृष्टता केंद्रों को देखकर प्रभावित हुआ, जो कौशल विकास मंत्रालय, मर्सिडीज बैज और अन्य संगठनों के सहयोग से स्थापित किए गए हैं। यहां छात्रों को इजन, बाइक, रोबोटिक्स तकनीक पर काम करने का सही अनुभव मिल रहा है, जो वास्तव में उनके भविष्य का निर्माण करने का एक शानदार तरीका है।"अंतमें, डॉ. प्रीति बजाज ने सभी का आभार व्यक्त किया और डॉ. विभव सचान (डीन आरएंडडी) और सौरव कुमार (जीएम, टीबीआई काईट) के नेतृत्व वाली आयोजन समिति और संस्थान के विभिन्न डीन, प्रमुखों और कार्यात्मक प्रमुखों के नेतृत्व बांली अन्य समितियों के प्रयासों की सराहना की।

# दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों के बने आयुष्मान कार्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भाजपा नेत्री पूर्व सभासद निशा जयसवाल के तिबड़ा रोड स्थित आवास पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान द्वारा फीता काटकर किया गया। जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए हर उम्र और हर वर्ग के नागरिकों को लाभान्वित कर रही है। जिसमें विद्यार्थी, किसान, मजदूर, ग्रामीण, वरिष्ठ नागरिक आदि शामिल है। इस अवसर पर मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल ने कहा कि भाजपा सरकार अपने सभी वादों को पूरा कर रही है। शिविर संयोजक जिला कोषाध्यक्ष नवीन जायसवाल ने बताया कि शिविर में करीब 70 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लखनऊ जाने से रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के बुधवार को प्रस्तावित विधानसभा शांतिपूर्ण घेराव के लिए जा रहे कार्यकताओं को पुलिस द्वारा जाने से रोक दिया गया । इस अवसर पर स्थानीय पुलिस का एक दल शामली कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के कार्यालय पहुंचा तथा शासनादेश का हवाला देते हुए कार्यकताओं को लखनऊ जाने से रोका । ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विद्युत व्यवस्था के निजीकरण, महिला उत्पीड़न तथा आमजन से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर सरकार से विरोध को प्रदर्शित करने हेतु कांग्रेस पार्टी ने एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया है । लेकिन सरकार की तानाशाही ऐसी है कि एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन तथा आलोचना को स्वीकार करने में असमर्थ है । लेकिन समस्याओं से त्रस्त समाज समय आने पर अपना जवाब इस तानाशाह सरकार को देगा ।



ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि शामली से पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष वैभव गर्ग , रविन्द्र आर्य, पुनीत शर्मा , राजेश कश्यप , ठा लाखन सिंह , अमित डिम्पल शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं को लखनऊ जाने से रोका गया है।

**ऑनलाइन आवेदन**

## 22 दिसम्बर, 2024 तक प्रशिक्षक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

# हज यात्रा हेतु द्वितीय किस्त जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई ने अवगत कराया है कि हज-2025 के लिए प्रत्येक चयनित हज यात्री को द्वितीय किस्त रु 1,42,000/-जमा करने की अन्तिम तिथि 16 दिसम्बर, 2024 से बढ़ाकर 30 दिसम्बर, 2024 कर दी गयी है।

यह जानकारी देते हुए सचिव/कार्यपालक अधिकारी हज कमेटी ने बताया कि महरम श्रेणी में महिलाओं ने उत्तर प्रदेश से कुल 46 आवेदन किये थे। जिनमें सभी का चयन हो गया है। चयनित महिलाओं की सूची वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्ींरबवउउपजजममण्हवअण्पद पर उपलब्ध है। सभी चयनित महिलाओं को हज कमेटी आफ इण्डिया के खाते में प्रथम व द्वितीय किस्त एक साथ रु0 2,72,300.00 30 दिसम्बर, 2024 तक जमा करना है। उन्होंने बताया कि पे-इन-स्लिप/ऑनलाइन जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, स्वहस्ताक्षरित अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति उ0प्र0 राज्य हज समिति के उक्त पते पर डाक अथवा दस्ती 01 जनवरी, 2025 तक जमा करना आवश्यक है।

श्री तिवारी ने बताया कि हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 13 दिसम्बर से बढ़ाकर 22 दिसम्बर, 2024 कर दी गयी है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओ को हाउस अरेस्ट कर रही प्रदेश सरकार की पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य) ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस के विधानसभा घेराव कार्यक्रम से घबराई योगी सरकार पुलिस के माध्यम से कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओ को डरा धमकाकर विधानसभा घेराव में शामिल होने पर आने के लिए रोक रही है। प्रदेश के अधिक से अधिक जिलों में कांग्रेस कार्यकताओं को हाउस अरेस्ट कर धरने में शामिल होने से रोका जा रहा है जो कि निहायत ही शर्मनाक और लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार तमाम लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर आम जनता की आवाज को कुचल रही है। हम कांग्रेस के लोग इनको साफ शब्दों में चेतावनी देना चाहते हैं कि जिस तरह से यह कल के कांग्रेस के विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस तंत्र का इस्तेमाल करके हमारे कांग्रेस के कार्यकताओं को परेशान कर रहे है, रोक रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मजबूती से इसका जवाब देगी और प्रदेश व्यापी आंदोलन खड़ा करेगी।श्री राय ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता सरकार के तानाशाही रवैये, बेरोजगारी, महंगाई, जैसे मुद्दे पर सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए तैयार है। चाहे जितनी नुकीली बैरिकेडिंग सरकार कांग्रेसियों को रोकने के लिए लगाए लेकिन अब कांग्रेसी भाजपा के इस कुशासन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मन बना चुका है। श्री राय ने कहा कि हमारा कल का विधानसभा घेराव ऐतिहासिक होगा और हम भाजपा के तानाशाही और उसकी दमनकारी नीतियों से डरने वाले नहीं है। हम हर हाल में विधानसभा का घेराव करेंगे और इस प्रदेश की निरंकुश सरकार को घुटनों पर लाने का काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार अधिवक्ता को कुचला,अधिवक्ता की हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** बीती रात दिल्ली मेरठ रोड पर आयुध निमार्णी फैक्टरी गेट के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधिवक्ता को कुचल दिया। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिवक्ता की हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र के गांव चितौड़ा निवासी कर्मवीर सिंह गाजियाबाद कोर्ट में प्रैक्टिस करते है। देर रात वह बाइक से गाजियाबाद से वापस गांव चितौड़ा जारहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ रोड पर स्थित आयुध निमार्णी फैक्टरी गेट के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह काफी दूर जा रहे। राहगीरों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन हालत गंभीर होने पर गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती हुई लापता, अनहोनी की आशंका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** नगर की एक कालोनी निवासी एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी में एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उनकी 21 वर्षीय पुत्री संदिग्ध हालत में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब वह नहीं मिली तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### लापरवाह कार चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर एक गंभीर रूप से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** मंगलवार को शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के हुलासन रोड पर मुर्गा फार्म के सामने कार और बाइक की हुई टक्कर बाइक सवार के आई गंभीर चोट, निजी अस्पताल में कराया भर्ती । प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन पुत्र राकेश सैनी निवासी शिकारपुर अपने चाचा सोनू के साथ बैठकर बाइक पर किसी काम से जलालपुर करीरा जा रहा था जो कि रास्ते में लापरवाह कार चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठे पवन के गंभीर चोट आई है राहगीरों की मदद से घायल युवक को बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। उधर पवन के चाचा ने दुर्घटना की सूचना डायल 112 नंबर पुलिस को दे दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुटी है।

### घर मे घुसकर लूट का प्रयास, विफल होने पर चाकू से हमला करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** मंगरौली रोड के रहने वाले एक व्यक्ति ने एक नकाबपोश पर उसके घर मे घुसकर चाकू की नोक पर लूट का प्रयास करने व सफल न होने पर उसकी पत्नी व बेटी पर चाकू से हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने इस तरह की कोई शिकायत न मिलने व मामले को मारपीट का बता जांच शुरू कर दी है। मांगरौली रोड निवासी देवदत्त शर्मा रबूपुरा के एक बैंक मे कैशियर की नौकरी करते हैं। वह सोमवार को बैंक गए हुए थे और उनकी बेटी व पत्नी घर पर अकेली थीं। उनकी पत्नी दूसरी मंजिल पर थी और बेटी नीचे अकेली थी, तभी उनके घर मे एक नकाबपोश घुस आया और उनकी बेटी को चाकू की नोक पर ले लूट का प्रयास किया। वहीं चींख पुकार की आवाज सुन दूसरी मंजिल से पीड़ित की पत्नी नीरज देवी वहां पहुंची और नकाबपोश से भिड़ गई। नकाबपोश ने अपने को घिरा देख दोनों पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। घायलों का कस्बे के एक निजी अस्पताल मे इलाज चल रहा है। वहीं कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामला मारपीट का है इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।



# अभियान चलाने के बावजूद छुट्टा पशुओं का आतंक, रोजाना कर रहे हमले, किसान भी परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** जिले में छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए सात दिन अभियान चलाया गया, बावजूद इसके सांड़ अब भी सड़कों पर घूम रहे हैं। खास बात यह है कि खुद पशुपालन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पकड़े गए सांड़ों की संख्या बताने में अक्षम हैं। उधर, सिविल लाइंस क्षेत्र के मझाया रोड पर सांड़ ने एक युवक की जान ले ली।

बीते सात दिन में अधिकारियों ने 1231 छुट्टा पशुओं को पकड़ा है। इनमें सांड़ कितने हैं, इसकी जानकारी खुद पशुपालन विभाग को नहीं है। यह हाल तब है जब जिले में लगातार सांड़ों का हमला जारी है। इसी साल की बात करें तो करीब 24 लोगों की सांड़ के हमलों में जान जा चुकी है।

बीती नवंबर में ही सांड़ के हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई थी। जिले में सांड़ों के हमलों से लोगों की मौत का सिलसिला जारी है। कुंवरगांव, बिसौली, वजीरगंज, सहसवान, दातागंज समेत सभी कस्बों में सांड़ों व छुट्टा पशुओं का आतंक है। रविवार को बदायूं-बरेली मार्ग पर दो सांड़ आपस में लड़ गए। करीब आधे घंटे तक सांड़ आपस में लड़ते रहे। वहां आसपास के लोगों ने लाठी-डंडे व पानी डालकर उन्हें भगाया। लोगों का कहना है कि यह रोजाना का हाल है। शहर में सांड़ नजर आते हैं। यह कब किस पर हमला कर दें कुछ नहीं कह सकते।

एक आंकड़े के अनुसार जिले में करीब 400 सांड़ घूम रहे हैं । हालांकि पशुपालन विभाग का दावा है कि नवंबर में 72 सांड़ों को पकड़ा गया है। इनको बधिया कर-के गो आश्रय स्थल में रखा जा रहा है। बावजूद इसे सांड़ों की संख्या कम नहीं हो रही।



**ठंड में सड़कों पर आ रहे छुट्टा पशु**

इस समय खेतों में आलू व गेहूं की बोआई हुई है। ऐसे में खेत खाली हैं। जानवरों को खाने के लिए खेतों में कुछ नहीं मिल रहा। इसलिए वह सड़कों पर आ गए हैं। बरेली-मथुरा हाईवे पर ही करीब 100-150 छुट्टा पशु होंगे। जबरदस्त ठंड व कोहरे में इन पशुओं के कारण भी हादसे की आशंका बनी रहती है।

**खुद जिम्मेदार भी अनजान**

सीवीओ समदर्शी सरोज का कहना है कि वह लंबे समय से बीमार थे। शनिवार को ही अवकाश से लौटे हैं। उनकी जगह काम देख रहे डिप्टी सीवीओ धर्मेंद्र कुमार बगैर बताए अवकाश पर चले गए हैं। सारा आंकड़ा उन्हीं के पास है।

# अम्बेडकर पार्क का बोर्ड उखाड़ने पर लोगों ने कलेक्ट्रेट पर, चेयरमैन मुर्दाबाद के लगाये नारे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना) ।** कलेक्ट्रेट परिसर में एस सी समाज के लोगों ने नगरपालिका पालिका अध्यक्ष राजू शंकर के खिलाफ मुदार्बाद के लगाये नारे, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन। पूरा मामला अम्बेडकर पार्क के बोर्ड को उखाड़ने को लेकर था लोगों का कहना था कि लगभग 100बर्षो पुरानी जाटव समाज की जमीन नया बाजार गोला गंज पर स्थित अम्बेडकर पार्क पर अव से

- **जिलाधिकारी के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**
- **पुनः बोर्ड न लगने पर उग्र आंदोलन की दी धमकी**

लगभग 40बर्ष पुराने लगे अंबेडकर साहब के बोर्ड को लगभग 10 वर्ष पूर्व भूपेंद्र सिंह पुत्र श्री राम ,ओमपाल पुत्र योगेंद्र पाल, प्रभु गोपाल पुत्र कालू भगत जी, मयंक पुत्र देवेंद्र, सपना पत्नी दिलीप, दिलीप पुत्र जगदीश, अजय पुत्र मदनलाल, ने सबूत गायब करने की नीयत से बोर्ड उखड़वा कर कुएं में दवा दिया था।

उक्त भूमि को कब्जाए जाने की नीयत से उक्त लोगों द्वारा अपने मकान का मालवा पार्क की जमीन पर डालकर मलबे को गंदगी का रूप देकर अधिकारियों को गुमराह करके सोची समझी साजिश के तहत गंदगी हटवाने की शिकायत करके नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू से सांठ-गांठ करके पार्क पर पूर्व में लगे बोर्ड के फाउंडेशन को 12 दिसंबर को उखाड़ कर सबूत नष्ट कर उक्त भूमि को कब जाने का प्रयास किया जा रहा है। इतना ही नहीं बल्कि 16 दिसंबर की शाम करीब 8:00 बजे जाटव समाज के व्यक्तियों को धमकाने की नीयत से बादल उर्फ ना मालूम पुत्र प्रमोद कुमार ने अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर जाटव समाज के लोगों को जाति सूचक शब्द से अपमानित करते हुए देसी तमंचा से फायर कर दिया, और कहने लगे कि इस समाज का कोई व्यक्ति पार्क के आसपास खड़ा दिखाई दिया तो जान से मार दिया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से समाज के लोगों ने जिलाधिकारी से अम्बेडकर पार्क के बोर्ड को उखाडे गये फाउंडेशन को पुनः स्थापित कर उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग।मौके पर काफी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद रहे।





# भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने कोतवाली में दिया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि गौतमबुद्ध नगर जेल में 3दिसम्बर से बंद आंदोलन कारी नेताओं को ससम्मान रिहाई की गुहार

**गौतमबुद्ध नगर के किसानों की ससम्मान रिहाई को लेकर कोतवाल को सौंपा ज्ञापन**

लगाई गई है। उन्होंने अवगत कराया कि कहीं न कहीं अधिकारियों के द् वारा प्राधिकरण की समस्याओं के विषय गलत फीडबैक दी गई है,वरना जिन मांगों को किसान 2012 से लगातार उठाता आ रहा है उस गहनता से किसी ने विचार नहीं किया, उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण करते हुए सभी किसानों को ससम्मान रिहाई का आदेश किया जाये। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री लेखराज शर्मा,जिला अध्यक्ष देवपाल यादव, नरेंद्र गुज्जर,ग्रीश तौमर, मनोज मंगलमय, शिवकुमार,मनीष कुमार, जितेन्द्र यादव, गीतम सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे।




# एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी, चोरी का नहीं खुलासा कर सकी पुलिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/ बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जनपद में पुलिस की सख़्ती के बाबजूद भी चोरों के होंसले बुलंद होते जा रहे है। पूरा मामला थाना वनिया ठेर क्षेत्र के गांव अफजल पुर डरौली का है जहां 3नबम्बर को गौरी शंकर अपने परिवार के साथ पत्नी को भाई दूज कराने ससुराल में गया था उसी रात को चोरों ने उसका घर खंगाल लिया, तहरीर के अनुसार घर में रखा ड्रोन कैमरा,निकोन का दूसरा कैमरा अलमारी में रखे कीमती जेवरात व पीतल,स्टील बर्तन आदि चोर ले गए , पीड़ित का कहना है कि एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक चोरों का पता नहीं लगा सकी। थाना पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

- **नहीं पहुंच सके चोरों के गिरेबान पर, पुलिस के हाथ, चोरों के होंसले बुलंद**
- **पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक से लगाई चोरी खुलासे की मांग**

# जामा मस्जिद मामले की अदालत मे अगली सुनवाई 24 दिसंबर को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** बदायूं की जामा मस्जिद मामले में अदालत ने 24 दिसंबर की तारीख लगा दी। जामा मस्जिद की तरफ से इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर-मस्जिद विवाद में कोई भी आदेश देने पर रोक लगा रखी है। बदायूं के नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद मामले में मंगलवार को अदालत में सुनवाई हुई। इंतजामिया कमेटी की तरफ से बहस की गई। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देकर दलील दी कि इस मामले में सुनवाई नहीं होनी चाहिए। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर-मस्जिद विवाद में कोई भी आदेश देने पर रोक लगा रखी है। इस पर वादी पक्ष के अधिवक्ता ने अपने तर्क रखे। अब मामले में अगली सुनवाई के लिए 24 दिसंबर को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा रही। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल ने जामा मस्जिद में नीलकंठ महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए 2022 में याचिका दाखिल की थी। इसमें दावा किया गया कि शहर की जामा मस्जिद को नीलकंठ महादेव मंदिर को तोड़कर बनाया गया था। इस पर न्यायालय में सुनवाई चल रही है। सुनवाई में पहले सरकार पक्ष की तरफ से बहस शुरू की गई थी। अब इंतजामिया कमेटी की तरफ से बहस हो रही है। इस पूरे मामले की सुनवाई होने के बाद न्यायालय अपना फैसला देगा कि यह वाद चलने लायक है या नहीं।

# भारत में पूर्ण रूप से सुरक्षित है मुसलमान : कमर रजा दानिश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी।** मुस्लमान भारत मे पूरी तरहा सुरक्षित है यही नही बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के ऊपर जो अत्याचार हो रहे है उनकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। यह बात ऑल इंडिया उलमा बोर्ड के प्रदेश मीडिया प्रभारी कमर रजा दानिश ने प्रेस नोट में कही उन्होंने कहा कि आज जहाँ पूरे विश्व में मुसलमानों की आपस में मार काट हो रही है उसको देखते हुए पूरे विश्व में मुसलमान भारत में पूर्ण रूप से सुरक्षित है। जहाँ उसे अपने मजहब के अनुसार पूरी आजादी है उन्होंने कहा कि आज हमारे पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर जो जुल्मों सितम हो रहा है उसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है यही नही इस मामले में भारत सरकार को हस्तक्षेप कर बांग्लादेश के लोगो के उत्पीड़न को समाप्त करने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है । उलेमा बोर्ड नेता ने उन राजनैतिक दलों की भी आलोचना की है जो बांग्लादेश के मुद्दे पर भी राजनीति कर रहे है।



# जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित समेत कई साहित्यकारों को मिला सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (बच्चन सिंह)।** विश्व हिंदी मंच द्वारा संस्कृति साहित्य उत्सव के तहत साहित्यकारों एवं रचनाकारों को सम्मानित किया गया। इस दौरान हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने का आह्वान किया गया। दरअसल आपको बता दें कि मंगलवार को जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के अतिथि गृह में मुख्य अतिथि यूपीएससी के पूर्व चेयरमैन एवं एनटीए के चेयरमैन प्रदीप जोशी एवं विशिष्ट अतिथि बिड़ला फाउंडेशन के निदेशक प्रोफेसर सुरेश ऋतुपर्ण का विश्व हिंदी मंच के सरक्षक एवं प्रख्यात साहित्यकार डा. यतेंद कटारिया एवं जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। प्रदीप जोशी ने कहा कि हिंदी साहित्य की जान है। प्रोफेसर सुरेश ऋतुपर्ण ने कहा कि युवाओं का साहित्य के प्रति लगाव हर्ष का विषय है। सुनील दीक्षित ने कहा कि रचनाओं एवं साहित्य के माध्यम से समाज में कुरीतियों का खात्मा किया जा सकता है। डा.यतेंद्र कटारिया ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जो कि भारतवासियों के हृदय में बसती है। कार्यक्रम में साहित्याकर सुनील दीक्षित के साथ ही हरीबन गोस्वामी, सुरेंद्र सिंह, पूनम रानी, डा.दलवीर सिंह, गीता सागर, दीपक कुमार भोला, दुष्यंत कुमार, आदेश कटियार, भव सिंह वैसला, यशपाल सिंह, विनोद गूर्जर, सत्यपाल सिंह कटारिया, त्रिलोक कुमार, दीपक कटारिया, धीरेंद्र त्यागी, अश्वनी कटारिया आदि को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड से भी नवोदित कवियों एवं रचनाकारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने की एवं संचालक कार्यक्रम संयोजक डा.यतेंद्र कटारिया ने किया।



# बसपा सुप्रीमो मायावती जी ने डॉक्टर जयपाल सिंह को तीसरी बार बनाया बरेली जिला अध्यक्ष, बसपाइयों में खुशी की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (आशू बेग) ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती जी ने एक बार फिर डॉक्टर जयपाल सिंह को बरेली जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह तीसरी बार है जब डॉक्टर जयपाल सिंह को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले भी वह दो बार बरेली जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके हैं।डॉ. जयपाल सिंह की नियुक्ति से पार्टी कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। बसपा समर्थकों ने इसे पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि डॉक्टर जयपाल सिंह के अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर बसपा कार्यकताओं ने एकजुटता और पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

डॉ. जयपाल सिंह ने भी पार्टी नेतृत्व और बहन मायावती जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।



# सड़क दुर्घटना में युवक मौत, परिवार का रो रो कर हुआ बुरा हाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** निकटवर्ती गांव कैथल का रहने वाला युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना देर रात्रि 01:17 बजे की बताई जा रही है। पुलिस को बाइक सवार जमीन पर बाइक के साथ पड़ा मिला, जब उसे संयुक्त चिकित्सालय लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। यहां बताते चलें कि गोपाल उम्र 18 वर्ष उर्फ उत्तम नगर में डांस एकेडमी चलाता था। घटना वाली रात्रि अपने किसी दोस्त के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था, जैसे ही उनकी बाइक रेलवे स्टेशन के पास पहुंचती उससे पहले ही एक सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई । बताते चलें कि युवक बाइक चलाते समय मोबाइल पर वीडियोकॉल कर रहा था । और गाड़ी की गति अनियंत्रित होने के कारण सीधे खंभे में जा लगी। बाइक के पीछे बैठा संदीप पुत्र सुभाष नि0 पतरौआ भी घायल हो गया। और दोनों को संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने गोपाल उर्फ उत्तम कोरी नि0 कैथल को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक सं0 यू पी 38 ए.ए 8940 के पीछे बैठे संदीप पुत्र सुभाष नि0 पतरौआ को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक उत्तम दो भाई व तीन बहिनें हैं। मृत्यु का समाचार पाकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया । पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया।



# चल रहे स्काउट गाइड शिविर के दूसरे दिन छात्र छात्राओं को दी विभिन्न जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के ग्राम पथरा स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्कूल में स्काउट गाइड के तीन दिवीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण प्रबंधक महानन्दन गौतम एवं प्रधानाचार्य आशा रानी व जिला संगठन आयुक्त (गाइड)मीनू भारती एवं महेश कुमार दिवाकर द्वारा किया गया। चल रहे स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार ,प्राथमिक चिकित्सा, गांठे बांधना, वाया हाथ मिलना, टोली निर्माण, टेन्ट बांधना, आदि के साथ 16टोलियां बनाकर आदि विषय में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में स्कूल संचालक महानन्दन गौतम ने कहा कि स्काउट गाइड एक अच्छी नागरिकता के लिए एक स्वीकृत प्रकार का चरित्र प्रशिक्षण और तैयारी है, जो जिम्मेदारी और भरोसमंद प्रेम की भावना का प्रतीक है। पहल और नेतृत्व के विकास के लिए व्यक्तिगत अवसर हों और आत्म -नियंत्रण ,आत्मनिर्भरता और आत्म दिशा को बढ़ावा दें। वही प्रधानाचार्य आशा रानी शिविर में छात्र-छात्राओं को अनुशासन एवं स्वावलंबन की शिक्षा देता है स्काउट गाइड से हम एक स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर समाज का निर्माण करने में सहायक हो सकते है। वही मीनू भारती ने कहा कि शिविर के आयोजन से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने और जानने का अवसर मिलेगा। स्काउट गाइड ट्रेनर महेश कुमार दिवाकर ने प्रशिक्षण शिविर बच्चों को संस्कार ,पौष्टिक आहार, आत्मनिर्भर, स्वस्थ समाज आदि के बारे में बताया। इस अवसर पर महानन्दन गौतम, आशारानी, नीरज शर्मा, प्रवीन कुमार, क्षमता कुमारी, रिनी अग्रवाल, शिवगणेश, रमन शर्मा,सत्यपाल सिंह, सतेन्द्र सिंह, रंजीत सिंह, योगेश कुमारी, सोनी शर्मा, आदि मौजूद रहे।



**जिम्मेदार बेखबर** गांव में अस्थाई गौशाला होने के उपरांत, गौवंशीय पशुओं की दुर्दशा

# चार दिनों से मरे पड़े गौवंश को नोच रहे कुत्ते, जिम्मेदार बेखबर

बुलवद संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जनपद में अनेकों गौशालाओं के बावजूद गौवंशीय पशु दर दर भटक रहे है सड़कों पर उनके कारण आये दिन दुर्घटना हो रही है परन्तु जिम्मेदारों ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है।

ऐसा ही एक मामला विकास खंड पंवासा क्षेत्र के गांव थरैसा जयसिंह का है जहां गांव के रामौतार ठाकुर के द्वारा बताया गया कि चार दिनों से हमारे टूयूवैल के पास चकरोड पर एक गाय मृत पडी है उसको कुत्ते नोंच रहे है मेने जिम्मेदारों को भी अवगत कराया परन्तु किसी ने नहीं सुना। जबकि उसी ग्राम पंचायत के मजरा मंगलपुर है अस्थाई गौशाला भी है उससे लगभग 500मीटर दूरी पर ही गौवंशीय पशु को कुत्ते नोंच रहे है है,जब इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से फोन पर बात की तो उन्होंने कहा कि में अभी किसी को भेज कर जानकारी कराता हूं और उसकी जांच करा कर गड्डे करवाकर दफनवाता हूं।

**बर्जन**

मामला अभी मेरी संज्ञान में आया है में इसको दिखबाता हूं जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**मुख्य पशु चिकित्साधिकारी संभल।**



# प्रथम पी०एम० श्री एवम नवम जनपदीय क्रीड़ा शैक्षिक एवम सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** निकटवर्ती गांव कैथल का रहने वाला युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना देर रात्रि 01:17 बजे की बताई जा रही है। पुलिस को बाइक सवार जमीन पर बाइक के साथ पड़ा मिला, जब उसे संयुक्त चिकित्सालय लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया। यहां बताते चलें कि गोपाल उम्र 18 वर्ष उर्फ उत्तम नगर में डांस एकेडमी चलाता था। घटना वाली रात्रि अपने किसी दोस्त के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन की ओर से आ रहा था, जैसे ही उनकी बाइक रेलवे स्टेशन से आगे खंभे से लग गई। बताते चलें कि बाइक चलाते समय मोबाइल पर वीडियोकॉल करके बातचीत चल रही थी। गाड़ी की गति अनियंत्रित होने के कारण सीधे खंभे में जा लगी। बाइक के पीछे बैठा संदीप पुत्र सुभाष नि0 पतरौआ भी घायल हो गया। दोनों को संयुक्त चिकित्सालय चन्दौसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने गोपाल उर्फ उत्तम कोरी नि0 कैथल को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक सं0 के पीछे बैठे संदीप पुत्र सुभाष नि0 पतरौआ को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक उत्तम दो भाई व तीन बहिनें हैं। मृत्यु का समाचार पाकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।



# युगांडा गणराज्य के वैश्विक मंत्रालय ने डॉ. कविता एवं डॉ.गीतांजलि अरोड़ा को डॉक्टरेट से नवाजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्वी अफ्रीका के युगांडा गणराज्य के वैश्विक मंत्रालय एवम शिष्यतव संस्थान ने वात्सल्य





संस्था की प्रमुख एवं साहित्यकार डॉ.कविता मल्होत्रा एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की प्रमुख एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा को डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत किया है। शिष्यतव संस्थान के संस्थापक, चांसलर डॉ. बिशप लॉरेंस ओकवीर ने वात्सल्य ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ.कविता मल्होत्रा को बस्ती के निर्धन व जरूरतमंद, बच्चों को शिक्षा देना के साथ रोजगारमुखी बनाने के लिए एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की प्रमुख एवं समाज सेविका डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा को उत्कृष्ट साहित्य एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया है। उल्लेखनीय है की डॉ. कविता मल्होत्रा एवं डॉ.गीतांजलि अरोड़ा एक दशक से साहित्य सृजन, लेखन, एवम सामाजिक सरोकारों जेसे पर्यावरण,मानवीय अधिकारों, बालिका शिक्षा ,नारी सशक्तिकरण,अजा वर्ग के उत्थान व विकास के क्षेत्र में अप्रितम भूमिका निभा रहे है।आपको लेखन ,साहित्य व सामाजिक सरोकारों के लिए पूर्व में भी अनेक राष्ट्रीय ,अंतरराष्ट्रीय अवार्ड और उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है।

# चौधरी राकेश टिकैत के द्वारा गौतम बुधनगर के आंदोलन के मद्देनजर 23 दिसंबर को सिसौली से कोई बड़ा ऐलान करने की घोषणा के तुरंत बाद गौतमबुद्धनगर का प्रशासन आया हरकत में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुधनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा की मैडम कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ,जिलाधिकारी मनीष वर्मा से सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई ।लगभग तीन घंटे तक चली वार्ता में प्रशासन की ओर से एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे व ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे । मैडम कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि जेल में बंद किसानो की रिहाई की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ,एक से दो दिन में सभी किसान जेल से बाहर आ जाएँगे।आंदोलन के दौरान किसानों की जब्त गाड़ियों व ट्रैक्टरों को भी तुरंत प्रभाव से छोड़ने का आदेश दिया ।मैडम कमिश्नर एवं डीएम साहब ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्दी ही किसानों की मांगों दस




प्रतिशत प्लॉट एवं 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की शासन स्तर पर बातचीत आरंभ करायी जाएगी ।बातचीत के द्वारा ही उक्त समस्याओं का हल निकाला जाएगा।वार्ता बहुत ही शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई । मीटिंग से बाहर निकलकर संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि टिकैत साहब के द्वारा 23 दिसंबर से पहले संयुक मोर्चा के द्वारा किसी भी तरह के धरना प्रदर्शन की कोई भी घोषणा नहीं की गई है और ना ही ऐसी कोई योजना है।यदि कोई भी व्यक्ति या संगठन इस तरह का कोई आंदोलन या प्रदर्शन करता है तो यह उसका व्यक्तिगत निर्णय होगा तथा इसकी ज़िम्मेदारी स्वयं आंदोलन कर्ता की होगी । संयुक्त किसान मोर्चा इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।

# भारतीय सेना की मध्य कमान ने आज विजय दिवस की 53वीं वर्षगांठ मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** 1971 के भारत-पाक युद्ध में सैनिकों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए, लखनऊ में 16 दिसंबर , 2024 को स्मृतिका युद्ध स्मारक पर एक पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया था। मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने शहीद नायकों के सम्मान में सूर्या कमान की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में वीर चक्र से सम्मानित, एक युद्ध अनुभवी और 1971 के युद्ध में घायल मेजर विष्णु स्वरूप शर्मा भी उपस्थित थे। लेफ्टिनेंट जनरल आरपी साही (सेवानिवृत्त) ने भी पूर्व सैनिकों की ओर से स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस समारोह में लखनऊ के पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेटों और सैन्य और नागरिक कर्मियों ने भाग लिया और 1971 के युद्ध में हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी को याद किया। पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है।



# कॉलेज ऑफ नर्सिंग कमान अस्पताल, मध्य कमान लखनऊ का दीप प्रज्ज्वलन समारोह आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** कॉलेज ऑफ नर्सिंग कमांड हॉस्पिटल (सीसी) के बीएससी नर्सिंग छात्रों के 11वें बैच का दीप प्रज्ज्वलन समारोह 17 दिसंबर 2024 को सुबह 1000 बजे मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह एसी ऑडिटोरियम एएमसी सेंटर एंड कॉलेज लखनऊ में आयोजित किया गया। प्रकाश पारित करना शिक्षकों द्वारा सिखाए गए ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के हस्तांतरण को दशार्ता है। यह समारोह अगले चार वर्षों में एक नोविस से एक पेशेवर नर्स तक की यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है। लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस), मुख्यालय मध्य कमान और कर्नल कमांडेंट



एएससी इस अवसर के मुख्य अतिथि थे। समारोह में लखनऊ गैरीसन के वरिष्ठ अधिकारी, पड़ोसी नर्सिंग कॉलेजों के अतिथि और अभिभावक उपस्थित थे।

प्रथम वर्ष के छात्रों को नर्सेज शपथ दिलाई गई और मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि नर्सिंग पेशे में निस्वार्थ समर्पण, अनुशासन, क्लिनिकल क्षमता और बीमारों के लिए वास्तविक चिंता के गुणों की आवश्यकता होती है।

# विधानसभा सत्र के पहले दिन दिनेश कुमार गोयल, सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा नियम 110 के अन्तर्गत लखनऊ शहर में लगे अवैध होर्डिंग से सम्बन्धित समस्या को सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ/गाजियाबाद** । विधानसभा सत्र के पहले दिन दिनेश कुमार गोयल, सदस्य विधान परिषद व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा नियम 110 के अन्तर्गत लखनऊ शहर में लगे अवैध होर्डिंग से सम्बन्धित समस्या को सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया। लखनऊ शहर खतरनाक अवैध होर्डिंग से भरा पडा है। घरों की छतों से लेकर चौराहा पर लगी अवैध होर्डिंग किसी बडे हादसे को दावत देते हुए दिखाई पडते है। कमीवेश यही स्थिति प्रदेश के दूसरें महानगरों की भी है। महानगरो मे लगी ऐसी होर्डिंग विज्ञापनों से भरी पडी रहती है, इन होर्डिंग्स को लगाते समय किसी भी प्रकार के सुरक्षा मानकों को ध्यान नही रखा जाता है। लखनऊ महानगर में ही अकेले घरों की छतों पर एक हजार से अधिक



होर्डिंग लगे हुए है विज्ञापन एजेंसियो को इन होर्डिंग्स जहां करोडो की कमाई होती है, वही नगर निगम को कुछ भी नही मिलता। अवैध होर्डिंग प्रदेश के शहरों और महानगरों मे रहने वाले लोगो के लिए बडी मुसीबत बनते जा रही है। होर्डिंग्स लगने के बाद सडके सिकुड सी जाती है जिससे आवागमन साफ नजर नही आता है। ट्रैफिक संचालन मे भी बाधा उत्पन्न होती है, कही-कही यह होर्डिंग्स जानलेवा साबित होते है। शहरों और महानगरों में होर्डिंग लगाने के लिए सरकार नगर निगम या नगर निकाय को जबाबदेही निर्धारित करती है। तेज हवाओं के साथ मानसून में इन होर्डिंग्स के गिरने का खतरा बना रहता है। हादसों के बाद शासन/प्रशासन हरकत में आता है और कुछ समय बाद शुरू की गई कार्यवाही बंद हो जाती है। एक साल पहले पुणे में ऐसा ही जानलेवा हादसा हो चुका था।

लखनऊ के लाल कुआं मे भी अवैध होर्डिंग मकान की छत पर गिरने से काफी नुकसान हुआ था शासन/प्रशासन हरकत में आया किन्तु नतीजे पर पहुंचा नही जा सका। शहरों व महानगरों में रहने वालों का इन अवैध होडिंग से जीना दुर्भर हो गया। इस लोकमहत्व के प्रश्न पर व्यक्तव्य की मांग की है।

# महिला बंदियों और उनके बच्चों को विभिन्न प्रकार की दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** जेल में लीड कॉन्वेंट वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी के द्वारा महिला बंदियों और उनके बच्चों को विभिन्न प्रकार की दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की। जिसमें मुख्य रूप से महिला बंदियों को सेनेटरी पैड, हाइजीन/कास्मेटिक किट जिसमें महिला बंदियों हेतु श्रृंगार के सामान तथा कुछ हाइजीन की वस्तुएं एवं महिला एवं बच्चों को खाद्य सामग्री जिसमें बिस्कुट ,नमकीन एवं सील बंद खाद्य सामग्री शामिल थी। लीड कॉन्वेंट वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी श्रीमती तराना जमाल के नेतृत्व में कारागार पर उपस्थित हुए और उनके द्वारा उक्त महत्वपूर्ण सामग्री महिला बंदियों और बच्चों को



भेंट की ।साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी इच्छा प्रकट की गई कि भविष्य में और अन्य कोई आवश्यकता की वस्तुएं भेंट करने की जरूरत होगी तो उसके लिए भी वेलफेयर सोसाइटी आकर के मदद करेगी।

लीड कॉन्वेंट वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी में श्रीमती तराना जमाल, श्री मोहम्मद जमाल,अर्चित शर्मा,स्त्रिट सिंह,नीतू सक्सेना,रीमा सक्सेना, फराह खान, तरन्नुम आजमी, महेंद्र सिंह एवं चांदनी शामिल रहे। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने लीड कॉन्वेंट वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारीगण का आभार व्यक्त किया।

लापरवाही

## वन विभाग की लापरवाही आई सामने, रहमान खेड़ा फार्म से बाहर गांवों में शुरू हो गई बाघ की गतिविधि

# बाघ ने दूसरी नीलगाय का किया शिकार कैमरे में कैद हुआ बाघ

बुलंद संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** राजधानी के












रहमान खेड़ा क्षेत्र में करीब दो सप्ताह से अधिक समय पहले बाघ जैसे किसी जंगली जानवर के क्षेत्र में पग चिन्ह देखे जाने के बाद वन विभाग की टीम ने कल से आसपास के गांव में जागरूकता अभियान शुरू किया था जबकि जागरूकता फैलाने का प्रचार कई दिन पहले से वन विभाग कर रहा था। रहमान खेड़ा में केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के अलावा राज्य सरकार का राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान भी है जिसके अंतर्गत काफी हिस्से में जंगल है और बीच में खेती और बागवानी भी होती है इसका क्षेत्रफल करीब 7 किलोमीटर के आसपास है।

यहां जब कभी बाघ आ जाता है तो वह कई महीनों तक अपना ठिकाना बनाकर रहने लगता है इसका उदाहरण 2012 में 108 दिन से अधिक समय तक इसी जंगल में रहता था और शुरूआत में जंगल छोड़कर कहीं नहीं जाता था लेकिन बाद में वह आसपास करीब 15- 20 किलोमीटर के दायरे में गांव में भी छोटे पालतू जानवरों का शिकार करने लगा था। उस समय 3 महीने से अधिक समय तक वन विभाग द्वारा बाघ को न पकड़ पाने के कारण इस बार भी आसपास के ग्रामीणों को इस बात की आशंका है कि वन विभाग जब तक लाखों रुपए खर्च नहीं कर देगा तब तक बाघ पकड़ से बाहर ही रहेगा, आसपास के गांव में यह चर्चा ग्रामीणों के बीच आम हो चुकी है। बाघ के पग चिन्ह देखे जाने के बाद जब तक उसने नीलगाय का शिकार नहीं किया था तब तक वन विभाग यह बताने या मानने को तैयार नहीं था कि क्षेत्र में बाघ जैसा कोई जानवर भी आया है इसलिए उसने उसको पकड़ने का उपाय देर से शुरू किया और अब उसे हर प्रकार से पकड़ने की अनुमति मिल चुकी है बावजूद इसके बाघ को पकड़ने में कितना समय लगेगा यह बता पाना संभव नहीं है। बाघ के दूसरी नीलगाय का किया शिकार करने के बाद गांवों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त होने लगे लगा है।

डीएफओ सितांशु पांडेय के अनुसार बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा रहमान खेड़ा फार्म में एक दर्जन कैमरे और दो (ट्रैपिंग केज) पिंजरे तथा कुछ थर्मल ड्रोन कैमरे भी लगाए गए हैं परंतु अभी तक किसी व्यक्ति को बाघ दिखाई नहीं पड़ा है और न ही किसी कैमरे में उसकी तस्वीर दिखाई पड़ी है। उन्होंने बताया कि आज गुरदीन खेड़ा गोहरा मऊ और करझन के आसपास बाघ के पग चिन्ह दिखाई पड़े हैं जिससे आसपास के गांव वालों को सचेत रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि आज हलुवापुर में बाघ को देखा गया और उसने दूसरी नीलगाय का शिकार भी किया है। पिछली बार राम रती की भैंस को घायल किया था उलरापुर की राम रती ने बताया कि पिछली बार उनकी भैंस को बाघ ने दिन में करीब 3:30 बजे जंगल में लड़के द्वारा चराने के बाद वापस घर लौटते समय बाघ ने एक भैंस पर हमला कर घायल कर दिया था लेकिन उस समय भी लड़के ने उसको देखा नहीं था क्योंकि वह काफी दूर था। रामरती के अनुसार गांव की दिनचर्या रोज की तरह चल रही है परंतु इस बार जंगल में ज्यादा दूर तक जानवर चराने लोग नहीं जाते हैं।

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा की सुरक्षा पर खड़े हो रहे सवालिया निशान ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा के चारों ओर जालीदार तार और कुछ हिस्से में पक्की बाउंड्री के ऊपर तार लगे हुए हैं जिससे कोई अंदर नहीं आ सकता है इसके अलावा रात और दिन में दो दर्जन सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से मात्र 18 गार्ड ही सुरक्षा करते हैं लेकिन पैसा दो दर्जन गार्डों का निकाला जाता है ऐसा फार्म के अंदरूनी सूत्र बताते हैं। फार्म के अंदर जाने और निकालने के लिए एक मुख्य गेट है और एक गेट पीछे की तरफ है जो हर समय नहीं खुलता है यहां तार की जाली भी लगी हुई है।

12 साल में फार्म की सुरक्षा पुख्ता नहीं कर पाया केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान रहमान खेड़ा।

इससे 2012 में बाग की गतिविधि इसी तरह से फार्म के अंदर और बाहर रहती थी उसे समय 3 महीने से अधिक का समय पकड़ने में लग गया था उसके बाद रहमान खेड़ा फार्म की सुरक्षा आज तक सवालों के घेरे में है क्योंकि उसे समय से आज तक फार्म के जिम्मेदार अधिकारियों ने पिछली घटना से सबक नहीं लिया। सूत्रों ने बताया कि आसपास के गांव के कुछ लोग फार्म के अंदर अवैध तरीके से जाकर लड़कियां तोड़ने सहित अन्य तरह के नुकसान पहुंचते हैं बावजूद इसके फार्म के जिम्मेदार अभी तक या तो गहरी नींद में सो रहे हैं या फिर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं। फार्म के अंदर सुरक्षा गार्ड लगे होने के बावजूद चोरी की घटनाएं होने के बावजूद सुरक्षा से जुड़े जिम्मेदार लगातार लापरवाही बरत रहे हैं।

# शीशमहल वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक अनवर हुसैन रिजवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ** । शीशमहल वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक डॉ सैयद अनवर हुसैन रिजवी की अध्यक्षता में सोसाइटी के कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा करी गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अनवर हुसैन रिजवी ने सोसाइटी द्वारा बच्चों की शिक्षा पर जोर देने की बात रखी। साथ ही सोसाइटी के कार्यालय में चल रहे बच्चों के मदरसे में मौलाना द्वारा हर महीने



बच्चों के टेस्ट लेने के साथ-2 बच्चों को प्रोत्साहन करने के लिए पुरस्कृत करने पर अपनी सहमति भी दी। बैठक में सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदों की मदद करने पर जोर देते हुए ज्यादा से ज्यादा इस सोसाइटी से लोगों को जुड़ने की अपील करी गई। बैठक के पश्चात सोसाइटी के जनरल सिक्रेट्री मोहम्मद शब्बीर ने सोसाइटी द्वारा संचालित मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे एवं बच्चियों की पढ़ाई का ब्यौरा पेश किया। साथ ही मोहम्मद शब्बीर ने गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए दी जा रही स्कूल फीस व जरूरतमन्दों के इलाज के संबंध में जानकारी दी। बैठक में ताजदार हुसैन, अकबर हुसैन, शकील अख़्तर, सरकार हुसैन, अच्छन मिया, रजा इमाम, आमिर अली सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली पुलिस ने की जन सुनवाई, जनसुनवाई में आम जनता की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** उत्तर पूर्वी जिला पुलिस के थानों में जनता की जनसुनवाई का आयोजन किया गया इस मौके पर थाना गोकुलपुरी थाना प्रभारी और एसीपी एवं थाना वेलकम और थाना ज्योति नगर में जनसुनवाई की गई इस मौके पर लोगों की समस्याओं का त्वरित निवारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने संबंधित अधिकारियों से अपनी-अपनी शिकायत पत्र लिखित में दिए। इस मौके पर जनसुनवाई से लोगों की समस्याओं का त्वरित निवारण होने से शिकायतकताओं को दर- दर की ठोकरे खाने से राहत मिली।



वही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे जनसुनवाई के पोस्ट को लेकर करावल नगर थाना क्षेत्र की जनता ने उत्तर पूर्व दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राकेश पवारिया से आम जनता को मौके पर सार्वजनिक शिकायत के लिए और जनसुनवाई के लिए बुलाने की मांग की है। करावल नगर थाना क्षेत्र की जनता ने यह मांग की है कि जब भी किसी थाने में जनसुनवाई का आयोजन किया जाए तो जनता को एक दिन पहले इसी प्रकार अवगत कराया जाए जिस तरह से जनसुनवाई करने के बाद शिकायतों का त्वरित निवारण का फोटो वायरल किया जाता है जिससे कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में बढ़ती सामाजिक बुराइयों से संबंधित कुछ अधिकारियों को अवगत कराया जाए।

# टीएमयू में ई-कचरे के निपटारे पर पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की छात्र-समिति टीमिक्स की ओर से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और ओप्पो इंडिया के सहयोग से आयोजित जनरेशन ग्रीन कैंपेन में कार्बन

**डिजिटल पोस्टर में संदेश सराफ और राजकुमार की टीम अव्वल , तबीना द्वितीय तो अमन तृतीय, पेंटिंग पोस्टर्स में भानु प्रथम, अरिहंत जैन और फैजान द्वितीय, जबकि मोहित कुमार रहे तृतीय**

कटौती और स्वच्छ एवम् स्थाई ऊर्जा के बढ़ावा का संकल्प लिया गया। डिजिटल पोस्टर में संदेश सराफ और राजकुमार की टीम विजेता रही। छात्रा तबीना ने द्वितीय और अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग पोस्टर्स में भानु ने प्रथम, अरिहंत जैन और फैजान ने द्वितीय, जबकि मोहित कुमार ने





तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को एसोसिएट डीन एकेडेमिक्स एवम् जनरेशन ग्रीन कैंपेन के फैसिलिटेटर डॉ. अमित कंसल ने पुरस्कृत किया। इससे पूर्व जनरेशन ग्रीन कैंपेन के फैसिलिटेटर डॉ. अमित कंसल ने बतौर मुख्य अतिथि, फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी से चुनिंदा पच्चीस पोस्टर्स, 20 डिजिटल और 5 पेंटिंग प्रदर्शित किए गए। इस दौरान ई-कचरे को इकट्ठा भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ कंसल ने ई-कचरा और उसके कुप्रभावों के संग-संग ई-कचरे के निष्पादन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रीन इकॉनमी एंड इकोलॉजी पर भी अपने विचार रखे। फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा ने टीमिक्स समिति के लक्ष्य और उद्देश्य बताए। उन्होंने पीतल नगरी मुरादाबाद में प्रदूषण जनित सिलिकोसिस और टीबी की जानकारी देते हुए मृदा, जल, वायु प्रदूषण के कुप्रभावों के बारे में बताया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र देव, फामेर्सी के डॉ. आशीष सिंघई और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डॉ. दिवाकर पाठक शामिल रहे।

## घर से पढ़ाई के लिए निकली छात्रा हुई लापता,थाने में दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** घर से स्कूल के लिए पढ़ाई करने निकली छात्रा लापता हो गई घर न पहुंचने पर परिजनों ने आसपास तलाश किया लेकिन छात्रा के न मिलने पर थाने में तहरीर देकर बरामद कराने की मांग की है' थाना क्षेत्र निवासी गांव की लड़की निकट के ही इंटर कॉलेज की छात्रा थी बताया गया की 13 दिसंबर को वह रोजाना की तरह ही ठीक समय पर स्कूल के लिए घर से निकली लेकिन स्कूल नहीं पहुंची घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई आसपास तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका बाद में अपने स्तर से लड़की के परिजनों ने उसकी खोज निकाली और आज थाने में नाम जद तहरीर दी पुलिस ने लड़की को जल्द तलाश कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल की खेलकूद प्रतियोगिता में ग्रामीण खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल की ओर से उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग यानी यूपीआरएसएल का आयोजन किया जा रहा है। यह लीग विकास खंड और जनपद स्तर पर खेली जाएंगी।लीग में एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबाल की स्पधाएं होंगी। लीग में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक व बालिका हिस्सा ले सकेंगी। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी भगवान दास के मुताबिक यह लीग छजलैट, मुरादाबाद, कुंदरकी, ठाकुरद्वारा, डिलारी, मूंढापांडे, बिलारी और भगतपुर टांडा ब्लॉक में खेली जाएंगी।ब्लॉक स्तरीय विजेता खिलाड़ी जनपद स्तरीय लीग में लेंगे हिस्सा छजलैट में लीग कुचावली स्थित सीएनएसएस एकेडमी में 17 व 18 दिसंबर, मुरादाबाद में सोनकपुर स्टेडियम में 18 व 19 दिसंबर, कुंदरकी में डींगरपुर के अजीम पाशा स्पोर्ट्स एकेडमी में 18 व 19 दिसंबर, भगतपुर टांडा भोजपुर के आदर्श पब्लिक स्कूल में 19 व 20 दिसंबर, मूंढापांडे के मल्टीपरपज हॉल में 20 व 21 दिसंबर को आयोजन होगा। वहीं डिलारी के सरस्वती विद्या कन्या इंटर कॉलेज में 22 व 23 दिसंबर, बिलारी के ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में 23 व 24 दिसंबर और ठाकुरद्वारा के सनातन धर्म इंटर कॉलेज में 23 व 24 को खेल लीग आयोजित की जाएगी। 27 व 28 दिसंबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम में जनपद स्तरीय खेल लीग का आयोजन होगा।

## विकास कार्यों की रैंकिंग में मुरादाबाद जिला फिसड्डी

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** विकास कार्यों की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में मुरादाबाद जिला फिसड्डी रहा। मुरादाबाद को प्रदेश में 75वां और मंडल के पांचों जिलों में पांचवां स्थान मिला है। इस मामले को लेकर मंडलायुक्त ने समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में संभल को छोड़कर अन्य चार जिलों के सीडीओ तलब किए गए हैं।नवंबर माह की सूची के अनुसार मुरादाबाद मंडल में संभल को 27वां, रामपुर को 64वां, बिजनौर को 54वां और अमरोहा को 71वां स्थान मिला। 75वें स्थान के साथ मुरादाबाद जिला मंडल में सबसे पीछे रहा। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि यह रैंकिंग अधिकारियों की लापरवाही को दशार्ती है। संभल जिले ने अपनी रैंकिंग में जरूर सुधार किया है। मुरादाबाद के अधिकारियों का तर्क है कि चुनाव के चलते कंप्यूटर पर काम अंकित नहीं किए गए हैं, इसके कारण रैंकिंग पिछड़ गई। मंडलायुक्त ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपने-अपने जिलों की स्थिति में सुधार के लिए अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार करना होगा। विकास के लिए सभी योजनाओं में मुरादाबाद को काफी धन मिला है।

# मातृ सम्मेलन में शिक्षा के साथ संस्कारों पर डाला प्रकाश, माता संस्कारों की जननी : मनीषा माहेश्वरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सरस्वती शिशु मंदिर कांठ में आज मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया' कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया' मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद की महिला संयोजिका मनीष माहेश्वरी ने महिलाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला ' कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षिका तारावती चौहान ने की उन्होंने बालक के सर्वांगीण विकास पर माता बहनों को जागरूक किया' मनीषा माहेश्वरी ने बालक के विषय में मां की भूमिका पर प्रकाश डाला' नीतू माहेश्वरी ने बालक के जीवन में संस्कार महत्वपूर्ण पर प्रकाश डाला विशाल बिश्नोई ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को प्रथम महत्व देने को कहा विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह ने कुटुंब प्रबोधन विकास को विस्तार पूर्वक रखा एवं विद्यालय में आए सभी अतिथि एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में पुनम गौड़ शिवानी रानी, नीलम चौहान, सलोनी बिश्नोई, विशाल बिश्नोई, मोहित ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह, सचिन कुमार, महेंद्र सिंह, योगेश, महेंद्र सिंह,मुकेश बिश्नोई, अनुराधा, गीता अग्रवाल, दयावती आदि मौजूद रहे ।





# मासिक संकुल बैठक में निर्धारित समय में विद्यालयों को निपुण बनाने का लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्राथमिक विद्यालय समदगढ मे मंगलवार को न्याय पंचायत मोढी हजरतपुर की मासिक संकुल बैठक का आयोजन किया गया' बैठक में शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और निर्धारित समय में विद्यालयों को निपुण बनाने का संकल्प लिया' बैठक में अतिथि के रूप में पहुंचे ए आर पी गौतम सिंह का समस्त शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया बैठक मे विभाग द्वारा निर्धारित एजेंडा सत्र के साथ शिक्षक संकुल भुवनेश कुमारी द्वारा कक्षा 1 से 3 टी एल एम पर चर्चा, , संदीप पवार के द्वारा के डब्लू एल एच फ्रेमवर्क एवं शमीम अहमद के द्वारा शिक्षक बैठक चर्चा, प्रियंका चौधरी के द्वारा विद्यालय प्रबंधन एवं रणनीतियां पर चर्चा एवं बैठक के अतिथि ए आर पी गौतम सिंह के द्वारा निपुण विद्यालय बनाने हेतु




आकलन की रणनीतियों के मुख्य बिंदु पर चर्चा के साथ ही विद्यालयों को निपुण बनाने हेतु पूर्ण सहयोग की सहमति दी गई बैठक में प्राथमिक विद्यालय समदगढ की प्रभारी प्रधानाध्यापिका एवं समस्त स्टाफ का शिक्षक संकुल के द्वारा धन्यवाद प्रस्तुत किया गया बैठक मे जुबैर अहमद, विजेंद्र बिश्नोई, प्रभाष कुमार, उदयवीर सिंह, दीपा, अखिलेश कुमारी, पूजा, भूपेंद्र, प्रगति देवी, कुमार, सुरेंद्र सिंह, सना महफूज, आदि प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# नवागत तहसीलदार से नाराज अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** नवागत तहसीलदार से नाराज अधिवक्ताओं ने आज न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर दिया और एसडीएम से मिलकर नाराजगी की वजह बताई। उल्लेखनीय है कि नए तहसीलदार रामवीर सिंह ने सोमवार की दोपहर को ही कांठ तहसीलदार का चार्ज ग्रहण किया था उनसे परिचय बैठक करने के लिए तहसील बार का प्रतिनिधि मंडल मिलने गया था आरोप है कि तहसीलदार ने परिचय बैठक करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह पहले से उन्हें जानते हैं इस मुदे को लेकर बार सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया इसके बाद अधिवक्ता एसडीएम प्रिंस वर्मा से मिले और न्यायिक कार्य के बहिष्कार की वजह बताई। प्रतिनिधि मंडल में सुगम पवार, चरण सिंह ढाका, प्रमोद शर्मा,सीपी सिंह,संजीव कुमार, प्रदीप कुमार, दीप सिंह,कपिल राणा आदि शामिल रहे।




# सामूहिक विवाह योजना के तहत भाई-बहन और चाचा-भतीजी ने किए आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मिलने वाले 35 हजार रुपये और उपहारों के लिए भाई अपनी बहन और चाचा अपनी भतीजी के साथ सात फेरे लेने के लिए तैयार हैं। योजना के तहत किए गए फर्जी आवेदन

**जांच में हुआ खुलासा**

जांच के बाद निरस्त कर दिए गए। मामले की और गहराई से जांच की जा रही है। हालांकि, अनुदान के लिए लोगों का यह कृत्य चौंकाने वाला है।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस बार जिले में 3451 लोगों की शादी होनी है। अब तक 8519 आवेदन आए हैं। विभागीय कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से आवेदनों का सत्यापन कर रहे हैं। पहले स्तर की जांच में ही कई फर्जी आवेदन सामने आए, जिनमें भाई-बहन और चाचा-भतीजी के आवेदन भी शामिल हैं। इन आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। जिला समाज कल्याण विभाग के दफ्तर में भी कई शिकायतें पहुंची हैं। अब इन सभी फर्जी आवेदनों की जांच की जा रही है। इसी के चलते 14 दिसंबर को होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक अब जनवरी में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा।123 आवेदन किए गए निरस्तःसामूहिक विवाह के लिए जिले में कुल 8519 आवेदन आए हैं। भगतपुर टांडा ब्लॉक से 1136, बिलारी से 272, छ्जलैट से 652, डिलारी से 1645, डिंगरपुर से 1094, मुरादाबाद से 345, मूंढापांडे से 1041 और ठाकुरद्वारा ब्लॉक से 707 आवेदन आए हैं। नगर पंचायत अगवानपुर से 64, भोजपुर से 82, बिलारी से नौ, ढकिया से 256, कांठ से 23, कुंदरकी से 70, पाकबड़ा से 37, ठाकुरद्वारा से 217 और उमरी कला से चार लोगों ने सामूहिक विवाह के लिए आवेदन किया है। वहीं, नगर निगम क्षेत्र से 863 लोगों ने भी आवेदन किया है। इनमें से प्राथमिक स्तर पर ही 123 आवेदन निरस्त कर दिए गए। इनमें पूर्व में शादी कर चुके लोग, 18 व 21 वर्ष से कम उम्र के युवक-युवती, भाई-बहन, चाचा-भतीजी जैसे आवेदन शामिल हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के भी आवेदन निरस्त किए गए हैं, जिनका आय प्रमाणपत्र दो लाख रुपये की सीमा से अधिक का था।




# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई प्रारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में मंगलवार को दो दिवसीय खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता प्रारंभ हुई जिसका समापन बुधवार को होगा' सी एन एस एके-डमी कुचावली में आयोजित प्रथम दिन सब जूनियर वर्ग एवं जूनियर वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का उद्?घाटन पुरेन्द्र सिंह ( प्रबंधक), प्रियंका चौधरी (प्रधानाचार्या), सी०एन० एस एकेडमी, एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वीटी चौधरी द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। संचालन मोहित कुमार (युवक मंगल दल अध्यक्ष सिरसा ठाट ) द्वारा किया गया। पुरस्कार वितरण का 18 दिसंबर को होगा'

सीनियर वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता18 दिसंबर को होगी' जाएगा। इस अवसर पर सहायक अध्यापक करतार सिंह, करन सिंह, योनिक आदि उपस्थित थे ' यह जानकारी आज देर शाम क्षेतीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकार छजलैट स्वीटी चौधरी ने दी है।






## भाजपा के 16 मंडल अध्यक्ष पदों के लिए 119 नामांकन, मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 से 45 वर्ष तक के कार्यकर्ता का होगा चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )'**भाजपा के संगठन चुनाव के दौरान चार विधानसभा क्षेत्रों में 16 मंडल अध्यक्षों के पद पर 119 लोगों ने नामांकन किया। चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक मंडल से तीन-तीन नामों की सूची प्रदेश मुख्यालय भेज दी गई हैक्ल भाजपा के चुनाव अधिकारियों ने जिले की चार विधानसभाओं कांठ, बिलारी, कुंदरकी और ठाकुरद्वारा के सभी 16 मंडलों में मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई। जिला चुनाव अधिकारी देवेश कुमार कोरी ने बताया कि मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 से 45 वर्ष तक के ही कार्यकताओं का चयन होगा। चुनाव का अंतिम निर्णय प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मंडल अध्यक्ष पद के लिए अनेक ऐसे लोगों ने आवेदन किया है जिनकी उम्र 45 वर्ष से ज्यादा है अब देखना है पार्टी क्या निर्णय लेती है।

## मिशन शक्ति अभियानः महिला सुरक्षा दल द्वारा छात्राओं को अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर द्वितीय में मंगलवार को महिला सुरक्षा दल थाना काठ द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत छात्राओं को प्रभारी महिला सुरक्षा दल ज्योति चौधरी एवं दल सदस्य प्रेरणा,अंकित गुर्जर एवं नीलम थाना कांठ द्वारा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर181,112, 1090,1076 के प्रयोग हेतु जागरूक किया गया 'मिशन शक्ति कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं लड़कियों को सशक्त बनाना, सुरक्षित, संरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना, 24 घंटे निशुल्क हेल्पलाइन, (पिंक बूथ) हिंसा की शिकार महिलाओं के लिए आपातकालीन सेवाएं, बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया प्रभारी प्रधान अध्यापिका प्रियंका चौधरी द्वारा महिला सुरक्षा दल प्रभारी ज्योति चौधरी एंव सभी का विशेष आभार व्यक्त किया गया' महिला सुरक्षा दल थाना काठ के द्वारा विद्यालय के प्रबंधन की सराहना की गई।



**हज ट्रेनिंग कैंप** — काबा शरीफ के तवाफ का तरीका सिखाया

# दावते इस्लामी इंडिया की जानिब से हज ट्रेनिंग कैंप लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** करूला क्षेत्र की हाजी गुलफाम मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट हज व उमरा की जानिब से इस साल हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें काबा शरीफ का तवाफ (चक्कर), सफा-मरवा पहाड़ की सई, हल्क व तक्सीर का तरीका बताया गया। इसके अलावा हज के दौरान क्या करें, क्या न करें, इस पर रोशनी डाली गई। ट्रेनिंग के दौरान तल्बिया यानी लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक का अभ्यास जारी रहा। ट्रेनिंग , 22 व 29 दिसंबर को भी दी जाएगी।

हज ट्रेनर हाजी साजिद अत्तारी ने बताया कि पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया है कि हज और उमरा मुहताजी और गुनाहों को ऐसे दूर करते हैं, जैसे भट्ठी लोहे-चांदी और सोने के मैल कुचैल को दूर करती है। कयामत के दिन जब लोग परेशानी के आलम में होंगे तो अल्लाह की अता से हाजी अपने घर वालों में से चालीस लोगों की बख्शिश करवाएगा। हज करने वाला जैसे ही मक्का शरीफ व मदीना शरीफ की यात्रा के लिए निकलता है तो उसके हर-हर कदम पर नेकी अता की जाती है। यहां तक कि जो शख़्स दौराने हज या रास्ते में मर जाए तो उसे अल्लाह कयामत के दिन हाजी ही उठाएगा। हाजी जब हज अदा करके घर वापस आता है।

तो अल्लाह की खास रहमतों से मालामाल होकर आता है। हाजी बारगाह-ए-इलाही से मुकर्रब बंदा बनकर वापस आता है। हाजी की दुआ अल्लाह की बारगाह में कुबूल होती है, इसलिए हाजी से मुलाकात कर उससे दुआ करवानी चाहिए।

ट्रेनिंग की शुरूआत कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई। नात-ए-पाक पेश की गई। अंत में दरूद ओ सलाम पढ़कर मुल्क में अमनो अमान की दुआ मांगी गई। ट्रेनिंग में हाजी फैजान अत्तारी शाने आलम अत्तारी हाजी बाजिद शुएब अत्तारी के साथ साथ हज यात्री भी मौजूद रहे।



## मुरादाबाद रेंज के सभी जिलों के "हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर पुलिस देगी दस्तक"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद रेंज के सभी जिलों के हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर अब पुलिस दस्तक देगी। जहां से पुलिस हिस्ट्रीशीटरों समेत उनके परिजनों से पूछताछ कर उनकी मौजूदा स्थिति जुटा कर सभी की कुंडली तैयार करेगी। जिससे जरुरत पड़ने पर पुलिस एक क्लिक में हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली देख सकें। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों का पुलिस सत्यापन कर उनकी डेटा तैयार करेगी। इसके लिए मुरादाबाद रेंज के डीआईजी मुनिराज जी ने आदेश भी जारी कर दिया है' डीआईजी के निर्देश पर रेंज की थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर दस्तक देनी शुरू कर दी है। वहां पर परिजनों से पूछताछ कर अपराधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। हिस्ट्रीशीटरों के विषय में संपूर्ण जानकारी जुटाने के लिए पुलिस की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में निकलना शुरू कर दी है। जहां पर उनके आपराधिक रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर जाकर देख रही है कि कौन हिस्ट्रीशीटर मौजूदा समय में क्या कर रहा है। पुलिस हिस्ट्रीशीटरों की लगातार निगरानी कर रही है। इसके तहत हिस्ट्रीशीटर की जानकारी, वर्तमान में वह कहां रह रहा है, उसके घर परिवार के सदस्यों की जानकारी, आमदनी का जरिया आदि की जानकारी कर रजिस्टर तैयार कर हिस्ट्रीशीटर की गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है।



# मौनी रॉय ने जताई डांस आधारित फिल्म में काम करने की इच्छा

एंटरप्रेन्योर-अभिनेत्री मौनी रॉय का ऑन-स्क्रीन उपस्थिति से सुर्खियां बटोरना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में एक बातचीत में, उन्होंने विभिन्न डांस कला को सीखने के अपने जुनून का खुलासा किया और एक डांस-आधारित फिल्म करने में गहरी रुचि व्यक्त की।

उन्होंने साझा किया, मुझे विभिन्न प्रकार के डांस सीखना पसंद है, और कहा, मैं एक दिन ऐसी फिल्म पर काम करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रही हूं! मौनी अक्सर अपने सोशल मीडिया के जरिए डांस के प्रति अपना दीवानगी जाहिर करती रहती हैं। वह अक्सर विभिन्न डांस शैलियों में अपने प्रदर्शन के वीडियो और इम्प्रोम्टू डांस सेशन साझा करती हैं। पर्दे पर अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर अभिनेत्री ने खुलासा किया कि डांस उनकी लव लैंग्वेज है और यह उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है।

वर्तमान में, मौनी कई रोमांचक परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिससे प्रशंसकों में उत्सुकता बनी हुई है कि आगे क्या होगा। वह सक्रिय रूप से कई दिलचस्प स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं। डांस के प्रति अपने बढ़ते उत्साह और आशाजनक परियोजनाओं के साथ, मौनी रॉय अपने ऑन-स्क्रीन करिश्मा से अपने प्रशंसकों को प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# स्पिरिट में प्रभास से भिड़ने को तैयार करीना कपूर-सैफ अली खान, मृणाल ठाकुर होगी फिल्म की हीरोइन?



पिछले काफी समय से दर्शक करीना कपूर और सैफ अली खान को पर्दे पर साथ देखने का इंतजार कर रहे हैं।पिछली बार दोनों साल 2012 में फिल्म एजेंट विनोद में साथ दिखे थे और अब एक बार फिर साथ में दर्शकों के बीच अपना जादू चलाने के लिए तैयार हैं।खबर है कि उन्हें बाहुबली उर्फ प्रभास की अगली फिल्म स्पिरिट में साइन कर दिया गया है। उनके साथ इस फिल्म में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी जुड़ गई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इस फिल्म में प्रभास की हीरोइन के लिए मृणाल से बातचीत कर रहे हैं, वहीं सैफ-करीना से बातचीत जारी है। दोनों सितारे फिल्म में हीरो से भिडने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।करीना और सैफ को संदीप ने फिल्म में नकारात्मक भूमिका के लिए चुना है।यह संदीप का महत्वकांक्षी प्रोजक्ट है। इसका एक-एक कैरेक्टर बेहद खास होगा। संदीप बड़ी सूझ-बूझ से फिल्म के लिए कलाकारों का चयन कर रहे हैं।

एक्शन थ्रिलर कही जाने वाली इस फिल्म में प्रभास डबल रोल में होंगे। उनकी एक भूमिका हीरो की तो एक खलनायक की होगी। फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।पहले खबरें थीं कि स्पिरिट में प्रभास की जोड़ी तृषा कृष्णन के साथ बनी है।बात करें सैफ-करीना की तो दोनों अब तक ओमकारा, टशन, रोडसाइड रोमियो और कुर्बान जैसी फिल्मों में साथ दिख चुके हैं।उनकी आखिरी फिल्म साल 2012 में आई एजेंट विनोद; थी।

# मिनी ड्रेस पहन भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने शेयर किया हॉट लुक, फोटोज देख नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों पर राज किया है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हो लेकिन आए दिन अपने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अंदाज देखकर लोगों की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार



इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने रेड कलर की मिनी ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही किलर और हॉट नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर अपना प्यार लूटाते हैं। ओपन हेयर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही कानों में मैचिंग के इयररिंग्स पहनकर एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा शानदार तरीके से निखारा है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं मोनालिसा मदमस्त अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने बलखाती हुई पोज दे रही हैं।

मोनालिसा की इन फोटोज को पोस्ट किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 7 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने उनकी तस्वीरों पर लाइक्स कर दिए हैं। साथ ही कॉमेंट्स कर के रिएक्शंस भी दे रहे हैं।

# कार्तिक आर्यन के हाथ लगी नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म, पूरी हो गई ये दिली-तमन्ना

अभिनेता कार्तिक आर्यन को पिछली बार फिल्म भूल भुलैया 3 में देखा गया और उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की।आने वाले दिनों में कार्तिक कई बड़ी और दिलचस्प फिल्मों में नजर आने वाले हैं।उनके खाते से एक और नई फिल्म जुड़ गई है, जिसके निर्देशन की कमान एक बार फिर सत्यप्रेम की कथा के निर्देशक समीर विद्वांस ने संभाली है।उधर निमार्ता साजिद नाडियाडवाला फिल्म से बाहर हो गए हैं। सत्यप्रेम की कथा के बाद फिर कार्तिक और समीर साथ काम करने वाले हैं। वे दोबारा एक लव स्टोरी ला रहे हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग के दौरान, कार्तिक, समीर से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनके साथ दोबारा काम करने की इच्छा जाहिर की थी। यहां तक कि उन्होंने समीर से एक बार फिर रोमांटिक ड्रामा फिल्म बनाने की बात कही थी।



रिपोर्ट के मुताबिक, निर्देशक ने हाल ही में कार्तिक को एक स्क्रिप्ट दी, जिसके लिए उन्होंने तुरंत हां कर दी।फिल्म के लिए निर्देशक की पहली पसंद निमार्ता साजिद नाडियाडवाला थे, जिन्होंने उनके साथ सत्यप्रेम की कथा में काम किया था तीनों साथ में काम करने को लेकर काफी उत्सुक थे, लेकिन साजिद को यह फिल्म ठुकरानी पड़ी।उनके पास फिल्म ठुकराने के सिवा दूसरा विकल्प नहीं था। दरअसल, साजिद पहले से ही 4 फिल्मों पर काम कर रहे हैं।

कार्तिक के साथ सत्यप्रेम की कथा में अभिनेत्री कियारा आडवाणी नजर आई थीं। यह फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।इस फिल्म ने भारत में 77.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि दुनियाभर में फिल्म 100 करोड़ रुपये से अधिक बटोरने में सफल रही। इसमें गजराज राव, सुप्रिया पाठक, शिखा तलसानिया और राजपाल यादव जैसे कलाकार भी नजर आए।सिनेमाघरों के बाद सत्यप्रेम की कथा ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आई थी। ब्लॉकबस्टर फिल्म भूल भुलैया 3 के बाद से कार्तिक ने अपनी नई फिल्म की घोषणा नहीं की है। उनके खाते में अनुराग बसु और भूषण कुमार की भी एक फिल्म है, लेकिन इसकी शूटिंग कब शुरू होगी, फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है।पति पत्नी और वो के सीक्वल से भी कार्तिक का नाम जुड़ चुका है। अभिनेता अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी का सीक्वल भी लेकर आ रहे हैं।

# बिना परफ्यूम के भी आपके बॉडी से आएगी अच्छी खूशबू, इन टिप्स को करें फॉलो

कहीं से भीनी-भीनी खुशबू आती है, तो हमारा मन उसकी ओर खुद ही खिंचने लगता है। खुशबू नेचर का हिस्सा है, और हर नेचुरल चीज हमें अपनी ओर आकर्षित करती है। यही वजह है कि एक अच्छी महक हमारे मूड को सुधारने के साथ-साथ हमारे पर्सनालिटी को भी दशार्ती है। अब जरा सोचिए, अगर कोई व्यक्ति महंगे कपड़े पहनता हो, लेकिन उससे गंदी बदबू आ रही हो, तो क्या आप उसके पास खड़े रहना चाहेंगे? शायद नहीं। वहीं, साधारण कपड़े पहनने वाले किसी व्यक्ति से अच्छी खुशबू आती हो, तो वह तुरंत ही आपको प्रभावित कर सकता है।



सुगंध का चलन युगों पुराना है। पहले के समय में लोग फूलों और प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल करके नहाने के पानी को महकदार बनाते थे। इसके अलावा, सुगंधित लकडि ?ों को जलाकर उनके धुएं से बालों और वातावरण को महकाया जाता था। पुदीना, गुलाब, नींबू और चमेली जैसे फूलों और हर्ब्स का इस्तेमाल त्वचा और वातावरण को खुशबूदार बनाए रखने के लिए किया जाता था। आजकल परफ्यूम और इत्र का चलन बढ़ गया है, लेकिन इनमें मौजूद केमिकल्स कई बार एलर्जी का कारण बन सकते हैं। ऐसे में नैचुरस तरीकों से खुशबू बने रहना न सिर्फ सेहत के लिए बेहतर है, बल्कि यह आपकी स्किन और पर्सनालिटी दोनों को संवारता है। तो हम आपको बताने जा रहे हैं नैचुरल तरीकों से खुशबूदार बनने की टिप्स

**ओरल हाईजीन का रखें ध्यान**

अच्छी सुगंध के लिए सबसे पहले अपनी साफ-सफाई का ख्याल रखें। दिन में दो बार ब्रश करें और माउथवॉश का इस्तेमाल करें। अगर पेट खराब हो या सर्दी-जुकाम हो, तो सही उपचार करें, क्योंकि इनसे भी मुंह से दुर्गंध आ सकती है।

**पानी पिएं पर्याप्त मात्रा में**

सर्दियों में पानी कम पीने की आदत पसीने से दुर्गंध का कारण बन सकती है। चाहे मौसम कोई भी हो, शरीर को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है।

**संतुलित आहार का सेवन करें**

तले हुए और बाहरी भोजन से परहेज करें। हेल्दी डाइट न केवल शरीर को फिट रखती है, बल्कि शरीर से निकलने वाली गंध को भी नियंत्रित करती है।

**डिओडोरेंट बाम का इस्तेमाल करें**

केमिकल-फ्री डिओडोरेंट बाम पसीने की दुर्गंध रोकने में मददगार होते हैं और आपकी त्वचा पर भी कोमल रहते हैं।

**खुशबूदार बॉडी ऑयल और एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करें**

बाजार में कई तरह के खुशबूदार बॉडी ऑयल उपलब्ध हैं। ये त्वचा को नमी देने के साथ-साथ प्राकृतिक खुशबू भी प्रदान करते हैं। आप एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल बालों और कपड़ों में भी कर सकते हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर हैं चिंतित, इन आदतों को सुधारें, नहीं तो होगा नुकसान

आजकल सबकी जिंदगी इतनी फास्ट हो गई है कि हम अपनी मेंटल हेल्थ पर ध्यान ही नहीं दे पाते हैं। जब तक कुछ बहुत बड़ा नहीं हो जाता, हम सोचते रहते हैं कि सब ठीक है। लेकिन असल में, मानसिक रुप से स्वास्थ्य रहना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक रुप से स्वास्थ्य रहना। अगर हम मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं, तो हमारी बाकी जिंदगी भी ठीक से नहीं चल सकती। तो आइए आज हम बात करते हैं कि कैसे अपनी मानसिक सेहत का ध्यान रखें और क्या आदतें हमारी सेहत को बिगाड़ सकती हैं।



**मेंटल हेल्थ की समस्याएं**

हम क्या खाते हैं, हमारी दिनचर्या कैसी है, और हम कब सोते हैं, इन सबका असर हमारी मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। अगर हम सही से नहीं सोते, हमारे मन में निगेटिव बिचार आते हैं या हम सोचते हैं और साथ मे गलत खानपान रखते हैं। तो हमारी मानसिक स्थिति बिगड़ सकती है। हमें इन आदतों को पहचानकर सुधारने की कोशिश करनी चाहिए। सही दिनचर्या और अच्छे विचारों से हम अपनी मानसिक सेहत को ठीक रख सकते हैं।

**सोशल मीडिया का असर**

आजकल के समय में सब लोग मोबाइल पर लगे रहते हैं, खासकर सोशल मीडिया पर। लेकिन क्या आप जानते हैं, यह हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है? अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताने से मानसिक समस्याएं बढ़ सकती हैं। सोशल मीडिया से थोड़ा दूर रहना जरूरी है।

**सोच को सकारात्मक रखें**

कभी-कभी हम खुद को नकारात्मक तरीके से सोचते हैं, जैसे मैं यह नहीं कर सकता या मैं अच्छा नहीं हूं। ऐसे बिचार हमारी मानसिक स्थिति को और खराब कर सकता है। इसलिए, हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना चाहिए। अच्छे विचारों से हम अपनी मानसिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं।

**नींद का महत्व**


क्या आप जानते हैं कि नींद भी हमारी मानसिक सेहत को प्रभावित करती है? अगर हम सही से नहीं सोते, तो हमारी याददाश्त कमजोर हो सकती है और तनाव भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें हर दिन 7 से 9 घंटे की नींद लेनी चाहिए। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और एक शांत वातावरण में सोने की कोशिश करें। मेंटल हेल्थ को ठीक रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए हमें अपनी आदतों को सुधारने की जरूरत है, जैसे सही दिनचर्या अपनाना, सोशल मीडिया से थोड़ा दूर रहना और सकारात्मक सोच रखना। इससे हम मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और खुशहाल जिंदगी जी सकते हैं।

# सोनू सूद की फतेह में दिखेगा यो यो हनी सिंह का जादू, हिटमैन की बताई रिलीज डेट

अपनी पहली निर्देशित फिल्म फतेह की रिलीज को लेकर एक्साइटेड अभिनेता सोनू सूद फैंस के साथ पल-पल के अपडेट शेयर करते हैं। सूद ने एक पोस्टर शेयर कर फैंस को बताया कि फिल्म के नए गाने हिटमैन में हनी सिंह का जादू दिखेगा।

अपकमिंग फिल्म फतेह के तडक-भडक म्यूजिक से सजे गाने का टाइटल हिटमैन है और इसमें सोनू सूद का कमाल और रैपर हनी सिंह का स्वैग एक साथ देखने को मिलेगा।गाने के पोस्टर को शेयर कर अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, खुश होने के लिए तैयार हो जाइए। हिटमैन गाना 17 दिसंबर को रिलीज होगा! फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। हिटमैन में सोनू सूद के साथ हनी सिंह का शानदार कोलाब देखने को मिलेगा, 17 दिसंबर को आउट होगा!

पोस्टर में काले सूट बूट में सोनू सूद के साथ हनी सिंह खड़े नजर आए और दोनों हाथ में राइफल पकड़े हैं। ह्यहिटमैनह्ण फतेह एल्बम का दूसरा ट्रैक है। इससे पहले, यह बताया गया था कि सिंगर लॉयर कोटलर ने फतेह में कॉल टू लाइफ टाइटल गाने को अपनी आवाज दी, जो कि फिल्म का पहला गाना है। एक्शन फिल्म की सफलता और प्रमोशन को लेकर सोनू सूद ने तैयारी शुरू कर दी। हाल ही में अभिनेता उज्जैन स्थित महाकालेश्वर के दर्शन करने पहुंचे थे, जहां मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया था कि फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आएगी। फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडिस, नसीरुद्दीन शाह और विजय राज अहम भूमिका में हैं। जी स्टूडियोज के उमेश केआर बंसल और शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद द्वारा निर्मित और अजय धामा सह-निमार्ता हैं।



# धौलाना कस्बे में अभियान चलाकर बिजली विभाग ने बकायदारों के काटे विद्युत कनेक्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** धौलाना विद्युत उपकेंद्र धौलाना द्वारा बार-बार चेतावनी के बाद भी बकाया बिजली बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं से अब सख्ती करने लगा है। इसके लिए जहां

**धौलाना कस्बे के बिजली उपभोक्ताओं पर चार करोड़ रु बकाया:प्रदीप कुमार एसडीओ**

उपभोक्ताओं के घर-घर पहुंचकर विद्युत बिल वसूली का कार्य किया जा रहा है। वहीं बड़े बिजली बकायदारों के विद्युत कनेक्शन भी काटे जा रहे है।धौलाना उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रशांत शर्मा ने अपनी टीम के साथ धौलाना कस्बे में बड़े बकायेदारों सहित छोटे बकायेदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया।





जिसमें विभाग द्वारा 37 बकायेदारों के कनेक्शन काटते हुए विद्युत बिल वसूली की गई।जिसमें लाखों रुपये की बकाया वसूली की गई इसी तरह उपखंड से जुड़े ग्रामों में भी अभियान चलाया जा रहा है। धौलाना एसडीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि वसूली अभियान जारी रहेगा और उद्देश्य अधिक से अधिक बकाया राशि वसूली और विद्युत चोरी रोकी जा सके।उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे समय से अपने बिल का भुगतान करें और छूट का लाभ उठाएं ,अभियान के दौरान लाइनमैन कुलदीप राणा,नरेश कुमार,अमित राणा, प्रदीप राणा,नरेंद्र कुमार,मिंटू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# फिर भी नहीं आई मौत, कानपुर में ट्रेन के आगे कूदे युवक के कटे पैर, हालत गम्भीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** जीवन और मृत्यु इंसान के हाथ में नहीं बल्कि उस सत्ता के हाथ में होती है ,जिसे ईश्वर , अल्लाह या गॉड कहते हैं। कुल मिलाकर जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय जैसे इस आध्यात्मिक कथन की पुष्टि तब हुई जब नजीराबाद थाना क्षेत्र में आत्महत्या के इरादे से ट्रेन के आगे छलांग लगाने वाले युवक के पैर तो कट गए लेकिन मृत्यु तब भी नहीं हुई। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज मंगलवार की सुबह नजीराबाद थाना क्षेत्र में हुई इस घटना की वजह के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस के मुताबिक छलांग लगाने युवक का नाम बसंत लाल बताया गया है। उसने आत्महत्या की कोशिश क्यों की इसकी वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है। जानकारी के मुताबिक नजीराबाद क्रॉसिंग के सामने आज मंगलवार को एक युवक ट्रेन के आगे कूद गया। वह यहां बाइक लेकर आया, फिर सड़क किनारे खड़ी की। उस समय तेज रफ्तार से ट्रेन भी चली आ रही थी .। वह जैसे ही पास आई। उसने छलांग लगा दी। युवक का धड़ रेलवे लाइन के दूसरी तरफ निकला। उसके दोनों पैर कट गए। लेकिन, मौत नहीं हुई। इसके बाद ट्रेन को रोक लिया गया। पुलिस आई। उसको लेकर अस्पताल पहुंची। हालत गंभीर होने पर हैलट में भर्ती कराया गयाजहां उसकी हालत अभी खतरे से बाहर नहीं बताई गई है।

नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि उसके जेब में मिले दस्तावेज से पहचान करने की कोशिश की की गई। इस दौरान उसका नाम बसंत लाल उम्र लगभग 40 साल निवासी दर्शन पुरवा पता चला है। पुलिस ने बताया कि परिवारी जनों के सामने आने पर ही आत्महत्या का प्रयास किए जाने का सही कारण पता चल सकेगा। इस घटना से कोका-कोला क्रॉसिंग पर कई घंटे जाम भी लग रहा जिसे पुलिस ने बड़ी मुश्किल से खुलवाया।

# भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** चौधरी कुलदीप गुड्डू एनसीआर अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काली नदी के सौंदर्यकरण साफ सफाई के लिए काफी पैसा जनपद बुलंदशहर को दिया था जिसमें सदर विधायक श्री प्रदीप चौधरी के द्वारा भ्रष्टाचार के आरोप लिखित रूप में पत्र जारी करके लगाएं गए थे काली नदी की कोई साफ सफाई नहीं हो पाई जिस कारण गांव याकूबपुर बैलोट मीरपुरा रमपूरा दौलतगढ़ अचेजा बनवारीपुर आदि गांव में काली नदी का प्रदूषित पानी खेतों में आ गया है जिससे फसल खराब हो रही है व गेहूं की फसल की बुवाई भी नहीं हो पाएगी हरियाणा सरकार के द्वारा गन्ना का मूल्य 400 प्रति कुंतल पंजाब सरकार के द्वारा गन्ना का मूल्य 410 प्रतिरूप कुंतल निश्चित किया हुआ है परंतु उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कोई मूल्य निर्धारण नहीं है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में काफी आगे है माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग है कि गन्ना का मूल्य 450 प्रति कुंतल करने का कष्ट करें चकबंदी में महा भ्रष्टाचारी चरम पर है तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है ग्राम पंचायत की भूमी पर अवैध कब्जे भू माफियाओं ने कर रखे हैं जिन की जनपद बुलंदशहर में बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है केवल रिपोर्ट तक सीमित है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं मुख्यमंत्री ईमानदार हैं संत हैं परंतु जनपद बुलंदशहर भ्रष्टाचार के मामले में पूर्ण रूप से फेल है जिलाधिकारी को भ्रष्टाचार की शिकायत पर सख्त से सख़्त कार्रवाई करनी चाहिए काली नदी के पानी से जो फसल बर्बाद हुई है काली नदी की सफाई हो ताकि किसान अपने खेतों की बुवाई कर सकें।

# 9 दिन में दूसरी बार पीएम मोदी का जयपुर दौरा : मरुधरा को दी 46,300 करोड़ रुपये की सौगात

**जयपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जयपुर का दौरे पर रहे। पीएम ने राजस्थान को 46,300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।पीएम ने वाटिका रोड पर आयोजित एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम में शामिल होकर और वहां से बिजली, पानी, सडक, रेलवे से जुड़ी 46300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया इसके अलावा पीएम मोदी पार्वती-कालीसिंध-चंबल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का उद्घाटन भी किया । 11 नदियों को इस परियोजना के तहत जोड़ा जाएगा, इससे प्रदेश के 21 जिलों में पानी की समस्या खत्म हो जाएगी।



पीकेसी-ईआरसीपी में चंबल और इसकी सहायक नदियां पार्वती, कालीसिंध, कुनो, बनास, बाणगंगा, रूपरेल, गंभीरी और मेज शामिल हैं। नवनेरा बैराज से पानी गलवा बांध तक लाया जाएगा। यहां दो हिस्सों में ईसरदा बांध और बीसलपुर बांध तक पानी पहुंचेगा। नवनेरा से चंबल नदी पर जल सेतु बनाकर पानी मेज नदी तक आएगा। इससे राजस्थान की 2.80 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई करने के लिए पानी मिलेगा। पहले प्रदेश की सिर्फ 80 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होती थी। लेकिन, अब 2 लाख नया क्षेत्र जोड़ा जाएगा और इसका लाभ 25 लाख किसान परिवारों को होगा। इससे प्रदेश की 40 फीसदी आबादी तक साफ पानी पहुंचेगा। पीकेसी-ईआरसीपी से राजस्थान के झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, करौली, धौलपुर, भरतपुर, डीग, दौसा, अलवर, खैरथल-तिजारा, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, कोटपूतली-बहरोड़, अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, टोंक, दूदू जिले की जनता को पीने के पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। यहां से पंपिंग कर पहले बने गलवा बांध तक जाएगा, गलवा से 31 किलोमीटर दूर ईसरदा तक पानी पहुंचेगा। अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दो बैराज का भी शिलान्यास करेंगे। बता दें कि कूल नदी पर रामगढ़ बैराज और पार्वती नदी पर महलपुर बैराज का निर्माण होगा।

# ओ.एस.जी.यू मे 4 दिवसीय कला और रचनात्मकता कार्यशाला का हुआ भव्य समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय में गत दिवस ललित कला विभाग द्वारा कला और रचनात्मकता विषय को लेकर 4 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका भव्य समापन किया गया। विश्विद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल की दिशानिर्देश में हुई इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थी अपनी कला को ओर ज्यादा निखारे तथा स्वयं को कुशल बना सके। इस विशेष अवसर पर चांसलर व प्रो चांसलर ने विभाग के सभी विधार्थियों, शिक्षकों ओर देश के अलग अलग राज्य से आए आर्टिस्ट्स को बधाई देते हुए कहा कि ललित कला विभाग काफी चित्तरंजक विभाग है। उन्होंने आर्टिस्ट्स द्वारा बनाए गई रोचक कलाकृतियों की सराहना की। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाले समय में इस इस प्रकार की ओर भी कार्यशालाएं आयोजित करवाई जाएगी। विश्विद्यालय के कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक तथा प्रति-कुलपति डॉ.राजेंद्र सिंह छिल्लर ने विधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप अपनी कला के आधार पर पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन कर सकते है। उन्होंने बताया कि विधार्थियों की कला को निखारने के लिए समय समय पर कार्यशाला का आयोजन करवाया जाता है, उन्होंने विधार्थियों को कहा कि इस कार्यशाला के द्वारा वे कुछ नया सीखने का तथा अपनी कला को निखारने का प्रयास करे। विद्यार्थियों को सीखने और उनके विषय से संबंधित हर एक प्रकार के संदेह दूर कर करने के लिए देश के अलग अलग राज्यों से कलाकारो को आमंत्रित किया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), हरियाणा) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे हमेशा मेहनत और लगन से कार्य करते हुए जीवन में अपना ओर अपने देश का नाम रोशन करे । इस कार्यशाला में चित्रकारी और मूर्ति बनाने से संबंधित हर बारीक चीजों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला की संचालक डॉ बीना दीक्षित ने बताया कि इस कार्यशाला में सिकंदर जांगरा, डॉ शेखर बिस्वास और अयान बसाक के साथ साथ देश के अलग अलग जगह से आर्टिस्ट आए है, जिन्होंने विद्यार्थियों की कला को निखारने का प्रयास किया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए पूरे विश्विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्याथीयों ने अपना अहम योगदान दिया।




# शालीमार गार्डन क्षेत्र में क्लब के अंदर बर्थडे पार्टी में हुए झगड़े में त्वरित कार्यवाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शालीमार बाग थाना क्षेत्र में झगड़े की सूचना पर पुलिस ने की त्वरित कार्यवाही।श्रीमती सलोनी अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त, शालीमार गार्डन ने बताया कि 16/17..2024 की रात्रि 12 बजे थाना शालीमार गार्डन अन्तर्गत स्थित क्लब में होए एक झगड़े पर सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंती है। तो यहां पर आन्नद सिंह पुत्र संजय सिंह जो अपने अन्य साथियों के साथ पार्टी करने को आये थे। और उस क्लब में पूर्व से मौजूद सोनू पुत्र जन्नेद्र कुमार जो कि वर्तमान में दिल्ली पुलिस में हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात है । ये अपने अन्य साथियों के साथ जिम कोच अनिल जिनका बर्थडे था साथियों के साथ पार्टी सेलिब्रेट करने आये थे । दोनों पक्षों में आपस में गाने बजाने को लेकर कहासुनी और मारपीट की घटना घटित हुई। इस पूरे प्रकरण में थाना शालीमार गार्डन पर पुलिस की तरफ से सुसंगत धाराओं मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। और इसमें मजरुब आन्नद और सुरेन्द्र का मेडिकल कराया गया है। और दोनों ही पक्षों के 06 लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया है। पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। श्रीमती सलोनी अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त, शालीमार गार्डन।

# सर्वजातीय पंचग्रामी खाप चौदह गांव के डॉक्टर राजेश पनिहारी बने प्रधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)।** सर्वजातीय पंचग्रामी खाप चौदह गांव की पंचायत गांव सरहेडा में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधान करण सिंह छान ने की` पूर्व सरपंच महेंद्र पनिहारी ने बताया कि इस पंचायत में सर्वसम्मति से पंचग्रामी खाप चौदह गांव का प्रधान डॉक्टर राजेश पनिहारी को चुना गया। बल्ली सरसाना को उपप्रधान और राजपाल पूनियां ब्याना खेड़ा को सचिव तथा सुरेश फौजी बनभौरी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इन नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इन नवनियुक्त



पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण पद सौपा गया है। वो उस पद की गरिमा को बनाए रखेंगे और पद सम्बन्धी किसी भी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं आने दिया जायेगा। इस अवसर पर सरपंच, पूर्व सरपंच व पूर्व प्रधान समेत अनेक मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।

# लोकल पास बनाने की मांग को लेकर छिजारसी टोल प्लाजा पहुंचे ग्रामीण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मंगलवार को दर्जनों ग्रामीण छिजारसी टोल प्लाजा पंहुचे और उन्होंने प्रदर्शन करते हुए लोकल पास बनाये जाने की मांग की।

ग्राम निडोरी प्रधान रियासत अली के पुत्र रिहान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुँचकर प्रदर्शन करते हुए लोकल पास बनाये जाने की मांग की।

इस दौरान रिहान ने बताया कि हम सभी ग्रामवासी ग्राम निडोरी पिलखुवा जिला गाजियाबाद के निवासी है। हमारे गांव से छिजारसी टोल टैक्स की दूरी ढेड़ से दो किलोमीटर के लगभग है। टोल के आसपास छिजारसी, गालन्द, भोवापुर, शामली, लाखन, मसौता, खेड़ा, हिण्डालपुर आदि गांव है ये सभी गांव लोकल होने के कारण टोलटैक्स के लिये फ्री किये गये है जबकि इन गांवो की दूरी हमारे गांव से अधिक दूरी पर स्थित है। ग्राम निडोरी के लोग जब वाहनों से अस्पताल या किसी जरूरी काम से जाते है तो टोल देना पड़ता है। हमारी मांग है कि हमारे गाँव के लिए भी लोकल पास बनाये जाने चाहिये ताकि ग्रामीणों को टोल से राहत मिल सके। टोल पर मौजूद अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगो को आश्वासन देते हुए कहा कि उच्चाधिकारियों से वातार्लाप कर आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान इमरान, गुफरान, दिलशाद, मुस्तकीम, सलमान, आमिर, आमान, आदिल तोमर, शौकीन तोमर, शनवज ,अब्दुल कलाम, सहरी तोमर, फरियाद, शौकीन, समीर आदिक अलावा दर्जनों लोग उपस्थित रहे।





**बैठक**

## धीरखेड़ा क्षेत्र में अवस्थापना विकास कार्य कराये जायें:शान्तनु

# कमिश्नर ने धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सभागार कक्ष में अध्यक्ष, कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे ने धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के साथ बैठक की।

बैठक में आईआईए के चेयरमैन शन्तनु सिंघल ने बताया कि धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में वर्ष 1995 से औद्योगिक इकाइयां स्थापित है,वर्तमान में वहां पर करीब 400 औद्योगिक इकाइयां संचालित है। इसके बावजूद भी अवस्थापना सुविधाओं के अभाव में औद्योगिक विकास को पर्याप्त गति नहीं मिल रही है। औद्योगिक क्षेत्र में सड़के नहीं होने व नालियों की व्यवस्था नहीं होने के कारण जलभराव रहता है। उन्होंने बताया कि उद्यमियों द्वारा प्रस्तावित किया,कि प्राधिकरण द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में पहले सर्वेक्षण कर पहले से कार्यरत इकाइयों से आम माफी योजना के तहत न्यूनतम विकास शुल्क वसूल करते हुए शमन की कार्यवाही की जाये,तथा क्षेत्र में अवस्थापना विकास कार्य कराये जायें। जिससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व में भी इजाफा होगा। कमिश्नर सेल्वा कुमार ने निर्देशित किया,कि प्राधिकरण स्तर पर विकास शुल्क की दरों को निर्धारण संभव नहीं है। इस सम्बंध में कार्यवाही करने के लिए एचपीडीए सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया।



जो औद्योगिक क्षेत्र स्थापित इकाइयों,रोपित भूखंड,भूमि का सर्वेक्षण करते हुए अवस्थापना सुविधाओं पर आने वाले व्यय का आगणन तैयार करेगी,तथा क्षेत्र में कराये जाने वाले अवस्थापना कार्यों पर होने वाले व्यय के सापेक्ष पूर्व से संचालित औद्योगिक इकाइयों पर आरोपित विकास शुल्क की न्यूनतम दरों के निर्धारण हेतु शासनादेश के तहत सुस्पष्टद सुस्तुति सहित विस्तृत रिपोर्ट जनवरी 2025 के प्रथम सप्ताह तक उपाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

इस अवसर पर डीएम प्रेरणा शर्मा, वीसी डा.नितिन गौड़, एचपीडीए प्रभारी सचिव प्रवीण गुप्ता, नगर नियोजक, धीरज चुंग,पवन शर्मा, नीरज गुप्ता आदि उद्यमी मौजूद रहे।

# कवि सम्मेलन 19 को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** क्षेत्र के गांव पिपाला में पत्रकार गुरुवचन सिंह गौड़ की तीसवी पुण्यतिथि के अवसर पर 19 दिसंबर को महबूब गौड़ इंटर कॉलेज परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक राजेश्वरपाल गौड़ ने दी है।

# 18 पव्वे देशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** औरंगाबाद पुलिस ने 18 पव्वे देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है।



दरोगा दिनेश कुमार ने चेकिंग दौरान पवसरा रोड स्थित मिल रोड तिराहे के पास से ख्वाजपुर निवासी प्रमोद पुत्र मान सिंह को 18 पव्वे देशी शराब के साथ पकड़ा है। आरोपित ने पुलिस को चकमा देने की कोशिश की। उसे घेर कर पकड़ लिया गया है। उसके खिलाफ 60 आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267